✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी


✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 123 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 28 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


# श्रवण कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण विकास की नई इबारत

## जीविका ने बदली गांव की तस्वीर : महिला सशक्तिकरण से जल-जीवन-हरियाली तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के गांवों में बदलाव की कहानी अब केवल पक्की सड़कों, आवासों और जल संरचनाओं तक सीमित नहीं है। इस बदलाव के केंद्र में गांव की महिलाएं भी हैं, जिनके हाथों में कभी घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित रहने वाली भूमिका अब रोजगार, कारोबार, बैंकिंग और



आर्थिक फैसलों की ताकत बन चुकी है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के कार्यकाल में जीविका के 1.40 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने, 31.71 लाख जीविका दीदियों को लखपति बनाने, 11.45 लाख से अधिक एसएचजी का नेटवर्क खड़ा करने, महिलाओं को हजारों करोड़ रुपये की सहायता और बैंकों से ऋण उपलब्ध कराने के साथ-साथ जल-जीवन-हरियाली अभियान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर रहा है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को शुरुआती आर्थिक सहायता, आगे दो लाख रुपये तक की सहायता और स्वरोजगार के लिए 10 लाख रुपये तक के प्रावधान ने इस अभियान को और व्यापक बनाया है। दूसरी ओर, तालाबों और आहर-पइन के जीर्णोद्धार, नई जल संरचनाओं, चेक डैम, वर्षा जल संचयन और बड़े पैमाने पर पौधरोपण ने ग्रामीण विकास को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ दिया है। यह बदलाव केवल आर्थिक आंकड़ों में नहीं, गांव के सामाजिक ढांचे में भी दिखाई देता है। तालाब से खेत तक, घर से बाजार तक और स्वयं सहायता समूह से बैंक तक–ग्रामीण विकास की यह यात्रा महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को केंद्र में रखकर आगे बढ़ी है। जीविका के विस्तार, महिला रोजगार योजना, जल-जीवन-हरियाली, आवास और मनरेगा को एक साथ देखने पर बिहार के ग्रामीण विकास की वह तस्वीर उभरती है जिसमें सरकार की योजनाओं का लक्ष्य केवल आधारभूत संरचना खड़ी करना नहीं, बल्कि गांव के परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना भी है।

### स्वयं सहायता समूह से आर्थिक ताकत तक

बिहार में जीविका केवल महिलाओं को एक समूह में जोड़ने की योजना नहीं रही। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का एक बड़ा माध्यम बनी है। स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को बचत, बैंकिंग, ऋण, स्वरोजगार और बाजार से जोड़ा गया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जीविका से 1.40 करोड़ से अधिक परिवार जुड़े हैं और स्वयं सहायता समूहों की संख्या 11.45 लाख से अधिक पहुंच चुकी है। इस नेटवर्क का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम महिलाओं की आर्थिक स्थिति में दिखाई देता है। 31.71 लाख जीविका दीदियों को लखपति घोषित किया जा चुका है। महिलाओं को बैंक क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें विभिन्न प्रकार के उद्यमों से जोड़ा गया। बैंक सखी के रूप में महिलाओं की भूमिका ने गांवों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच भी बढ़ाई।

### 10 हजार की मदद से आगे स्वरोजगार की राह

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बड़ी संख्या में महिलाओं को 10 हजार रुपये की प्रारंभिक सहायता दी गई। अलग-अलग चरणों में लाभार्थियों की संख्या को लेकर सरकारी घोषणाओं में अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं, लेकिन योजना का (शेष पृष्ठ 10 पर)

### नीतीश ने रचा आत्मनिर्भरता का संसार, सम्राट ने दी गति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दो दशक पहले



तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीविका के रूप में जिस पहल की नींव रखी थी, वह आज महिला सशक्तीकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता का बड़ा मॉडल बन चुकी है। गांवों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें रोजगार, स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने की इस पहल ने ग्रामीण बिहार की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बिहार में जीविका की सफलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बाद में केंद्र सरकार ने भी इसी तरह के मॉडल को आधार बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर आजीविका कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। आज जीविका को महिला आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के स्तर पर एक उदाहरण के रूप में देखा जाता है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार इस परियोजना से शुरुआती दौर से ही जुड़े रहे हैं। नीतीश कुमार ने जीविका जैसी महत्वाकांक्षी योजना को गांव-गांव तक पहुंचाने और उसे जमीन पर उतारने के लिए श्रवण कुमार पर भरोसा किया। लंबे समय से ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे श्रवण कुमार ने जीविका के विस्तार और स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने की प्रक्रिया में लगातार भूमिका निभाई है। श्रवण कुमार का कहना है कि जीविका वस्तुतः नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व की देन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इस पहल को नई गति देने के लिए काम कर रहे हैं। उनका मानना है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर ही ग्रामीण परिवारों और समाज को मजबूत किया जा सकता है। जीविका ने महिलाओं को केवल समूहों से जोड़ने का काम नहीं किया, बल्कि उन्हें निर्णय लेने, बचत करने, ऋण प्राप्त करने और अपनी आजीविका खड़ी करने का अवसर भी दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा, 2026 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एक अक्तूबर से शुरू होगी जबकि अभ्यर्थी 21 अक्तूबर तक आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा में कुल 150 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। इनमें 100 अंक पुस्तकालय विज्ञान विषय से और 50 अंक सामान्य ज्ञान से संबंधित होंगे।

### गैराज मालिक की गोली मारकर हत्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के रामकृष्ण नगर थाना इलाके के भूपतिपुर इलाके में अपराधियों ने एक गैराज संचालक की गोलियों से भून दिया। इलाज के दौरान गैराज संचालक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान अंजनी नंदन कुमार के रूप में हुई है। अंजनी नंदन कुमार भूपतिपुर में नंदन ऑटोमोबाइल गैराज चलाते हैं। शनिवार रात गैराज बंद कर वो घर के लिए लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बदमाशों ने अंजनी पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अंजनी को तीन गोली लगी और वो सड़क पर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से भाग निकले।

### जमुई छेड़खानी मामले में दो और आरोपित गिरफ्तार


**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के मड़वा पहाड़ पर नाबालिग छात्रा से छेड़खानी और आपत्तिजनक वीडियो से जुड़े मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रतापुर निवासी सौरभ और छोटू को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ कर मामले में उनकी भूमिका की जानकारी जुटाई जा रही है।

### उप मुख्यमंत्री ने सभी अभियंताओं को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने का दिया निर्देश

# तटबंधों की निगरानी में शिथिलता बरतने पर होगी कड़ी कार्रवाई : विजय चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बारिश ने एक बार फिर से लोगों की चिंताए बिहार में बढ़ा दी है। वहीं उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि नेपाल में गंडक नदी के जल अधिग्रहण क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में वर्षापात सामान्य से काफी अधिक रहा है। वर्तमान में गंडक नदी पर स्थित वाल्मीकिनगर बराज पर 27 सितंबर 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे 4,24,000 क्यूसेक जलश्राव प्रवाहित हुआ और इसकी प्रवृत्ति बढ़ने की है। उक्त प्रवाहित जलश्राव के मद्देनजर सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट



मोड में रखा गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वाल्मीकिनगर बराज से लगभग 80 किलोमीटर ऊपर नेपाल के देवघाट गेज स्थल पर दर्ज वर्तमान जलस्तर के अनुरूप वाल्मीकिनगर बराज पर लगभग पांच लाख क्यूसेक या उससे अधिक जलश्राव शाम तक आने की संभावना है। ज्ञातव्य है कि यह जलश्राव वर्ष 2024 के अधिकतम जलश्राव 5,62,500 क्यूसेक की तुलना में कम रहने की संभावना है। इसके बावजूद विभाग द्वारा सतत निगरानी एवं चौकसी बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि तटबंधों के बेहतर पर्यवेक्षण के लिए गंडक नदी के दोनों तटबंधों पर अतिरिक्त अभियंताओं की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी अभियंताओं को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहते हुए लगातार चौकसी एवं निगरानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में बरती जाने वाली किसी भी प्रकार की शिथिलता को अक्षम्य मानते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल गंगा नदी का जलस्तर कम रहने के कारण गंडक नदी के जल की निकासी गंगा में सुचारू रूप से होने की स्थिति बन रही है जिससे व्यापक जलजमाव या गंभीर बाढ़ का खतरा नहीं होने की संभावना (शेष पृष्ठ 10 पर)

# जिलाधिकारी देंगे कन्या विवाह मंडप निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत विवाह मंडप निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। पंचायती राज विभाग ने स्पष्ट किया है कि तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद विवाह मंडप के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधित जिला पदाधिकारी देंगे। इस संबंध में पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने 24 सितंबर 2026 को सभी जिला पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। विभागीय संकल्प संख्या 8103, दिनांक 27 जून 2025 के तहत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के अंतर्गत विवाह मंडपों का निर्माण कराने की स्वीकृति दी गई थी। संकल्प की कंडिका-7 (द्व) में प्रावधान किया गया था कि विवाह मंडपों के प्राक्कलन पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त की जाएगी। निर्धारित मानक प्राक्कलन के आधार पर स्थल-विशिष्ट प्राक्कलन तकनीकी सहायक या कनीय अभियंता द्वारा तैयार किया जाएगा। इस प्राक्कलन को स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के सक्षम प्राधिकार से तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जाएगी। पंचायती राज विभाग ने मामले पर सम्यक विचार के बाद निर्णय लिया है कि तकनीकी स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद संबंधित जिला पदाधिकारी विवाह मंडप निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति देंगे। विभाग के इस निर्णय से पंचायत स्तर पर विवाह मंडपों के निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। योजना के तहत बनने वाले मंडप ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह समारोहों के लिए स्थानीय स्तर पर सुविधा उपलब्ध कराने के साथ पंचायतों में सार्वजनिक उपयोग के आधारभूत ढांचे को भी मजबूत करेंगे।

# सारण-मुजफ्फरपुर के बीच गंडक नदी पर बनेगा पुल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सारण जिले के तरैया से मुजफ्फरपुर जिले को जोड़ने के लिए गंडक नदी पर एक पुल का निर्माण होने जा रहा है। तरैया के चंचलिया से मुजफ्फरपुर के पारू स्थित फतेहाबाद तक प्रस्तावित इस 3.86 किलोमीटर लंबे पक्के पुल के लिए जमीन लेने की प्रक्रिया तेज हो गई है। जिला भू-अर्जन विभाग ने सामाजिक असर के अध्ययन की रिपोर्ट के आधार पर 49.1802 एकड़ जमीन लेने को मंजूरी दे दी है। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए तरैया क्षेत्र के तीन अलग-अलग मौजों से जमीन ली जाएगी। इसमें अरदेवा में 23.7822 एकड़, चंचलिया में 25.2270 एकड़ और शंकरडिह में 0.1710 एकड़ जमीन शामिल है। पटना के एलएन मिश्रा संस्थान ने जमीन अधिग्रहण से पहले इलाके के लोगों और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर का पूरा सर्वे तैयार किया था। एक्सपर्ट ने 20 अगस्त 2026 को सर्वे रिपोर्ट की जांच की और अपनी सहमति दी। जांच में पाया गया कि इस पुल के बनने से इलाके के लोगों को जो फायदा होगा वह इसकी लागत से कहीं ज्यादा है। सर्वे में सामने आया कि जमीन के अलावा लोगों के रोजगार या किसी सार्वजनिक संपत्ति पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा। इस बड़े पुल और अप्रोच रोड के बनने से नदी पार करने में लगने वाला समय, नाव या लंबे रास्ते का खर्च और दुर्घटना का खतरा काफी कम हो जाएगा। यह नया रास्ता मुजफ्फरपुर के साथ-साथ छपरा, सीवान और गोपालगंज के लोगों को भी आने-जाने के लिए एक बेहतर ऑप्शन मिलेगा। विशेषज्ञ समिति ने आम जनता के हित को देखते हुए जमीन मालिकों को नई नीति के तहत जल्द से जल्द उचित मुआवजा देने की बात कही है। समाहर्ता (जिलाधिकारी) स्तर से भी इस 49.1802 एकड़ जमीन को लोकहित के लिए सही पाया गया है। अब नियमानुसार जमीन मालिकों को मुआवजा देकर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## मॉडल स्कूलों का निरीक्षण करेगी शिक्षा विभाग की टीम

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य में खुले सभी मॉडल स्कूलों का 30 सितंबर को अधिकारियों की टीम निरीक्षण करेगी। इस दौरान विद्यालयों में किए गए बदलावों की अद्यतन स्थिति का मुआयना किया जाएगा। शिक्षा विभाग के सचिव ने इस संबंध में निर्देश दिया है और इसके लिए अधिकारियों की टीम भी बनाई गई है। विभाग ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि राज्य सरकार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी जिलों में सरस्वती विद्या निकेतन के नाम से मॉडल स्कूल खोले गए हैं। विभाग ने तय किया है कि मॉडल स्कूलों के निरीक्षण के दौरान अधिकारी स्कूलों की आधारभूत संरचना, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संचालित कोचिंग और अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। निरीक्षण से संबंधित फोटो एवं वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किए जाएंगे।

# 10 करोड़ का साइबर ठग निकला पंचायत सचिव टोनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल।** जिले के कलेर से पंचायत सचिव टोनी कुमार को मध्य प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्रवाई बिहार एसटीएफ और कलेर थाना पुलिस की मदद से की गई। टोनी कुमार के खिलाफ मध्य प्रदेश के रायगढ़ थाने में साइबर अपराध का मामला दर्ज है। पुलिस उसे गिरफ्तारी के बाद अपने साथ मध्य प्रदेश ले गई है। पुलिस के अनुसार टोनी कुमार के खिलाफ करीब 10 करोड़ रुपये की साइबर ठगी से जुड़े मामले की जांच चल रही है। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि पिछले एक साल में टोनी कुमार ने 132 सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था। अब पुलिस इन सिम कार्ड और उनसे जुड़े इस्तेमाल की जानकारी खंगालेगी। कलेर के बीडीओ सुशील कुमार के अनुसार, शनिवार रात मध्य प्रदेश पुलिस की टीम बिहार एसटीएफ के साथ टोनी कुमार को गिरफ्तार करने पहुंची थी। इसके बाद कलेर थाना पुलिस की मदद से कार्रवाई पूरी की गई। गिरफ्तारी के बाद रायगढ़ पुलिस टोनी कुमार को अपने साथ ले गई। टोनी कुमार कलेर में पंचायत सचिव के तौर पर काम कर रहा था। सरकारी पद पर रहते हुए साइबर अपराध के मामले में उसकी गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर भी इसकी चर्चा हो रही है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों की पूरी सच्चाई पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष के आरोप तथ्यहीन एवं बेबुनियाद : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को सचिवालय स्थित संवाद कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिहार में कराये गये विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर अपनी राय रखी। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर स्थिति स्पष्ट करते हुये कहा कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं पारदर्शी तरीके से पूरी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में 24 जून से 25 जुलाई 2025 तक एसआईआर की प्रक्रिया चली। एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में शामिल नामों का सत्यापन किया गया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान मृत व्यक्तियों, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके लोगों तथा एक से अधिक स्थानों पर दर्ज मतदाताओं से संबंधित प्रविष्टियों का



सत्यापन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों की पात्रता को लेकर कोई समस्या थी उनके लिए दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की पूरी व्यवस्था उपलब्ध रही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में जब राबड़ी देवी मुख्यमंत्री थीं तब एसआईआर कराया गया था और फिर जब वर्ष 2025 में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे उस समय एसआईआर कराया गया। एसआईआर के नाम पर विपक्ष भ्रम फैला रहा है। विपक्षी नेताओं के पास कोई फैक्ट नहीं है, सिर्फ आरोप लगा रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने 2003 की मतदाता सूची को ऑनलाइन उपलब्ध कराया था ताकि वर्तमान एसआईआर में पात्र मतदाता अपने पुराने विवरण का सत्यापन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान निर्धारित दस्तावेजों के आधार पर मतदाता विवरण का सत्यापन किया गया। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद आधार कार्ड को भी पहचान संबंधी दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि आधार पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकार्य है लेकिन यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा एसआईआर को लेकर उठाए गए सवालों का उल्लेख करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा संबंधित मामलों पर स्थिति स्पष्ट की जा चुकी है। यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा किसी प्रकार की वास्तविक शिकायत है तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसे सामने लाया जाना चाहिए। अभी तक इस तरह की कोई शिकायत नहीं आयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है लेकिन उन्हें तथ्य और प्रमाण के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी किसी शिकायत के लिए निर्वाचन आयोग के साथ-साथ न्यायिक व्यवस्था भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया बिहार के सभी क्षेत्रों में निर्धारित नियमों के तहत पूरी की (शेष पृष्ठ 10 पर)






C M Y K

# भारतीय संस्कृति और विरासत से जुड़ने का सशक्त माध्यम है 'नमस्ते न्यूजीलैंड': डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड दौरे के क्रम में बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय महावाणिज्य दूतावास, ऑकलैंड की ओर से श्री स्वामीनारायण मंदिर परिसर, पापाटोएटो में आयोजित 'नमस्ते न्यूजीलैंड 2026' सांस्कृतिक महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विदेशों में आयोजित ऐसे सांस्कृतिक आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपराओं और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं की विरासत है। भारतीय भाषाएं, त्योहार, संगीत, नृत्य, पारिवारिक मूल्य और जीवनशैली देश की विशिष्ट पहचान हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए न्यूजीलैंड की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना विशेष रूप से जरूरी है। भारतीय संगीत, नृत्य, भाषाओं और परंपराओं से जुड़ाव बच्चों और युवाओं में अपनी पहचान और विरासत के प्रति गर्व की भावना विकसित करता है। आर्थिक प्रगति और आधुनिकता के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत का महावाणिज्य दूतावास, ऑकलैंड भारतीय संस्कृति, भाषाओं और मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे आयोजन भारत और न्यूजीलैंड के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, विविधता के सम्मान और बहुसांस्कृतिक समाज की भावना में विश्वास रखने वाले मित्र देश हैं। न्यूजीलैंड में रह रहा भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग का महत्वपूर्ण सेतु है। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने आयोजन की सफलता के लिए कलाकारों, स्वयंसेवकों, सामुदायिक संगठनों और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि यह आयोजन आने वाले वर्षों में और व्यापक रूप ले तथा भारतीय संस्कृति की विरासत को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बना रहे। इस अवसर पर ऑकलैंड के महावाणिज्य दूत डॉ. मदन मोहन सेठी, न्यूजीलैंड की सांसद डॉ. परमजीत परमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।ग

## 'मन की बात' जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने न्यूजीलैंड प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की 138वीं कड़ी को ऑनलाइन माध्यम से सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, पोषण, खेल प्रतिभाओं की खोज और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने जनगणना में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का भी आह्वान किया। 'मन की बात' सामान्य नागरिकों के सकारात्मक प्रयासों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का प्रभावी माध्यम बन गया है। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जनभागीदारी को इससे नई प्रेरणा मिल रही है। अध्यक्ष ने श्रद्धेय अशोक सिंहल की जन्मशती पर प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें स्मरण किए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि उनका जीवन समाज और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने बिहारवासियों से 'मन की बात' में दिए संदेशों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता, पर्यावरण, नशामुक्ति, पोषण, खेल और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और 'सबका प्रयास' की भावना से ही विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं.-2, बेली रोड में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं.-2, बेली रोड, पटना में 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत 'थीम के अंतर्गत' विकसित भारत 2047 विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों पालियों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम पाली से छात्र आदित्य एवं छात्रा नव्या तथा द्वितीय पाली से छात्रा आकांक्षा और छात्र अलख ने अपने ओजस्वी विचारों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मिथिलेश कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर प्रथम पाली की उप-प्राचार्या मधु कुमारी एवं द्वितीय पाली के उप प्राचार्य राजीव रंजन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वाद-विवाद कौशल का विकास करना तथा उन्हें विकसित भारत 2047 के संकल्प से जोड़ना था। कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार सफलतापूर्वक किया गया। इसी अवसर पर विद्यालय परिसर में चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## प्रकृति और संस्कृति के संगम का प्रतीक करम महोत्सव : मंत्री श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमशेदपुर/पटना।** ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि करम पर्व केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, भाईचारे और संस्कृति से जुड़ने का महापर्व है। कुड़मी समाज ने अपनी संस्कृति और परंपरा को आज भी जीवित रखा है जो पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। मंत्री ने यह बातें रविवार को जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में कुड़मी सेना राष्ट्रीय कमिटी की ओर से आयोजित विशाल करम महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होते हुए कहीं। मंत्री ने आगे कहा कि करम डाली भाई-बहन के अटूट प्रेम, प्रकृति की रक्षा और समृद्धि का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें और प्रकृति का सम्मान करें। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार सभी समाज और वर्गों की संस्कृति के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कुड़मी सेना राष्ट्रीय कमिटी को इस सफल और भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं।

**करम महोत्सव एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपराः राज्यपाल**

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने संदेश में कहा कि कुड़मी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित राष्ट्रीय करम महोत्सव एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा है जो लोगों, प्रकृति और उनकी सांस्कृतिक विरासत के बीच गहरे संबंध को दर्शाती है। यह महोत्सव कृतज्ञता, सद्भाव, सामुदायिक भावना तथा प्रकृति के प्रति सम्मान जैसे मूल्यों को अभिव्यक्त करता है। ऐसी परंपराएं न केवल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करती हैं, बल्कि सामाजिक संबंधों को मजबूत करने और पर्यावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने आयोजकों एवं सभी प्रतिभागियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महोत्सव के सफल होने की कामना की। कार्यक्रम में करम डाली की विधि-विधान से पूजा की गई। इसके साथ ही पारंपरिक लोक संस्कृति, लोक गीत-संगीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में कुड़मी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कुड़मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो, राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द महतो, प्रदेश अध्यक्ष विशाल महतो, सलाहकार डॉ. सनत महतो, लालचंद महतो, त्रिनयन कुमार, सदस्य रोहित कुमार, प्रवीण महतो आदि मौजूद रहे।

### मगध सम्राट जरासंध महाराज की जयंती सह स्वाभिमान रैली की तैयारी को लेकर राज्यस्तरीय बैठक

## एनडीए सरकार में चंद्रवंशी समाज के हित में हुए कार्य : प्रमोद चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पटना के हार्डिंग रोड स्थित सभागार में आज मगध सम्राट जरासंध महाराज की जयंती सह स्वाभिमान रैली की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आगामी 28 नवंबर को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में प्रस्तावित इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए बिहार के 32 जिलों से अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी चेतना परिषद एवं अति पिछड़ा चेतना परिषद के लगभग 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की। बैठक का शुभारंभ मगध सम्राट जरासंध महाराज एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें प्रमोद सिंह चंद्रवंशी को चंद्रवंशी समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में स्वीकार करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही आगामी जयंती सह स्वाभिमान रैली की तैयारी के लिए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में तैयारी समिति के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में राजगीर में एनडीए सरकार द्वारा मगध सम्राट जरासंध महाराज की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने, जरासंध स्मारक पार्क के निर्माण तथा प्रत्येक वर्ष मगध सम्राट जरासंध महाराज का राजकीय सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्णय के लिए सरकार के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र एवं बिहार की एनडीए सरकार के कार्यकाल में चंद्रवंशी समाज एवं अति पिछड़ा समाज के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। पंचायती राज एवं नगर निकायों में आरक्षण, जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इतने कम समय के आह्वान पर बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों का पटना पहुंचना चंद्रवंशी समाज के एकजुटता और सामाजिक चेतना का परिचायक है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि समाज का स्नेह, प्रेम और अपनापन उन्हें निरंतर ऊर्जा प्रदान करता है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि 'मैं विधायक या सांसद बनूं या न बनूं, लेकिन चंद्रवंशी समाज और अति पिछड़ा समाज के साथ जब भी अन्याय और अत्याचार होगा, मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहा हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा।' उन्होंने सभी प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 28 नवंबर की स्वाभिमान रैली को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने के लिए आज से ही पूरी तैयारी में जुट जाएं।

## बिहार में निःशुल्क इसीजी जांच का लगातार विस्तार, 11.43 लाख से अधिक जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार में आम लोगों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क ईसीजी जांच की सुविधा का लगातार विस्तार किया जा रहा है। अप्रैल 2025 से 26 सितंबर 2026 तक राज्य में 11.43 लाख से अधिक ईसीजी जांच की जा चुकी हैं। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क ईसीजी जांच कराने वाले मरीजों को 10 मिनट के भीतर तकनीकी व्याख्या के साथ जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही है। इसका उद्देश्य हृदय संबंधी संभावित समस्याओं की समय पर पहचान कर मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और उपचार उपलब्ध कराना है। ईसीजी जांच की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रैल-जून 2025 में 15,086, जुलाई-सितंबर में 57,440, अक्टूबर-दिसंबर में 1,43,943 तथा जनवरी-मार्च 2026 में 2,57,605 जांच हुईं। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 3,11,903 और जुलाई से 26 सितंबर 2026 तक 3,57,928 ईसीजी जांच दर्ज की गईं। वर्तमान में जिला अस्पताल से लेकर प्रखंड स्तर तक 606 सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध है। इनमें जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में जांच की सुविधा मिल रही है और निजी अस्पतालों तक जाने, समय तथा अतिरिक्त यात्रा खर्च से राहत मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि निःशुल्क ईसीजी सेवा का विस्तार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मरीजों को नजदीकी सरकारी संस्थानों में आवश्यक जांच उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण है। इससे हृदय संबंधी संभावित समस्याओं की समय पर जांच और पहचान में सहायता मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य राज्य के प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी, समय पर और प्रभावी तरीके से पहुंचाना है। 606 संस्थानों में सुविधा और 11.43 लाख से अधिक जांच सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती पहुंच को दर्शाती है।

## कस्तूरी नृत्यांगन चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया माता की चौकी सह डांडिया महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कस्तूरी नृत्यांगन चैरिटेबल ट्रस्ट के 5वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को द ऑरम बैंक्वेट, पाटलिपुत्र में माता की चौकी सह डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू, विशिष्ट अतिथि उर्मिला मिश्रा, आकांक्षा चित्रांश, ट्रस्ट की चेयरपर्सन एवं संयोजक डॉ. मौसम शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था के बच्चों गायक विजय कुमार और गायिका पापिया गांगुली ने अपने शानदार प्रस्तुति से सबको झुमाया। भक्ति और संगीत से सराबोर माहौल में आयो रे शुभ दिन आयो रे, माँ काली से मिलकर कहना गरबा खेलेंगे, मीठे रस से भरो री राधा रानी लागे, नगाड़े संग ढोल बाजे, उड़ी उड़ी जाए, वाग्यो रे ढोल, कृष्णा गोविंदा हरे मुरारी और पल्लो लटके रे म्हारो पल्लो लटके जैसे गीतों पर डांडिया-गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट से जुड़े बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू ने कहा कि कस्तूरी नृत्यांगन चैरिटेबल ट्रस्ट का यह आयोजन सेवा, संस्कृति और बच्चों की प्रतिभा का सुंदर संगम है। जरूरतमंद बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर देना सराहनीय पहल है। मैं संस्था के स्थापना दिवस पर पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं। वहीं ट्रस्ट की चेयरपर्सन एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. मौसम शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा और कला के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है।

## मन की बात का 138 वां एपिसोड पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सुना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मन की बात का 138 वां एपिसोड पूर्व उप मुख्यमंत्री सह विधायक कटिहार ने अपने आवासीय कार्यालय में लोगों के साथ सुना। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए सर्जिकल स्ट्राइक के 10 साल पूरे होने पर इस संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक देश की साहसिक नीति का बड़ा उदाहरण है। वार्ताक्रम में प्रधानमंत्री ने विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंघल के जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित रहा। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर समाज जागरण तक उनका दृढ़ नेतृत्व और अटूट संकल्प राष्ट्र के पुनर्जागरण में महत्वपूर्ण रहा। प्रधानमंत्री ने गुजरात के मोटेरा सूर्य मंदिर की चर्चा करते हुए उसके विध्वंस के 1000 साल पूरे होने की बात कहते हुए मोटेरा को देश का पहला सोलर विलेज बताया। उन्होंने जनगणना को राष्ट्रीय जिम्मेदारी बताते हुए लोगों से ऑनलाइन पंजीकरण की भी अपील की और उत्तराखंड के माना गांव से इसके जुड़ाव का जिक्र किया।

## 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवॉर्ड शो' में डॉ. आनंद रंजन झा को मिला 'बेस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ' सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मुंबई।** 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवॉर्ड शो 2026' का भव्य आयोजन मुंबई में किया गया जिसमें देशभर के 100 उत्कृष्ट संस्थानों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा, वैशाली, बिहार के निदेशक एवं संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा को 'बेस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ 2026' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर सोनू शर्मा तथा हैलो डिजिटल इंडिया के डायरेक्टर अमजद साठे ने डॉ. आनंद रंजन झा को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दीप प्रज्वलन समारोह में कैरियर मिशन की ट्रस्टी किरण कुमारी भी सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. आनंद रंजन झा ने सफलता के लिए तीन महत्वपूर्ण बातों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा अगर भविष्य सुधारना है तो वर्तमान को सुधारना होगा। उनके अनुसार व्यक्ति को अपने आज के समय, कार्य और प्रयासों पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि वर्तमान में किए गए बेहतर प्रयास ही भविष्य की दिशा निर्धारित करते हैं। दूसरे सूत्र के रूप में उन्होंने स्किल डेवलपमेंट पर जोर देते हुए कहा कि कुछ बेहतर करने के लिए अपने कौशल को लगातार विकसित करना जरूरी है। बदलते समय के साथ नई तकनीक और नई क्षमताओं को सीखना सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तीसरे सूत्र के रूप में उन्होंने विजुअलाइजेशन की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अपनी उपलब्धियों और सकारात्मक अनुभवों को दूसरों के साथ साझा करना व्यक्ति को आगे बेहतर करने के लिए उत्साहित करता है और उसके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर शशिश कुमार तिवारी, सोनू शर्मा, अमजद साठे, बिहार से आए विकास कुमार, तरुण सिन्हा, मुंबई के यश आहीर, ज्योति, प्रीति सहित कई लोगों ने डॉ. आनंद रंजन झा से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ सेल्फी लेकर पल को यादगार बनाया गया। डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी अतिथियों, शुभचिंतकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान कैरियर मिशन की पूरी टीम और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का सम्मान है।

## सड़क सुरक्षा के संदेश के साथ 800 प्रतिभागियों ने लगाई स्केटिंग मैराथन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, युवाओं में यातायात अनुशासन एवं जिम्मेदार सड़क व्यवहार को प्रोत्साहित करने और बिहार में रोलर स्केटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज जेपी गंगा पथ, पटना में रोड सेफ्टी स्केटिंग मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें 800 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उस आयोजन बिहार के अलावा नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के भी 105 खिलाड़ियों ने शिरकत किया। कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात पुलिस, पटना के तत्वावधान में किया गया। मैराथन में 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी की श्रेणियां रखी गईं। मुख्य अतिथि अपर महानिदेशक यातायात, बिहार सुधांशु कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात पुलिस की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को सड़क सुरक्षा से जोड़ने के लिए खेल और फिटनेस को प्रभावी माध्यम बताया।

## सरस मेले में बिखरी बिहार की हुनर की खुशबू, सात दिनों में कारोबार ढाई करोड़ पार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सरस मेला अब समापन की ओर रुख कर चुका है। 20 सितंबर 2026 से जारी इस मेले का 29 सितंबर को समापन होने वाला है। लिहाजा शिल्प, स्वाद और कलाकृतियों के शौकीन जमकर खरीददारी कर रहे और लजीज खाद्य व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं। रविवार को सप्ताहांत की छुट्टी के दिन खरीददारों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ। छुट्टी का दिन और सरस मेले के समापन के महज दो दिन शेष रहने के कारण लोगों ने जमकर खरीददारी की और देशी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। ज्ञान भवन परिसर सुबह से ही आगंतुकों से खचाखच भरा रहा। मेला में देश के विभिन्न प्रदेशों की लोककलाओं पर आधारित परिधानों की खूब मांग है। बावनबूटी, सिक्की कला, सुजनी, काथा, भरवा कला से बने परिधानों की जमकर बिक्री हुई। सारण जिला के दिघवारा प्रखंड से आई रीता देवी इस बार के मेले की स्टार उद्यमियों में से एक बन गई हैं। रीता देवी ने अकेले एक लाख रुपये से अधिक की कुर्ती और सलवार सूट की बिक्री की है। रीता देवी श्याम जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। जीविका के सहयोग से इन्हें अपने परिधानों की बिक्री के लिए सरस मेला जैसा बड़ा राष्ट्रीय प्लेटफार्म मिला है। रीता देवी ने मायके से मिली सिलाई मशीन और उनकी मां से मिले हुनर को स्वरोजगार से जोड़ा। उन्होंने अपनी मिनी परिधान फैक्ट्री में 18 जीविका दीदियों को रोजगार भी उपलब्ध कराया हुआ है। रीता देवी की सबसे बड़ी खासियत है कि वे कपड़ों के कतरन से भी उत्पाद बनाती हैं। उन्होंने सुजनी, काथा, गुदरी और भरवा कला को कुर्ती और सलवार सूट पर बखूबी उकेरा है और इसी तरह के परिधानों की मांग सरस मेला में सबसे ज्यादा है।

## शिक्षा और रोजगार बढ़ाना युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, रोजगारपरक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा सरकारी विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा को अनिवार्य करने की दिशा में योजना तैयार करने का निर्देश स्वागतयोग्य है। डिजिटल युग में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान देना समय की आवश्यकता है। सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का विस्तार बिहार के विद्यार्थियों को बदलती दुनिया की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा।

## प्रसिद्ध कथाकार बलराम को दिया जाएगा 'उदयराज सिंह स्मृति सम्मान'



बलराम | गिरीश पंकज | रूबी भूषण | प्रशान्त रमण रवि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** चर्चित साहित्यिक पत्रिका 'नई धारा' द्वारा वर्ष-2026 का 20वां उदयराज सिंह स्मृति सम्मान प्रसिद्ध कथाकार बलराम को दिया जाएगा जिसके तहत उन्हें एक लाख रुपए सहित सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न आदि अर्पित किए जाएंगे। इसके साथ ही चर्चित व्यंग्य लेखक गिरीश पंकज (रायपुर), चर्चित कथा लेखिका रूबी भूषण (पटना) एवं युवा कवि प्रशान्त रमण रवि (चम्बा, हिमाचल प्रदेश) वर्ष -2026 के 'नई धारा रचना सम्मान' से नवाजे जाएंगे जिसके तहत सभी लेखकों को 25-25 हजार रुपए सहित सम्मान पत्र, प्रतीक चिह्न आदि अर्पित किए जाएंगे। इस आशय की घोषणा रविवार को एक 'नई धारा' के प्रधान संपादक डॉ. प्रमथराज सिंह ने की। उन्होंने बताया कि इन सम्मानों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखक पद्मश्री डॉ. अशोक चक्रधर की अध्यक्षता में एक चयन समिति बनाई गई थी जिसके अन्य सदस्य थे प्रसिद्ध गीतकार डॉ. लक्ष्मीशंकर वाजपेयी और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. देवेन्द्र चौबे। 'नई धारा' के संपादक डॉ. शिवनारायण ने बताया कि वर्ष -2026 का सम्मान जिन लेखकों को दिए जाने की घोषणा की गई है, उन्हें आगामी 28 नवम्बर, 2026 को पटना में आयोजित एक भव्य समारोह में विभूषित किया जाएगा।

# फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लूट की साजिश रच रहे पांच गिरफ्तार

**दारोगा और बिहार पुलिस कमांडो की वर्दी में थे आरोपी** ▸ **दो देशी कट्टा, चार कारतूस समेत हथियार व पुलिस से जुड़ी सामग्री बरामद**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शिवसागर थाना क्षेत्र में पुलिस ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लूट की योजना बना रहे गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में एक व्यक्ति दारोगा की वर्दी में जबकि दूसरा बिहार पुलिस कमांडो की वर्दी में था। पुलिस ने इनके कब्जे से दो देशी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, एक पिस्टल जैसा दिखने वाला साउंड गन, पांच मोबाइल फोन, कार, फर्जी नंबर प्लेट और पुलिस से संबंधित कई सामान बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के निर्देश पर यह कार्रवाई 26 सितंबर की रात शिवसागर थाना क्षेत्र के पखनारी स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस का रौब दिखाकर हाईवे किनारे लूट की योजना बनाने के लिए एक सफेद रंग की कार में जुटे हैं। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए एसडीपीओ सासाराम-01 के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप के समीप संदिग्ध कार को घेर लिया। कार से एक व्यक्ति दारोगा की पूरी वर्दी में, दूसरा बिहार पुलिस कमांडो की वर्दी में तथा चालक सहित तीन अन्य व्यक्ति सिविल ड्रेस में मिले। सभी पांचों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। प्रेस वार्ता में डीएसपी गौरव कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि दारोगा की वर्दी पहने व्यक्ति के नेम प्लेट पर 'रजनीश सिंह' लिखा था और वह डबल स्टार लगाए हुए था। पूछताछ में उसने अपना नाम रजनीश सिंह तथा बैच वर्ष 2017 बताया। हालांकि वर्दी पहनने के तरीके और उसके जवाब संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस ने पहचान पत्र की मांग की। आईडी कार्ड की जांच के बाद उसके फर्जी पुलिसकर्मी होने का संदेह पुष्ट हुआ। इसके बाद पुलिस ने पांचों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। मामले में शिवसागर थाना कांड संख्या 322/26, दिनांक 26 सितंबर 2026 को बीएनएस की धारा 338, 336(3), 340(2), 310(4), 205 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-8), 26 और 35 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रवीण सिंह (36), निवासी कोनार, शिवसागर, दिवाकर कुमार सिंह उर्फ दिवाकर मौर्या (34), निवासी अमाव, कैमूर, बिरेन्द्र कुमार (35), निवासी बसतलवा, कुदरा, कैमूर, इशरार आलम (38), निवासी बैरीबांध, करगहर, रोहतास तथा रजनीश कुमार (24), निवासी छितराटांड, चेनारी, रोहतास शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इशरार आलम उर्फ ईरशाद आलम और दिवाकर कुमार सिंह उर्फ दिवाकर मौर्या के विरुद्ध पटना के शास्त्री नगर थाना में भी मामला दर्ज है। शेष आरोपियों के आपराधिक इतिहास का सत्यापन किया जा रहा है। बरामद सामान में दो देशी कट्टा 315 बोर, चार जिंदा कारतूस, 9 एमएम जैसा दिखने वाला एक साउंड गन, पांच एंड्रॉयड मोबाइल, एक चार पहिया वाहन, यूपी नंबर की दो नंबर प्लेट, कमांडो पैटर्न की टी-शर्ट, मंकी मास्क, 'पौलिस' लिखा बोर्ड व स्टीकर, बिहार पुलिस दारोगा का आईडी कार्ड, बिहार पुलिस के बैज लगी दो टोपियां तथा 'पुलिस की चेतावनी' एलईडी लाइट और एडाप्टर शामिल हैं। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक रजेश कुमार ठाकुर, पुलिस अवर निरीक्षक सतीश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक चन्द्रहास कुमार, पुलिस सहायक अवर निरीक्षक सुजीत पासवान तथा शिवसागर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने छापेमारी टीम के इस सराहनीय कार्य के लिए टीम को पुरस्कृत करने की बात कही है।

## नदी में डूबने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** रोहतास थाना क्षेत्र के रोहतासगढ़ पंचायत अंतर्गत तारडीह के समीप आसानी नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान तारडीह निवासी स्व. वृक्ष रजवार के 32 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र रजवार के रूप में हुई है। स्थानीय मुखिया नागेंद्र यादव ने बताया कि सुरेंद्र रजवार रविवार को आसानी नदी पार कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक नदी के गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन गहरे पानी में डूब जाने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद युवक के शव को नदी से बाहर निकाला गया। मुखिया नागेंद्र यादव ने बताया कि घटना की सूचना प्रशासन को दे दी गई है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

## रोहितेश्वर धाम पर महाआरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**पूर्णिमा के अवसर पर भगवान शिव का भव्य श्रृंगार व पूजन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** कैमूर पहाड़ी की 1700 फीट ऊंची चोटी पर स्थित प्रसिद्ध रोहितेश्वर धाम चौरासन शिव मंदिर में पूर्णिमा के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान शिव और मां पार्वती का भव्य श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महाआरती में दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। रोहितेश्वर धाम कमेटी के अध्यक्ष कृष्णा सिंह यादव ने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा को मंदिर में महाआरती के साथ भगवान शिव का भव्य श्रृंगार एवं विशेष पूजन कराया जाता है। इसी क्रम में पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना की। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। महाआरती के बाद आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। पुरोहित राजीव मिश्रा, मुकेश कुमार पाठक और घनश्याम मिश्रा ने बताया कि पूर्णिमा के दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना विशेष फलदायी मानी जाती है। इस अवसर पर भगवान शिव और मां पार्वती का श्रृंगार व पूजन करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति मिलती है। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के मुकेश सिंह, संतोष कुमार भोला, अजय देव, राजबली सिंह, सुभाष सिंह, नंदकिशोर यादव, महावीर डॉक्टर यादव, नाकु यादव, रामाशीष यादव जगन्नाथ यादव, सुशील कुमार, शंकर यादव, कमलेश यादव, मुकेश कुमार यादव, उदय कुमार यादव, बैजनाथ यादव, दिनेश यादव, गौरीशंकर समेत अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क टेस्ट सीरीज शुरू, परीक्षा जैसा माहौल मिलेगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए रविवार को एक नई पहल की शुरुआत की गई। रविवार को एनीकट रोड स्थित गैस गोदाम के समीप आयोजक जन सेवक अनुज कुशवाहा के कार्यालय परिसर में निःशुल्क टेस्ट सीरीज का उद्घाटन महिला कालेज डालमियानगर के प्राचार्य अशोक कुमार, जनसेवक अनुज कुशवाहा, ज्योतिषाचार्य अनुज मिश्र व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम से पहले सुबह 10 बजे अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क टेस्ट आयोजित किया गया। आयोजक अनुज कुशवाहा के अनुसार निःशुल्क टेस्ट सीरीज में सीटीईटी, बीपीएससी, एसएससी, बिहार पुलिस, दरोगा, रेलवे सहित अन्य प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। नियमित टेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी तैयारी में मदद मिलेगी। इस मौके पर प्रधानाचार्य बली राव, विनोद पासवान, मनोज सिंह, विमल सिंह, उर्मिला देवी, गिरजाधारी पासवान, मनोज पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह ने दिया उल्लेखनीय तकनीकी योगदान : विधायक सोनू सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त होने जा रहे मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह के सम्मान में ई. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह के दीर्घ एवं गौरवशाली सेवा काल तथा तकनीकी योगदान की सराहना की। विधायक सोनू सिंह ने कहा कि अजय कुमार सिंह ने अपने लगभग 37 वर्षों के सेवाकाल में जल संसाधन विभाग की कई महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के तकनीकी डिजाइन से लेकर उनके गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग पर उनकी मजबूत पकड़, दूरदर्शिता और तकनीकी दक्षता के कारण सिंचाई एवं जल प्रबंधन के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्यों को गति मिली। उन्होंने बताया कि अजय कुमार सिंह ने 31 अगस्त 1989 को बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी से जल संसाधन विभाग में अपनी सेवा शुरू की थी। लगभग 37 वर्षों की समर्पित सेवा के बाद वे 30 सितंबर 2026 को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। सहायक अभियंता मणि शंकर तिवारी ने कहा कि फल्गु नदी पर निर्मित गया जी रबर डैम के मुख्य हाइड्रोलिक एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन तथा स्थल पर उसके सफल और रिकॉर्ड समय में निष्पादन में अजय कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मड़ई वियर योजना, तियरा पंप नहर योजना, जैतपुर पंप नहर योजना, निकृष पंप नहर योजना, कुंदर बराज, अपर किऊल योजना और धड़हड़ पंप नहर योजना सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में भी उनका तकनीकी योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सोन-कोहीरा लिंक नहर योजना भी उनकी महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियों में शामिल है जिसका क्रियान्वयन वर्तमान में प्रगति पर है। इन परियोजनाओं को जल संसाधन विभाग एवं बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उन्होंने अजय कुमार सिंह के योगदान को प्रेरणादायक बताया। समारोह में शाहाबाद के चारों जिलों में पदस्थापित जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह के दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

## आवास प्लस-2024 की सूची पर ग्राम सभाएं आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** रविवार को डिहरी प्रखंड की मझिआंव और अकोढ़ी पंचायतों में आवास प्लस-2024 की सूची पर ग्राम सभाएं हुईं। मझिआंव पंचायत भवन में हुई सभा की अध्यक्षता मुखिया अनिल कुमार ने की। पंचायत सचिव राजीव रंजन, आवास सहायक रूपेश कुमार, सरपंच मुनिलाल और स्वच्छता पर्यवेक्षक उमेश राम मौजूद थे। आवास सहायक ने बताया कि पंचायत में 460 लाभुकों का चयन हुआ। पात्रता पर सूची पढ़कर चर्चा हुई, सुझाव भी लिए गए। योग्य गरीबों को आवास मिलेगा, छूटे लोग डॉक्यूमेंट के साथ आवेदन दे सकते हैं, जांच के बाद नाम सूची में आ जाएगा। अकोढ़ी गोला प्रखंड की अकोढ़ी पंचायत भवन में भी ग्राम सभा हुई। मुखिया किरण देवी ने अध्यक्षता की। पंचायत सचिव शिल्पी कुमारी, आवास सहायक मंजूषा कुमारी और स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रकाश कुमार मौजूद थे।

## पंचायत विकास दिवस मना, सुना गया मन की बात कार्यक्रम का 138वां एपिसोड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रविवार को बिक्रमगंज प्रखंड के घुसिया खुर्द पंचायत के पंचायत भवन परिसर में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं वरीय पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम ने पंचायत विकास दिवस के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी को अपनी समस्या रखने का अधिकार है और पंचायत के विकास के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया विनय प्रकाश चौधरी ने की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 138वां एपिसोड बड़ी श्रद्धापूर्वक सुना गया जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम में जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मुकेश कुमार, पंचायत सचिव इमरान अंसारी, पीआरएस चंद्रशेखर आजाद, आवास सहायक राजकुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक अनूप कुमार, कार्यपालक कृतिका राज, विकास मित्र सुरेश राम सहित ग्रामीण जनता में नवनीत शाह, हरक पासवान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान अधिकारियों ने जिले में चल रहे सेवा संकल्प अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया और पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर रखने हेतु सभी को शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए सभी ने मिलजुल कर कार्य करने का संकल्प लिया।

## भिखू भाई दलसानिया को पुनः बिहार प्रदेश महामंत्री (संगठन) की जिम्मेदारी मिलने पर भाजपाइयों में हर्ष

**अमित पटेल समेत भाजपा नेताओं ने जताई खुशी, संगठन को मिलेगी नई मजबूती**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा में संगठनात्मक फेरबदल के तहत भिखू भाई दलसानिया को पुनः बिहार प्रदेश महामंत्री संगठन की जिम्मेदारी दिए जाने पर रोहतास जिले के भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। भाजपा युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता अमित कुमार पटेल ने भिखू भाई दलसानिया को नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके संगठनात्मक अनुभव और कार्यकुशलता से बिहार में पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी। बताया गया कि अगले वर्ष होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा ने संगठन में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा विभिन्न राज्यों के लिए प्रभारी एवं संगठनात्मक जिम्मेदारियां तय की गई है। बिहार में भिखू भाई दलसानिया को पुनः प्रदेश महामंत्री संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमित कुमार पटेल ने कहा कि भिखू भाई दलसानिया लंबे समय से संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके पुनः बिहार की जिम्मेदारी संभालने से कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है और संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। भिखू भाई दलसानिया को जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, प्यारे लाल ओझा, बबल कश्यप, प्रकाश गोस्वामी, अजय ओझा, संजीव गुप्ता, अमित गुप्ता सहित कई भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## राजद के मजबूत स्तंभ थे सत्येंद्र यादव : कांति सिंह

**नेकदिल इंसान और मृदुभाषी थे सत्येंद्र सिंह : गुड्डू चंद्रवंशी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पाली स्थित बाबा हरि मार्केट में राजद डिहरी के पूर्व युवा नगर अध्यक्ष स्व. सत्येंद्र यादव के ब्रह्मभोज के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में राजद की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कांति सिंह समेत विभिन्न दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने स्व. सत्येंद्र यादव के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कांति सिंह ने कहा कि सत्येंद्र यादव राजद के मजबूत स्तंभ और समर्पित सिपाही थे जब भी उनका डिहरी आने का कार्यक्रम होता था, सत्येंद्र यादव बढ़-चढ़कर उसमें हिस्सा लेते थे और पार्टी के साथियों को भी कार्यक्रम की जानकारी देते थे। उनके निधन से राजद को बड़ी क्षति हुई है। उनकी सक्रियता और मिलनसार व्यवहार को लंबे समय तक याद किया जाएगा। वहीं डिहरी विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रहे गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि सत्येंद्र सिंह नेकदिल और मृदुभाषी इंसान थे। वे सभी लोगों से सहजता और आत्मीयता से मिलते थे।

## 'एक देश, एक कानून' की अवधारणा पर मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** प्रज्ञा प्रवाह जिला इकाई बिक्रमगंज की ओर से सितंबर माह की मासिक व्याख्यानमाला का आयोजन ग्राम बलुआही स्थित ठाकुरवाड़ी परिसर में 'समान नागरिक संहिता' विषय पर किया गया जिसमें समान नागरिक संहिता की अवधारणा, भारतीय विधि व्यवस्था में व्यक्तिगत कानूनों की भूमिका तथा इसके सामाजिक और संवैधानिक पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा प्रवाह के सह संयोजक अजय तिवारी ने किया और दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विषय की प्रस्तावना डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह ने रखते हुए समान नागरिक संहिता की आवश्यकता और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता एवं विभाग संयोजक डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि समान नागरिक संहिता को समझने के लिए भारतीय संविधान, विधिक प्रावधानों तथा देश की सामाजिक विविधता के संदर्भ को ध्यान में रखना आवश्यक है और उन्होंने विषय के विभिन्न संवैधानिक एवं सामाजिक पक्षों पर विस्तार से अपनी बात रखी। वहीं प्रज्ञा प्रवाह के जिला संयोजक डॉ. दिलीप कुमार ने समान नागरिक संहिता को 'एक देश, एक कानून' की अवधारणा से जोड़ते हुए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की ओर ध्यान आकृष्ट कराया और कहा कि समान नागरिक संहिता का विषय संविधान में राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों के अंतर्गत उल्लेखित है और इस पर गंभीर एवं तथ्यपरक विमर्श आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक रामनरेश पाण्डेय, शिक्षक कुश त्रिपाठी, भाजपा के वरिष्ठ नेता मदन प्रसाद वैश्य, कृष्ण मोहन सहित अन्य ग्रामीण वक्ताओं ने भी समान नागरिक संहिता के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए और उपस्थित लोगों ने भी चर्चा में सक्रिय सहभागिता करते हुए विषय से जुड़े प्रश्न और विचार रखे। इस अवसर पर प्रज्ञा प्रवाह के पदाधिकारियों के अलावा शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पांच अक्टूबर को गुजरात से डिहरी पहुंचेंगे भाजपा के 25 बाइकर्स

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा संकल्प अभियान के तहत गुजरात से आ रहे भाजपा के 25 बाइकर्स 5 अक्टूबर को डिहरी पहुंचेंगे। झारखंड के रास्ते रोहतास में प्रवेश करने वाले बाइकर्स के स्वागत की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक हुई। भाजपा जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा के आवास पर प्रधानमंत्री के मन की बात एपिसोड 138 सुनने के बाद डिहरी विधानसभा के मंडल अध्यक्षों और युवा मोर्चा की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जिला महामंत्री ओझा ने सभी मंडल अध्यक्षों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया और कार्यक्रम स्थल के रूप में बाबू वीर कुंवर सिंह स्मारक का चयन करने के लिए प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। बैठक में भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश राज, भाजपा जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बबल कश्यप, जिला महामंत्री इंद्रजीत सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खरीफ मौसम को लेकर किसान गोष्ठी का आयोजन, जैविक खेती पर होगी चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में खरीफ मौसम को लेकर किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दावथ प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर सोमवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे खरीफ किसान गोष्ठी का आयोजन निर्धारित है जिसका मुख्य विषय जैविक खेती है और इसमें सभी कृषकगणों को सादर आमंत्रित किया गया है। वहीं काराकाट प्रखंड में भी कृषि उन्नति योजना के तहत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत खरीफ मौसम वर्ष 2026 में विभिन्न फसलों की तकनीकी जानकारी एवं जैविक व प्राकृतिक खेती से संबंधित विषयों पर परिचर्चा के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी काराकाट द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह कार्यक्रम प्रखंड कृषि कार्यालय काराकाट (गोड़ारी) के प्रांगण में 29 सितंबर 2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे निर्धारित किया गया है। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों एवं किसान बंधुओं को पत्र भेजकर कार्यक्रम में ससमय भाग लेने का अनुरोध किया है। पत्र में परियोजना निदेशक (आत्मा) रोहतास के ज्ञापांक 699, 22.09.2026 का हवाला देते हुए कहा गया है कि खरीफ मौसम में फसलों की बेहतर पैदावार और जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह गोष्ठी आयोजित की जा रही है जिसमें कृषि से जुड़ी नई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। प्रखंड कृषि पदाधिकारियों ने सभी जनप्रतिनिधियों और किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं ताकि जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिल सके और किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक की जानकारी प्राप्त हो सके।

## नवरात्रि आयोजन को लेकर नगर पूजा समिति की बैठक, दिवंगत मंत्री को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर नगर पूजा समिति, रोहतास- सासाराम की दूसरी बैठक रविवार को महाराजा गार्डेन, बस्ती मोड़ में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डॉ. शिवनाथ चौधरी ने की जबकि संचालन संयोजक कमलेश महतो ने किया। बैठक की शुरुआत नगर पूजा समिति के मंत्री संजय कुमार के असामयिक निधन पर शोकसभा से हुई। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। वक्ताओं ने संजय कुमार के समिति एवं सामाजिक कार्यों में योगदान को याद करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। इसके बाद नवरात्रि एवं दशहरा आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। पूजा पंडालों की समस्याओं, सुरक्षा, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था तथा प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय को लेकर रणनीति बनाई गई। लाइसेंसी बंधुओं की समस्याओं एवं सुझावों पर भी चर्चा करते हुए समयबद्ध समाधान का भरोसा दिया गया। इस अवसर पर वर्ष 2025 में भारी वर्षा के कारण प्रशस्ति पत्र से वंचित रहे लाइसेंसी बंधुओं को आज पुनः नगर पूजा समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बिचौलियों पर भड़के प्रभारी सीओ, झांसे में न आएं भूमिहीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** अकोढ़ीगोला अंचल में अभियान बसेरा-2 के तहत भूमिहीन परिवारों से आवेदन लेने के दौरान बिचौलियों के सक्रिय होने की सूचना पर अकोढ़ीगोला प्रभारी अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार ने कड़ी नाराजगी जताई है। सीओ ने स्पष्ट कहा है कि कोई भी भूमिहीन व्यक्ति अपना आवेदन किसी बिचौलिए को न दें और न ही बिचौलिए के माध्यम से अंचल कार्यालय में आवेदन भिजवाए। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अभियान बसेरा-2 के तहत पात्र भूमिहीन परिवारों को आवासीय (वास) भूमि उपलब्ध कराई जानी है। इसके लिए सभी पंचायतों में 22 से 25 सितंबर तक शिविर का आयोजन किया गया था। अब तक अंचल में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सीओ ने अपील की है कि जो भी भूमिहीन हैं और योजना के पात्र हैं, वे 29 सितंबर तक सीधे अंचल कार्यालय, पंचायत के कर्मचारी के पास या बिहार सरकार के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन मिलने के बाद जांच कर पात्र लाभुकों को आवासीय भूमि दी जाएगी, इसके लिए किसी बिचौलिए को पकड़ने की जरूरत नहीं है। अगर कोई व्यक्ति जमीन दिलाने के नाम पर पैसे मांगता है या आवेदन दिलाने का झांसा देता है तो उसकी शिकायत सीधे अंचल कार्यालय में आकर करें, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आवास प्लस 2024 के तहत पाण्डेयगंगौट व कौआकोल पंचायतों में आमसभा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल**। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2024 के माध्यम से योग्य परिवारों का चयन कर सूची तैयार करने को लेकर रविवार को कौआकोल प्रखंड की पाण्डेयगंगौट एवं कौआकोल पंचायत में आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा के माध्यम से सर्वेक्षण में शामिल परिवारों की पात्रता एवं सूची के संबंध में ग्रामीणों के बीच जानकारी साझा की गई। पाण्डेयगंगौट पंचायत में आयोजित आमसभा की अध्यक्षता मुखिया दीपक कुमार ने की। वहीं, कौआकोल पंचायत में आयोजित आमसभा की अध्यक्षता मुखिया नीभा कुमारी ने की। दोनों पंचायतों में आयोजित आमसभा में पंचायत के जनप्रतिनिधियों,संबंधित कर्मियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। आमसभा में आवास प्लस 2024 के तहत सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हित किए गए परिवारों की सूची पर चर्चा की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि योजना के तहत निर्धारित पात्रता के आधार पर योग्य परिवारों का चयन किया जाना है। इस दौरान सूची में शामिल परिवारों के संबंध में ग्रामीणों से आवश्यक जानकारी एवं सुझाव भी लिए गए, ताकि पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित नहीं रह सकें। इस अवसर पर पंचायत सचिव सुजीत चौधरी, आवास सहायक किशन कुमार, सरपंच मो. अराफात आजम, कार्यपालक सहायक रौशन कुमार, ब्यूटी कुमारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि, कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आमसभा के दौरान संबंधित कर्मियों ने ग्रामीणों को आवास योजना से जुड़ी प्रक्रिया एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। बताया गया कि सरकार के निर्देशानुसार आवास प्लस 2024 के तहत सर्वेक्षण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आवासहीन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पात्र परिवारों को चिह्नित कर सूची तैयार की

# बुजुर्गों के बीच मनाया जन्मदिन, बांटी खुशियां और जरूरत की सामग्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। रोटरी क्लब ऑफ नवादा के सचिव प्रहलाद प्रसाद सागर की पुत्री काव्या के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को नवादा स्थित वृद्ध आश्रम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। काव्या ने वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों तथा रोटरी क्लब के सदस्यों के बीच अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान बच्ची ने केक काटकर सभी के साथ खुशियां साझा कीं। बुजुर्गों ने भी काव्या को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जन्मदिन समारोह को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए रोटरी क्लब ऑफ नवादा की ओर से वृद्ध आश्रम में रहने वाले जरूरतमंद महिला एवं पुरुषों के लिए कपड़े तथा अनाज उपलब्ध कराया गया। क्लब के सदस्यों ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों को जरूरतमंद लोगों के बीच मनाने से खुशियां और भी सार्थक हो जाती हैं। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उनकी



बातें भी सुनी गईं तथा उनके साथ आत्मीयता से बातचीत की गई। रोटरी क्लब के इस पहल से वृद्ध आश्रम का वातावरण काफी खुशनुमा हो गया। बुजुर्गों ने काव्या को आशीर्वाद दिया और क्लब के सदस्यों के प्रति आभार जताया। सभी ने भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ नवादा के अध्यक्ष नीरज कुमार लोहानी, सचिव प्रहलाद प्रसाद सागर, पूर्व असिस्टेंट गवर्नर नवीन कुमार सिन्हा छवि, अविनाश चंद्र गुप्ता, नित्यानंद प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, पंकज साव, मनोज कुमार, शंभू प्रसाद सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में वृद्ध आश्रम केयरटेकर बबिता कुमारी को कपड़े एवं अनाज सहित सभी सामग्री उपलब्ध कराई गई।

## एक नजर

### 3000 लीटर जावा महुआ पुलिस ने किया नष्ट

नारदीगंज (नवादा)। शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शनिवार शाम इचुआ के गांव के समीप में छापेमारी की। थानाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पुलिस टीम ने देशी शराब की भट्ठी को पूरी तरह नष्ट कर दिया। मौके पर मौजूद लगभग 3000 लीटर जावा महुआ को भी पुलिस जवानों ने नष्ट कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस  धंधे में शामिल धंधेबाजों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ जल्द ही कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### वैज्ञानिक बकरी पालन से ग्रामीण आजीविका को मिलेगा बढ़ावा

**कौआकोल**। एसएआरएएल प्रोजेक्ट के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में "ग्रामीण आजीविका के लिए बकरी पालन के वैज्ञानिक तरीके" विषय पर आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उन्नत बकरी पालन तकनीक, उपयुक्त नस्ल का चयन एवं नस्ल सुधार, संतुलित पोषण, आवास प्रबंधन, रोगों की पहचान एवं रोकथाम, टीकाकरण, प्रजनन प्रबंधन तथा बकरी एवं बकरी उत्पादों के बेहतर विपणन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीकी ज्ञान को व्यवहार में उतारने तथा अपने गांवों के अन्य पशुपालकों को भी वैज्ञानिक बकरी पालन के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कोर्स कोऑर्डिनेटर रजत रंजन, विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार सहित अन्य विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सह सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

### बरनवाल नवयुवक संघ की नई कमेटी गठित



**नवादा**। बरनवाल युवा मंच के बैनर तले बरनवाल नवयुवक संघ (बरनवाल सेवा समिति) की बैठक शनिवार, 26 सितंबर को  आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बरनवाल सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार ज्वेलर्स ने की। उनके नेतृत्व में सर्वसम्मति से नवयुवक संघ की नई कमिटी का गठन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से देवेश चंद्र को बरनवाल नवयुवक संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा आलोक कुमार मिट्ठू को उपाध्यक्ष, संजीत कुमार शिक्षक को सचिव, प्रहलाद कुमार कोर्ट को उपसचिव, अजित कुमार को कोषाध्यक्ष, आनंद कुमार एसबीआई को उप-कोषाध्यक्ष, जय प्रकाश प्रबंधक को मीडिया प्रभारी, रौशन कुमार को उप मीडिया प्रभारी, सत्येंद्र कुमार योग शिक्षक एवं सुभाष कुमार को संगठन मंत्री तथा संतोष कुमार मेडिकल को नगर संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उपेंद्र, प्रदीप, शंभु, जितेंद्र, उमेश, विपुल, रंजीत एवं सतीश को शामिल किया गया। नवगठित कमिटी के पदाधिकारियों को बरनवाल महिला समिति की अध्यक्ष माधुरी बरनवाल एवं सचिव रेखा वैरायटी ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बरनवाल सेवा समिति के उपाध्यक्ष सुजीत कुमार (मथुरा ज्वेलर्स) ने नई टीम को बधाई देते हुए समाजहित में आगे की रणनीति तैयार करने की बात कही। समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार ने भी नई टीम को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान नवयुवक संघ की नई टीम की ओर से खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से समाज के युवाओं को एकजुट रहने तथा एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का संदेश दिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नवगठित कमिटी के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

# घोसी विधायक ने परिवार वालों को बंधाया ढांढ़स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। घोसी विधायक ऋतुराज कुमार शनिवार को पकरीबरावां प्रखंड के डुमरावां गांव पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत शिक्षिका वीणा राय के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली और शिक्षिका के निधन पर दुख व्यक्त किया। विधायक ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में उनकी संवेदना परिजनों के साथ है। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। मौके पर दिलीप कुमार रंजन, रंजीत कुमार, शुभम कुमार, गोरेलाल सिंह, रामप्रवेश कुमार, अभय कुमार, अशोक सिंह, अभय कुमार, चंद्रमोली सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राजद नेता ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात

**पकरीबरावां**। वारिसलीगंज विधानसभा की विधायक अनीता के पति राजद नेता अशोक महतो शनिवार को धमौल बाजार पहुंचे और सड़क दुर्घटना के शिकार हुए अशोक लाल के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घटना की पूरी जानकारी मृतक के पुत्र टिंकू बरनवाल से ली और परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया। उन्होंने परिजनों को ढांढ़स बंधाया और कहा कि इस दुख की घड़ी में उनकी संवेदना परिवार के साथ है। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही। मौके पर पूर्व विधायक प्रदीप कुमार, पूर्व उप प्रमुख गजाधर यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# क्षमावाणी महापर्व पर जैन धर्मावलंबियों ने की एक-दूसरे से क्षमायाचना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। विश्व बंधुत्व, आत्मशुद्धि और परस्पर प्रेम का संदेश देने वाला जैन धर्मावलंबियों का महापर्व 'क्षमावाणी' रविवार को परंपरागत श्रद्धा एवं धार्मिक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने वर्षभर में जाने-अनजाने हुई भूलों के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांगी तथा भविष्य में आपसी सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। नवादा जिला मुख्यालय स्थित भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि श्री गोणावां सिद्ध क्षेत्र एवं श्री दिगम्बर जैन मंदिर में दैनिक अभिषेक-पूजन के उपरांत क्षमावाणी सार की धार्मिक आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम जिनेंद्र प्रभु से क्षमायाचना की। इसके बाद परस्पर मिलकर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से हुई भूलों के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांगी। नवादा शहर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में कार्यक्रम काफी धूमधाम से मनाया गया । बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया । पूजा की  बोली भी लगाई गई ।  कार्यक्रम में ममता जैन, अर्चना जैन, लक्ष्मी जैन, सुलोचना जैन, अभिषेक जैन, ऋषभ जैन, शैलेश जैन, शुभम जैन, सत्येंद्र जैन, मोनू जैन सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं दिगम्बर जैन मंदिर में अभय जैन, मनोज जैन, विजय जैन, विनोद जैन, संजय जैन, ज्ञान चंद जैन, राजेश जैन, जय कुमार जैन, सुनील जैन, अनिल जैन, मुकेश जैन, उदय जैन, निशु जैन, बाबू जैन, अमन जैन, सोनू जैन सहित अन्य पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। महिला श्रद्धालुओं में चंदा जैन, ममता जैन, संतोष जैन, सुनीता जैन, विनिता जैन, लकी जैन, सपना जैन, राजुल जैन, सरोज जैन, रीता जैन, मंजू जैन, नीतू जैन एवं रजनी जैन आदि शामिल थीं। सभी ने क्षमावाणी के संदेश को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# शिक्षक समाज बिहार की शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव : डॉ. दिव्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जन सुराज की ओर से नवादा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की प्रत्याशी डॉ. दिव्या ज्योति ने कहा कि शिक्षक समाज बिहार की शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव है। शिक्षकों की समस्याओं, सम्मान और अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाने की आवश्यकता है। जन सुराज ने 20 सितंबर को डॉ. दिव्या ज्योति को पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया था। डॉ. दिव्या ज्योति ने कहा कि जिस तरह बांकीपुर में बदलाव की आवाज उठी है, उसी तरह पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र भी बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को केवल चुनावी चर्चा तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सम्मान, अधिकार, समस्याओं और बेहतर प्रतिनिधित्व से जुड़े विषयों पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए शिक्षकों की भागीदारी और उनके अनुभवों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिक्षक समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इन्होंने कहा कि आगामी 6 अक्टूबर को नामांकन कराया जाएगा। इसके लिए इन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को पटना आने का न्योता दिया है। प्रेस वार्ता के बाद पार्टी के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह की अध्यक्षता में पटना स्नातक एवं शिक्षक  निर्वाचन को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। इस अवसर पर नालंदा जोन प्रभारी डॉ मधुकर कुमार, पटना शिक्षक निर्वाचन प्रभारी ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, सह प्रभारी अशोक सिंह, नालंदा जोन मीडिया प्रभारी अजय कुमार, जिला महासचिव सरयू प्रसाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष ललन शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार, संसदीय प्रभारी उमेश प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी महताब आलम सहित जन सुराज के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नालंदा

# राजगीर में मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस, पर्यटकों से अच्छे व्यवहार का संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर**। स्थानीय सरस्वती भवन परिसर में राजगीर विकास परिषद एवं इनर व्हील क्लब राजगीर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यटन दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडलाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, आरक्षी उपाधीक्षक संजीत कुमार गुप्ता, संरक्षक डॉ. विश्वेन्द्र प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

अध्यक्षता संरक्षक महेंद्र प्रसाद यादव ने की। एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि राजगीर की पवित्र भूमि को भगवान महावीर, भगवान बुद्ध सहित अनेक संतों की भूमि होने का गौरव प्राप्त है। इसकी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के कारण देश-विदेश से पर्यटक यहां पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों को पर्यटकों के साथ बेहतर व्यवहार करना चाहिए, ताकि वे राजगीर की प्राकृतिक छटा के साथ यहां के लोगों के अच्छे व्यवहार की याद भी अपने साथ लेकर जाएं।आरक्षी उपाधीक्षक संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस तत्पर है। राजगीर में 24 घंटे पुलिस गश्ती की व्यवस्था की गई है। उन्होंने विधि-व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की।डॉ. विश्वेन्द्र प्रसाद ने राजगीर को स्वच्छ रखने में स्थानीय लोगों की भूमिका पर जोर दिया। आई.पी.पी. अनीता गहलौत ने विश्व पर्यटन दिवस के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर पर्यटन स्थलों पर आधारित चित्र प्रतियोगिता आयोजित की गई। एसडीओ ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों सहित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समारोह में सुधीर कुमार उपाध्याय, श्रवण कुमार यादव, उपेंद्र विभूति, जीरो देवी, डॉ. राजीव रंजन समेत कई लोग मौजूद रहे।

# जर्जर भवन में संचालित भारत स्काउट एवं गाइड का कार्यालय, पुनर्निर्माण की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। भारत स्काउट एवं गाइड नालंदा का जिला कार्यालय लंबे समय से जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। भवन की छत और अन्य हिस्सों की स्थिति खराब होने के कारण कार्यालय के संचालन के साथ-साथ स्काउट-गाइड की विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में भी परेशानी हो रही है। जर्जर भवन में बच्चों, प्रशिक्षकों और पदाधिकारियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2015 में विधायक श्रवण कुमार और सांसद कौशलेन्द्र कुमार के प्रयास से नालंदा कॉलेजिएट प्लस टू विद्यालय, बिहारशरीफ परिसर में भारत स्काउट एवं गाइड के जिला कार्यालय के लिए दो कमरे उपलब्ध कराए गए थे। वर्तमान में भवन की छत समेत कई हिस्से काफी जर्जर हो चुके हैं। पूर्व में दो बार करकट की छत काटकर कार्यालय की संपत्ति चोरी होने की घटना भी हो चुकी है।इस संबंध में जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जानकारी देकर भवन की मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक समुचित कार्रवाई नहीं हो सकी है। भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रशिक्षण, सेवा कार्य, अनुशासन, नेतृत्व विकास, हाइकिंग समेत कई गतिविधियां संचालित की जाती हैं।भारत स्काउट एवं गाइड नालंदा ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से जर्जर भवन का शीघ्र निरीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत या पुनर्निर्माण कराने की मांग की है, ताकि सुरक्षित वातावरण में गतिविधियों का संचालन हो सके।

# जमीन फर्जीवाड़ा मामले में फरार होने की खबर बेबुनियादः आफरीन सुल्ताना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। पूर्व विधायक पप्पू खान और उनकी पत्नी आफरीन सुल्ताना के जमीन फर्जीवाड़े मामले में फरार होने की खबरों के बीच आफरीन सुल्ताना ने रविवार को प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने मीडिया में चल रही फरारी और पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये के इनाम से संबंधित खबरों को गलत और बेबुनियाद बताया। आफरीन सुल्ताना ने कहा कि वह और उनके पति पप्पू खान फरार नहीं हैं और लगातार लोगों के बीच रह रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधियों द्वारा उन्हें और उनके पति को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की थी, जहां से उन्हें जमानत मिल चुकी है।उन्होंने कहा कि जमीन विवाद से जुड़े सभी दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हैं और मामले से संबंधित पूरी जानकारी न्यायालय के समक्ष रखी गई है। उन्हें उम्मीद है कि



उनके पति पप्पू खान को भी जल्द जमानत मिल जाएगी। आफरीन सुल्ताना ने कहा कि मीडिया में पुलिस द्वारा पप्पू खान पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किए जाने तथा उनके फरार होने की जो खबरें चल रही हैं, वे सही नहीं हैं। गौरतलब है कि पप्पू खान राजद के टिकट पर विधायक रह चुके हैं, जबकि आफरीन सुल्ताना भी राजद की प्रत्याशी रह चुकी हैं। हालांकि वर्तमान में दोनों का राजद से कोई संबंध नहीं है।

# संत बाबा महोत्सव पर श्रद्धालुओं के लिए लगा निःशुल्क भंडारा

## सेवा, श्रद्धा और समर्पण के भाव से नालंदा जिला कांवरिया सेवा शिविर ने कराया आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। संत बाबा महोत्सव के अवसर पर राजा कुआं स्थित संत बाबा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए नालंदा जिला कांवरिया सेवा शिविर के बैनर तले निरूशुल्क भंडारा लगाया गया। भंडारे में बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के बीच उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। भंडारे का आयोजन परविंदर इंटरप्राइजेज प्रा. लि. के निदेशक सह समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा, समाजसेवी प्रवीण कुमार एवं गुिडया देवी के सहयोग से किया गया। समाजसेवी प्रवीण कुमार ने भंडारे का शुभारंभ किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया।इस अवसर पर अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। इसी भावना और श्रद्धा के साथ प्रत्येक वर्ष संत बाबा महोत्सव के मौके पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में सेवा का भाव समाज को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करता है। आयोजकों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भंडारे में भोजन और प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

### श्रमजीवी एक्सप्रेस में शराब के साथ दो गिरफ्तार

**नालंदा**। दिल्ली से राजगीर आने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस शराब तस्करी का जरिया बनी हुई है। रेल पुलिस की ढिलाई के बीच पुलिस ने रविवार को नालंदा मोड़ के पास छापेमारी कर तीन बोतल (750 एमएल) अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को रंगे हाथ दबोच लिया।थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी खेतों की ओर भागने लगे, जिन्हें खदेड़कर पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शोभा बीघा गांव निवासी सुधांशु कुमार पिता- राजीव कुमार और राहुल कुमार पिता- लल्लू चैधरी के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शराब का मुख्य सप्लायर पखवाड़ा गांव का अमित कुमार है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है, जबकि मुख्य सप्लायर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### चार लाख के जेवर व नकदी चोरी

**इसलामपुर**। इसलामपुर थाना क्षेत्र में चोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। अब पुलिसकर्मियों के घर भी चोरों के निशाने पर आ रहे हैं। नगर के उत्तरी पटेल नगर मोहल्ले में अज्ञात चोरों ने एक पुलिस जवान के बंद घर का ताला तोड़कर करीब चार लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और एक लाख रुपये नकद चोरी कर ली। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल है। पीड़ित गृहस्वामी नरेश प्रसाद ने बताया कि वह पुलिस विभाग में कार्यरत हैं, जबकि उनकी पत्नी भी नौकरी करती हैं। घर के एक सदस्य की तबीयत खराब होने के कारण परिवार के सभी लोग घर में ताला लगाकर इलाज के लिए पटना गए थे। इसी दौरान चोरों ने सुनसान घर को निशाना बनाया। चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए और सभी कमरों के ताले तोड़ दिए। इसके बाद गोदरेज और बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे एक लाख रुपये नकद तथा करीब चार लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर इसलामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### राजगीर तांगा यूनियन के पदाधिकारियों का निर्विरोध चुनाव

**राजगीर**। राजगीर तांगा यूनियन के पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव में पप्पू यादव को अध्यक्ष, श्यामदेव राजवंशी को उपाध्यक्ष, मुन्नीलाल राजवंशी को सचिव, दिलीप यादव को सहसचिव तथा संजय चैधरी को कोषाध्यक्ष चुना गया।चुनाव संपन्न होने के बाद यूनियन के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने तांगा चालकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और उनके हित में कार्य करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि तांगा चालकों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष मुद्दे उठाए जाएंगे तथा यूनियन को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों को साथ लेकर काम किया जाएगा।

### स्वास्थ्य शिविर में 220 लोगों की जांच

**बिहारशरीफ**। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा की ओर से रविवार को विस्तारित भवन, श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया। करीब 220 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जबकि 35 लोगों की मधुमेह जांच की गई। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. शंभू कुमार, फिजिशियन डॉ. इंद्रजीत कुमार, डॉ. वीरेंद्र कुमार व डॉ. अखिलेश कुमार, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार व डॉ. रितेश कुमार, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. शहजाद आलम तथा ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप कुमार ने मरीजों की जांच की। रेड क्रॉस के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि जरूरतमंद और असहाय लोगों को निरूशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शिविर नियम्रित रूप से आयोजित किया जा रहा है। मरीजों ने इस पहल की सराहना की। शिविर के संचालन में कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित सहित कार्यकारिणी व आजीवन सदस्यों ने पंजीकरण, कतार प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

# महिला हुई नशाखुरानी गिरोह की शिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। थाना क्षेत्र के वारिसलीगंज मोड़ पर पिपरापोखर की एक महिला नशाखुरानी गिरोह का शिकार हो गई। पिपरापोखर गांव निवासी प्रमोद पासवान की पत्नी कृति कुमारी ने बताया कि पकरीबरावां के वारिसलीगंज बस स्टैंड पर दो लोगों ने उनसे अलीगंज जाने के लिए भाड़ा मांगा और कहा कि वह भूखा है खाने के लिए उसके पास पैसे नहीं हैं। जब वह बोली कि उसके पास पैसा नहीं है तो वह किसी से भी दिलवा देने की बात कहा। इस बीच एक अन्य युवक उसके पास आया और पूछने लगा क्या हुआ। पूछने के बाद उस व्यक्ति ने दोनों को 40 रुपए दिए। इसके बाद दोनों महिला के पीछे पीछे चलते हुए हनुमान नगर मोहल्ला जाने वाली गली में अलंकार ज्वेलर्स के मकान तक आया। महिला के चेहरे पर रुमाल रखा जिससे महिला बेहोश हो गई। उसका मोबाइल एवं सोने की अंगूठी एवं सोने का अन्य सामान लेकर दोनों भाग गए। दोनों ने उस महिला को एक इंजन रिक्शा पर बिठा दिया। जब महिला को होश आया तो देखा कि उसके सारे सामान गायब है। वह मामले की सूचना डायल 112 को दी  सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की। इधर, पीड़िता ने पकरीबरावां थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। पकरीबरावां थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। उन्होंने आमजनों से अपील की है कि ऐसे संदिग्ध लोग अगर कहीं भी दिखें या जानकारी मिले तो तत्काल पकरीबरावां थाना के सरकारी नंबर पर सूचना दें।

# जलजमाव और कीचड़ से परेशान धर्मपुर के ग्रामीण, पक्की सड़क निर्माण की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरमेरा**। ससौर पंचायत के धर्मपुर गांव स्थित वार्ड नंबर 12 में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते पर जलजमाव और कीचड़ के कारण लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों के अनुसार, इसी रास्ते से होकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चे भी आते-जाते हैं। रास्ता खराब रहने के कारण छोटे बच्चों को विद्यालय पहुंचने में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत की ओर से समस्या के समाधान के लिए पक्की सड़क बनवाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द



जल निकासी की व्यवस्था कराने के साथ पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग की है। पंचायत की मुखिया कुमारी प्रेमलता ने बताया कि वार्ड नंबर 12 की समस्या से विभाग को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही विभाग की ओर से समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पितृपक्ष मेला के दूसरे दिन विष्णुपद क्षेत्र में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंच व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 के दूसरे दिन आज विष्णुपद क्षेत्र में देश के विभिन्न राज्यों से आए तीर्थयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान एवं तर्पण करने के लिए विष्णुपद मंदिर एवं आसपास के घाटों पर पहुंचे। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर स्वयं विष्णुपद क्षेत्र पहुंचे और करीब तीन घंटे तक लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विष्णुपद मंदिर क्षेत्र, घाट एवं श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्गों का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, कतार व्यवस्था, साफ-सफाई, स्वयंसेवकों की तैनाती सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। भीड़ को व्यवस्थित एवं नियंत्रित रखने के लिए जिलाधिकारी स्वयं श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर उन्हें कतारबद्ध करवाते नजर आए। उन्होंने मौके पर तैनात पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में भीड़ को अनियंत्रित नहीं होने दिया जाए तथा श्रद्धालुओं को निर्धारित कतार के माध्यम से सुरक्षित एवं सुगम तरीके से मंदिर एवं घाट तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**एनसीसी एवं स्काउट गाइड के बच्चों की सेवा भावना की डीएम ने की सराहना**

विष्णुपद क्षेत्र में एनसीसी एवं स्काउट गाइड के बच्चे लगातार श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराने, उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाने तथा आवश्यक सहयोग प्रदान करने में जुटे हुए थे। जिलाधिकारी ने स्वयं इन बच्चों के कार्यों को देखा और उनकी सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस समर्पण और अनुशासन के साथ एनसीसी एवं स्काउट गाइड के बच्चे तीर्थयात्रियों की सहायता कर रहे हैं, वह सराहनीय है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे इसी तरह पूरी सेवा भावना के साथ श्रद्धालुओं की मदद करते रहें तथा विशेष रूप से वृद्धजनों, महिलाओं एवं जरूरतमंद तीर्थयात्रियों का विशेष ध्यान रखें।

**वृद्ध एवं जरूरतमंद श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर से पहुंचाया जा रहा घाट एवं मंदिर**

विष्णुपद क्षेत्र में कुछ स्वयंसेवी युवाओं एवं बच्चों द्वारा वृद्ध एवं असहाय श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर के माध्यम से घाट एवं मंदिर तक पहुंचाकर दर्शन एवं पिंडदान में सहयोग किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने इस सेवा कार्य को भी देखा तथा स्वयंसेवकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला केवल धार्मिक आस्था का आयोजन ही नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग एवं मानवता की भावना का भी प्रतीक है। वृद्ध एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं को जिस प्रकार स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग दिया जा रहा है उससे तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है। उन्होंने स्वयंसेवकों को इसी समर्पण के साथ आगे भी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि विष्णुपद क्षेत्र, घाटों, आने-जाने वाले मार्गों एवं श्रद्धालुओं की आवाजाही वाले प्रमुख स्थानों पर सफाई कर्मियों की लगातार तैनाती रहे तथा आवश्यकता के अनुसार तत्काल सफाई कराई जाए। कूड़ा-कचरा जमा होने की स्थिति उत्पन्न न हो तथा स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने पाए।

# अंतर महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट में मिर्जा गालिब कॉलेज गया की टीम उपविजेता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** मिर्जा गालिब कॉलेज, गया की टीम ने खेल के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए मगध विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 में उपविजेता का खिताब हासिल किया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में टूर्नामेंट का आयोजन मिर्जा गालिब कॉलेज द्वारा चाकंद हाईस्कूल, चाकंद के खेल परिसर में किया गया। फाइनल मुकाबला गया कॉलेज, गया और मिर्जा गालिब कॉलेज, गया की टीम के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक मुकाबले में गया कॉलेज की टीम ने मिर्जा गालिब कॉलेज को 2-1 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। मिर्जा गालिब कॉलेज की ओर से रोहित कुमार ने एक गोल किया जबकि गया कॉलेज की ओर से सनी राज और ऋषभ कुमार ने गोल दागे। मैच का उद्घाटन मिर्जा गालिब कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने फीता काटकर एवं फुटबॉल पर किक मारकर किया। पूरे मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और मैदान पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मुकाबले में परवेज आलम ने रेफरी की भूमिका निभाई। मसूद अख्तर एआर-1, अजीत कुमार एआर-2 तथा प्रकाश सोलंकी चतुर्थ ऑफिशियल रहे। गया कॉलेज के सनी राज को मैन ऑफ द मैच तथा मिर्जा गालिब कॉलेज के खिलाड़ी मो. महताब को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इस अवसर पर आजाद हाईस्कूल चाकंद के अध्यक्ष सैयद इरफान अशरफ, सचिव सैयद अनवर सबाउद्दीन, चाकंद थानाध्यक्ष शिवम कुमार, एसआई मो. खुर्शीद आलम, मो. कैसर, शमीम अहमद, सैयद नियाजुद्दीन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। गया फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से मो. खतीब उपस्थित रहे और उन्होंने मैच में कमेंट्री भी की। क्षेत्र के सम्मानित सदस्यों में मोहम्मद ऐनुद्दीन, मो. लईक खान एवं मो. जावेद सलीम समेत अन्य लोग मौजूद थे। कॉलेज की ओर से चेयरमैन काउंसिल अशफाक अली, मो. औरंगजेब, अध्यक्ष शासी निकाय, शकील अहमद खान, सचिव शासी निकाय, डॉ. मो. अली हुसैन, प्राचार्य तथा शिक्षाविद सदस्य एस.एम. ओबैदुल्लाह उपस्थित रहे। इसके अलावा डॉ. मोहम्मद शहाबुद्दीन, डॉ. जोफैल हसन, डॉ. मोहम्मद सफदर अली, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. शब्बीर आलम, डॉ. मोहम्मद साबिर, डॉ. एस.एम. आसिफ अली, डॉ. सारिम अब्बास, डॉ. अकील अहमद, डॉ. जेबा काजमी एवं सुश्री लुबना अंबरीन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

# 14 साल से फरार दो वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**कोंच (गया)(नबिटा सं.)।** कोंच पुलिस ने न्यायालय के वारंट पर कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसआई संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुंड़ेरा गांव में छापेमारी कर 14 साल से फरार वारंटी मिथिलेश कुमार को गिरफ्तार किया। दूसरी कार्रवाई में कोंच डीह गांव से फरार वारंटी महेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था। थानाध्यक्ष ने बताया कि मेडिकल जांच और आवश्यक प्रक्रिया के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पितृपक्ष में तीर्थ यात्रियों के लिए पीएनबी ने उपलब्ध कराए निशुल्क तिपहिया वाहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** पितृपक्ष के दौरान गया में पिंडदान के लिए आने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए पंजाब नैशनल बैंक ने पहल करते हुए रेलवे स्टेशन गया से चांद चौरा तक निशुल्क तिपहिया वाहन सेवा उपलब्ध कराई है। 27 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे पंजाब नैशनल बैंक के मंडल कार्यालय, गया में मंडल प्रमुख चैता कुमार पंडा ने दो तिपहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दोनों वाहनों का उपयोग पिंडदान के लिए आने वाले तीर्थ यात्रियों को रेलवे स्टेशन गया से चांद चौरा तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर चैता कुमार पंडा ने कहा कि पितृपक्ष के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गया पहुंचते हैं। ऐसे में तीर्थ यात्रियों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने का उद्देश्य उन्हें पिंडदान की धार्मिक प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करना है। निशुल्क वाहन सेवा से रेलवे स्टेशन से चांद चौरा तक जाने वाले तीर्थ यात्रियों को सुविधा मिलेगी। वाहनों को रवाना किए जाने के दौरान मंडल कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने करतल ध्वनि से इसका स्वागत किया। पीएनबी की इस पहल को पितृपक्ष के दौरान गया आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बैंक की सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहल के रूप में देखा जा रहा है। इस मौके पर मुख्य प्रबंधक उपेंद्र चतुर्वेदी, मुख्य प्रबंधक प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे।

# सिद्ध काव्य वाटिका में 74 वीं कवि गोष्ठी का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बड़की डेल्हा, खरखुरा रोड स्थित सिद्ध काव्य वाटिका में 74 वीं कवि गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार नन्द किशोर सिंह की अध्यक्षता में उल्लासपूर्ण एवं साहित्यिक वातावरण में किया गया। गोष्ठी में कवियों ने अपनी विविध रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को भाव, विचार और संवेदना से समृद्ध किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभयानन्द मिश्र ने पितृपक्ष के अवसर पर 'पितृ सेवा' कविता का भावपूर्ण पाठ किया। इसके बाद रणजीत कुमार ने 'कृष्ण की विरह वेदना', श्यामसुन्दर मिश्र ने 'निर्गुण', धर्मेन्द्र कुमार ने 'यह गयाजी धाम है', दशरथ प्रसाद ने 'फिरौती', अनुराग कुमार ने 'एक नई सोच' तथा विनोद बरबिगहिया ने 'सुघर बेटी' कविता प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब सराहना प्राप्त की।

# किशन पटनायक की पुण्य तिथि पर सासाराम में गोष्ठी की तैयारी

## सासाराम में होगा समाजवादियों का जुटान : डॉ.रामनाथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** देश के जाने- माने प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक किशन पटनायक की 22 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी की तैयारी को लेकर सासाराम में एक बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता तैयारी समिति के वरिष्ठ साथी बबन बिद्रोही ने की। बैठक में उपस्थित समाजवादी चेतना मंच स्तम्भकार ,पूर्व जिला पार्षद एवं प्रबंधक डॉ. रामनाथ तथा बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आगामी 29 सितम्बर, 2026 को 9 बजे पूर्वाह्न से लेकर 4 बजे अपराह्न तक दो सत्रों में सासाराम स्थित कुशवाहा सभा भवन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। प्रथम सत्र में किशन पटनायक सहित अन्य समाजवादी नेताओं तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर चर्चा एवं स्थानीय साथियों का सम्बोधन होगा जिसकी अध्यक्षता किसान नेता भोलानाथ सिंह तथा संचालन लोक समिति के जिलाध्यक्ष युवा साथी आशुतोष कुमार करेंगे। नेता द्वय ने कहा कि किशन पटनायक, डॉ राम मनोहर लोहिया के जमाने में समाजवादी आन्दोलन के युवा नेता थे। वे समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। किशन जी 32 वर्ष के उम्र में सम्बलपुर (उड़ीसा) लोक सभा क्षेत्र के सदस्य चुने गए थे। नेता द्वय ने बताया कि 1972 ई. में लोहिया विचार मंच की स्थपना से जुड़कर बिहार आन्दोलन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

# बाइक की चोरी

**कोंच (गया) (नबिटा सं.)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रधाना गांव निवासी परशुराम साव की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने कोंच थाना में आवेदन देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार रविवार सुबह 8 से 9 बजे के बीच परशुराम साव आंती रोड स्थित कराई मोड़ के पास अपनी काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक खड़ी कर खेत में समरसेबल डालने गए थे। लौटने पर बाइक गायब मिली। आसपास पूछताछ और खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। चोरी गई बाइक जो उनकी पत्नी वैजयंती देवी के नाम पर निबंधित है। डिक्की में दुकान की चाबी और जरूरी कागजात भी थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका बास्केटबॉल टूर्नामेंट का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** विगत एक सप्ताह से नारायण वर्ल्ड स्कूल की मेजबानी में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार परिसर में चल रहे सीबीएसई राष्ट्रीय बालिका वर्ग बास्केटबॉल प्रतियोगिता के तीनों आयु वर्गों का समापन सम्पन्न हो गया। बालिका बास्केटबॉल टूर्नामेंट के छठे एवं अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल, अनुशासन, टीमवर्क और जीत के जज़्बे का प्रदर्शन किया। कई दिनों तक चले लीग मुकाबलों और नॉकआउट चरण के बाद अंतिम दिन सर्वश्रेष्ठ टीमों ने अपना दमखम दिखाया और चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

**अंडर-14 बालिका वर्ग**

फाइनल मुकाबले में मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र ने विद्यानिकेतन पब्लिक स्कूल, उल्लाल, बेंगलुरु को 22ऽ16 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस वर्ग में द्वितीय उपविजेता श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो एवं सनफ्लावर वैदिक स्कूल, हैदराबाद रहे। अंडर-17 का फाइनल बेहद रोमांचक रहा। सैक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चंडीगढ़ ने वेलाम्मल विद्यालय, चेन्नई को 26ऽ22 से हराकर चैंपियनशिप जीती। जबकि द्वितीय उपविजेता डीपीएस ईस्ट बेंगलुरु एवं राजागिरी पब्लिक स्कूल, एर्नाकुलम की टीम रही।

**अंडर-19 बालिका वर्ग अर्थात** सीनियर वर्ग के फाइनल में आईटीएम ग्लोबल स्कूल, ग्वालियर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेरठ पब्लिक स्कूल, मेरठ को 57-39 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। इस वर्ग में द्वितीय उपविजेता कैलाश मानसरोवर विद्यालय, सेलम एवं संत अतुलानंद रेजिडेंशियल अकादमी, वाराणसी की टीम रही। शुरुआती लीग मुकाबलों से लेकर अंतिम फाइनल तक प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रतिभा, अनुशासन, संघर्ष, टीम भावना और खेल भावना का शानदार परिचय दिया।

# एआई से बदलेगा बिहार पर्यटन का अंदाज, विश्व पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार की हजारों साल पुरानी विरासत अब आधुनिक तकनीक के साथ कदमताल करती नजर आएगी। मंदिरों और ऐतिहासिक धरोहरों से लेकर प्राकृतिक स्थलों तक पर्यटन का अनुभव बदलने की तैयारी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल तकनीक, हेली-टूरिज्म और आधुनिक पर्यटक सुविधाओं के सहारे बिहार को देश ही नहीं, बल्कि वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि डिजिटल युग में एआई और आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल के बिना पर्यटन क्षेत्र में आगे बढ़ना संभव नहीं है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार पर्यटन को विकास, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए बड़े स्तर पर काम कर रही है। वर्ष 2025 में बिहार में 6 करोड़ 62 लाख से अधिक पर्यटकों का आगमन इस क्षेत्र की बढ़ती संभावनाओं को दर्शाता है। पर्यटन विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,301 करोड़ रुपये तथा 'प्रगति यात्रा 2025' के तहत 2,710 करोड़ रुपये की 36 प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

**पुनौराधाम से विष्णुपद और हरिहरनाथ तक बदल रहा पर्यटन का परिदृश्य**

बिहार के धार्मिक पर्यटन स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में कई बड़ी परियोजनाएं आकार ले रही है। सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से मां सीता के भव्य एवं दिव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं गया जी में 2,500 करोड़ रुपये की लागत से विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर और सोनपुर में 680 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से हरिहरनाथ मंदिर कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। बाबा गरीबनाथ मंदिर, अशोक धाम और अहिल्यास्थान जैसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास पर भी तेजी से काम हो रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल मंदिरों का सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में पर्यटक सुविधाओं, आवागमन, रोजगार और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों का विस्तार करना है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत हेरिटेज ट्रेनों की साफ-सफाई हेतु चला विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** दानापुर मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं यात्रियों के अनुकूल बनाए रखने एवं स्वच्छता जागरूकता के उद्देश्य से दानापुर मंडल में लगातार कई अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत हेरिटेज ट्रेनों की विशेष साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य ऐतिहासिक एवं विरासत महत्व रखने वाली ट्रेनों को स्वच्छ, आकर्षक और यात्रियों के लिए बेहतर बनाना था। अभियान के दौरान हेरिटेज ट्रेनों के बाहरी एवं आंतरिक हिस्सों की गहन सफाई की गई तथा कोचों, खिड़कियों, दरवाजों, सीटों, फर्श और अन्य यात्री सुविधाओं वाले स्थानों को विशेष रूप से साफ किया गया। इसके साथ ही ट्रेन के आसपास के क्षेत्रों में भी स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया और अनावश्यक वस्तुओं को हटाकर परिसर को व्यवस्थित किया गया। सफाई अभियान में रेलवे कर्मचारियों एवं संबंधित कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वच्छता के प्रति यात्रियों एवं आमजन को जागरूक करने का संदेश भी दिया।

# मगध होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में चुनाव पर चर्चा, 75 मरीजों का नि:शुल्क इलाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** कुकरा-बुनियादगंज स्थित मगध होमियोपैथिक अस्पताल में एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई जिसमें अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में वार्षिक चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान 75 मरीजों का नि:शुल्क इलाज कर दवाइयां भी बांटी गईं। मगध होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन, गया जी की आवश्यक बैठक रविवार को मगध होमियोपैथिक अस्पताल, कुकरा-बुनियादगंज में आयोजित की गई। बैठक में संघ की वार्षिक चुनाव प्रक्रिया को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने आपसी सहमति से निर्णय लिया कि संघ का आगामी वार्षिक चुनाव अक्टूबर महीने के अंतिम सप्ताह में कराया जाएगा। संघ के सचिव डॉ. प्रमात कुमार ने सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध किया कि वे अपना वार्षिक शुल्क आगामी 15 दिनों के अंदर जमा कर दें, ताकि निर्धारित समय पर चुनाव कराने में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इधर, डॉ. एम. काकंदवार ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ का परिचय पत्र बनवाने के लिए सभी सदस्यों को अपना रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, निबंधन की छायाप्रति, आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो भी अनिवार्य रूप से जमा करने होंगे। यदि किसी सदस्य को इस संबंध में कोई विशेष जानकारी चाहिए तो वे मोबाइल नंबर 9431416900 पर संपर्क कर सकते हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. संजय प्रसाद, डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. अंजू कुमारी, मेडिको नीलम कुमारी एवं विनय कुमार सहित संघ के अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के साथ-साथ मगध होमियोपैथिक अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल में पहुंचे कुल 75 मरीजों का चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया।

# खाद्य संरक्षा मानकों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई, 11 मामले में अभियोजन को मंजूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। विभिन्न जिलों में लिए गए खाद्य नमूनों की प्रयोगशाला जांच में 11 नमूने असुरक्षित एवं मानकों के विपरीत पाए गए। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा मानकों के उल्लंघन के मामलों में नियमानुसार जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य सचिव सह खाद्य संरक्षा आयुक्त, बिहार कुमार रवि द्वारा विभिन्न जिलों से प्राप्त जांच रिपोर्टों के आधार पर असुरक्षित एवं मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए खाद्य पदार्थों के मामलों में कार्रवाई की गई है। मामले में स्वास्थ्य सचिव सह खाद्य संरक्षा आयुक्त, बिहार कुमार रवि द्वारा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत अभियोजन की मंजूरी प्रदान की गई है। अभिहित अधिकारियों को अधिनियम के तहत सक्षम न्यायालय में अभियोजन दायर करने का निर्देश दिया गया है। यह मामला अधिनियम के उल्लंघन से संबंधित है और जिसके तहत दंड का प्रावधान है। इसमें तीन महीने तक की जेल और 3,00,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

**विभिन्न जिलों में असुरक्षित खाद्य पदार्थों के मामलों में कार्रवाई**

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा प्राप्त जांच रिपोर्टों के आधार पर विभिन्न जिलों में निम्न खाद्य पदार्थों में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। अररिया मैसर्स सेंटर फॉर नेशनल डेवलपमेंट इनीशिएटिव, सिसाउना, बस्ती से हल्दी पाउडर का नमूना संग्रहित किया गया था। जांच रिपोर्ट में नमूने में मेटानिल येलो की उपस्थिति पाई गई।

**शेखपुराः** मैसर्स शिव शंकर होटल, बरबीघा से लिए गए बेसन लड्डू के नमूने में मेटानिल येलो पाया गया। नमूने को असुरक्षित खाद्य घोषित किया गया।

**भोजपुरः** मैसर्स संतोष किराना दुकान, शाहपुर से लिए गए हल्दी के नमूने में लेड क्रोमेट पाया गया और इसे असुरक्षित खाद्य माना गया।

**जमुईः** मैसर्स गोपाल होटल एंड स्वीट्स शॉप, महाराजगंज चौक से लिए गए बेसन लड्डू के नमूने में मेटानिल येलो पाया गया।

**पूर्णियाः** बनमनखी स्थित मैसर्स मोनाज पोद्दार से लिए गए भिंडी के नमूने में बाहरी/अतिरिक्त रंग की उपस्थिति पाई गई और नमूने को असुरक्षित खाद्य घोषित किया गया।

**सीतामढ़ीः** मैसर्स गणपति ट्रेडर्स से लिए गए मल्टी-सोर्स एडिबल वेजिटेबल ऑयल के नमूने में निर्धारित सीमा से अधिक एसिड वैल्यू तथा तेल में घुलनशील सिंथेटिक रंग पाया गया। नमूने को अवर-मानक, असुरक्षित एवं मिसब्रांडेड घोषित किया गया।

**मुजफ्फरपुरः** मैसर्स गोकुल स्वीट्स से लिए गए रोल बर्फी के नमूने में चांदी के वर्क के स्थान पर एल्युमिनियम फॉइल पाए जाने की पुष्टि हुई।

**अररियाः** मैसर्स सेंटर फॉर नेशनल डेवलपमेंट इनीशिएटिव से लिए गए धनिया पाउडर के नमूने में ऑयल सॉल्युबल कलर एवं स्टार्च की उपस्थिति पाई गई और इसे असुरक्षित खाद्य घोषित किया गया।

**पटनाः** दानापुर स्थित मैसर्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट ऑफ द लन्दन बलेरी (काव्या एंटरप्राइजेज) से लिए गए हल्दी पाउडर के नमूने में लेड क्रोमेट पाया गया।

**पटनाः** मैसर्स निखिल एंटरप्राइजेज, गुलजारबाग से लिए गए सौंफ के नमूने में फास्ट ग्रीन एफसीएफ की उपस्थिति पाई गई और इसे असुरक्षित खाद्य घोषित किया गया।

**खगड़ियाः** मैसर्स रौशन पनीर से लिए गए पनीर के नमूने में फॉर्मेलिन एवं स्टार्च की उपस्थिति तथा निर्धारित मानक से कम वसा की मात्रा पाई गई। नमूने को असुरक्षित खाद्य घोषित किया गया। खाद्य संरक्षा विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच एवं मानकों के उल्लंघन के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

संपादकीय

# सुगम परिवहन : अहम उपलब्धि

मध्यप्रदेश जैसे देश के बड़े राज्य में सुगम परिवहन सेवा के नाम से सार्वजनिक परिवहन सेवा की वापसी डॉ. मोहन यादव सरकार की बड़ी उपलब्धि है। क्योंकि समूचे देश में मप्र ही अकेला ऐसा राज्य था, जहां 21 साल पहले लोक परिवहन को भारी घाटे का सबब बताकर बंद कर दिया गया था। इसके बाद प्रदेश की आम जनता सस्ती, सुलभ और नियमित परिवहन सेवा के लिए तरस रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र के मप्र राज्य सड़क परिवहन को बंद कर दिए जाने के बाद राज्य के लोक परिवहन पर पूरी तरह निजी बस ऑपरेटरों का कब्जा हो गया था। इससे दूरस्थ इलाकों के लोग परेशान थे। लेकिन सरकार ने इस समस्या को हल करने के लिए सार्थक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसकी घोषणा पद संभालने के कुछ समय बाद ही की थी। उन्होंने अपना वादा निभा दिया है। इसी के तहत 25 सितंबर को भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न मार्गों के लिए 351 बसों को हरी झंडी दिखाई। फिलहाल ये बसें राज्य के भोपाल सहित सात शहरों में बतौर इंटरसिटी और इंट्रासिटी चलेंगी। धीरे-धीरे इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। सरकार का लक्ष्य प्रदेश की 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक परिवहन सेवा का विस्तार करना है। सेवा के तहत बसों में आधुनिक तकनीक और सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ संचालन की रियल-टाइम निगरानी की जाएगी। इस सेवा के तहत पहले वर्ष 1,500 बसें संचालित करने का लक्ष्य है। इसके बाद हर साल करीब 2500 से 3000 बसें बढ़ाने की योजना है। वर्ष 2031 तक प्रदेश में कुल 15 हजार बसें संचालित करने का लक्ष्य निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि मप्र में 2005 तक मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम की बसें चलतीं थीं जिन्हें 2005 में बंद कर दिया गया था। पहले सारी बसें स्वयं सड़क परिवहन निगम संचालित करता था। लेकिन नए मॉडल में ये बसें पीपीपी ( पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप ) मॉडल पर चलाई जाएंगी। इसी से यह भी तय होगा कि परिवहन के क्षेत्र में पीपीपी मॉडल कितना सफल होता है। यानी कि बसों का संचालन प्राइवेट बस ऑपरेटर ही करेंगे, लेकिन उनकी मॉनिटरिंग सरकार करेगी। इसमें भी इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस मॉडल में निजी बस ऑपरेटरों की भागीदारी बढ़ाने के लिए पारदर्शी अनुबंध प्रणाली और प्रोत्साहन योजनाएं लागू की जाएंगी। निजी ऑपरेटरों को विज्ञापन और कार्गो जैसी गैर-किराया आय के जरिए अतिरिक्त कमाई का अवसर मिलेगा। इसके अलावा आधुनिक डिपो और टर्मिनल सुविधाओं का उपयोग भी किया जा सकेगा। सरकार ने वर्ष 2030-31 तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 14,981 बसें चलाने का लक्ष्य रखा है। बसों में सीसीटीवी और जीपीए लगाए जाएंगे। इससे बसों की लोकेशन की निगरानी हो सकेगी। नए बस टर्मिनल भी पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। यात्रियों को सही टिकट और उचित किराया मिले, इस पर भी फोकस रहेगा। गौरतलब है कि मप्र में राज्य सड़क परिवहन निगम की स्थापना 1962 में मप्र बनने के कुछ साल बाद शुरू हुई थी। एक समय था, जब निगम के 2700 बसें थीं। लेकिन बढ़ते कर्ज, अकुशल प्रबंधन और भ्रष्टाचार ने निगम को गर्त में पहुंचा दिया। स्थिति यहां तक पहुंच गई कि निगम को हर माह 5 करोड़ का घाटा होने लगा। कुप्रबंधन का आलम यह था कि सपनि में प्रति बस औसतन 4 कर्मचारी थे, जबकि प्राइवेट ऑपरेटर इसकी आधी संख्या पर बसे सफलता से फायदे में चलाते हैं। सपनि को बंद करने की प्रक्रिया पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में ही हो गई थी। जिसकी पूर्णाहुति पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर के समय हुई। 2005 में सपनि पर हमेशा के लिए ताले लग गए।

### युगपुरुष श्रद्धेय अशोक सिंघल जी का जन्मशताब्दी वर्ष

# अशोक सिंघल के आदर्श हमारे लिए प्रेरणा स्रोत

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री , भारत**



एक बहुत सुंदर सुभाषित है, ÷वृक्ष कबहुँ नहिं फल भखै, नदी न संचै नीर। परमारथ के कारने, साधुन धरा शरीर।÷ इसका मतलब है कि पेड़ कभी अपने फल स्वयं नहीं खाता, नदी अपना जल अपने पास नहीं रखती। इसी तरह, संत स्वभाव के लोग भी स्वयं को प्राथमिकता ना देते हुए, सदैव दूसरों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं, अपना जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर देते हैं। सदियों से हमारे ऋषियों ने हमें यही सिखाया है कि मानवता के कल्याण के लिए समर्पित जीवन का महत्व व्यक्तिगत उपलब्धियों से कहीं अधिक होता है। श्रद्धेय अशोक सिंघल जी का जीवन इस भावना का पुण्य उदाहरण है।

27 सितंबर से हम स्वर्गीय अशोक सिंघल जी का जन्म-शताब्दी वर्ष मनाने जा रहे हैं। यह एक महान विभूति के सम्मान का सुअवसर है। उन्होंने आध्यात्मिक साधना, सांस्कृतिक जागरण और दशकों तक समर्पित भाव से समाज एवं संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाया।

यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे स्वर्गीय अशोक जी के साथ लंबे समय तक कार्य करने, उनसे सीखने, उनसे संवाद करने और उनका स्नेह प्राप्त करने का अवसर मिला। मुझे 1981 का एक प्रसंग याद आता है। उस समय मैं एक युवा कार्यकर्ता के तौर पर संगठन की ओर से मिली जिम्मेदारियां निभा रहा था। तब मुझे अशोक जी का हाथ से लिखा एक पत्र मिला। उन्होंने पत्र में आने वाले एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी थी और मुझे कुछ जिम्मेदारियां सौंपी थीं। उस समय अशोक सिंघल जी से पत्र पाना, मेरे लिए बहुत विशेष और यादगार क्षण बन गया था।

मैंने उन्हें कई दशकों तक दिन-रात काम करते देखा। वे देश के दूर-दराज के क्षेत्रों की लंबी और कई बार कठिन यात्राएं किया करते थे। गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में जाना उन्हें विशेष रूप से प्रिय था। वे लगातार इस पर चिंतन करते थे कि समाज के वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए और क्या किया जा सकता है। जब भी देश में कहीं प्राकृतिक आपदा आती, तो अशोक सिंघल जी सबसे पहले वहां पहुंचने वालों में होते या फिर प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते। वर्ष 2001 में कच्छ में आए भूकंप के बाद उनके साथ का मेरा अनुभव अविस्मरणीय बन गया।

आदरणीय अशोक जी अत्यंत प्रतिष्ठित और संपन्न परिवार से थे। उनके पिता श्री महावीर जी की एक प्रशासक के रूप में पहचान थी। उनके एक भाई श्री बी.पी. सिंघल जी पुलिस अधिकारी बने और बाद में संसद सदस्य भी रहे। दूसरे भाई श्री वी.पी. सिंघल जी त्रिपुरा के तब मुख्य सचिव बने, जब यह नया राज्य बना था। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी कॉमर्स और कृषि के क्षेत्र में सफलता हासिल की। लेकिन शुरू से ही अशोक जी का झुकाव बिल्कुल अलग दिशा में था। बहुत कम उम्र में ही उनके व्यवहार में दूसरों के प्रति करुणा और सेवा की अद्भुत भावना दिखने लगी थी। वे चाहते थे कि भारत का पुनरुत्थान हो और मां भारती की संतान गौरवशाली उपलब्धियां हासिल करें। प्रयागराज में पले-बढ़े अशोक जी कई घंटे संगम के तट पर बैठा करते थे। नदी के प्रति उनका स्वाभाविक आकर्षण था। वहां आने वाले साधु-संत और श्रद्धालुओं से भी उनकी बहुत आत्मीयता थी। इससे भारत के सांस्कृतिक लोकाचार की उनकी समझ और समृद्ध हुई। समाज के लिए कुछ करने का उनका संकल्प भी और दृढ़ हुआ। दूसरों के लिए जीने की यही ललक उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में ले आई। उनको जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे उन्होंने पूरे उत्साह, अनुशसन और कर्तव्यभाव से निभाया।

श्री अशोक सिंघल जी ने अपने निरंतर प्रयास और अथक परिश्रम से अनेक संस्थाओं और आंदोलनों को मजबूत किया। अपनी ओजस्वी वाणी और अभिव्यक्ति की अद्भुत शैली से वे पूरी सभा को मंत्रमुग्ध कर देते थे। अपने साथी कार्यकर्ताओं के प्रति वे अत्यधिक स्नेह रखते थे। जो भी उनके संपर्क में आता, वह उनकी सादगी से प्रभावित हुए बिना नहीं रहता। संत समाज के साथ उनके संबंध बहुत प्रगाढ़ थे। देशभर के साधु-संतों के बीच भी उनका काफी सम्मान था। संतगण उनके परामर्श को महत्व देते थे और उनकी बातों को पूरे आदरभाव से सुनते थे।

मेरी स्मृति में ऐसी दो घटनाएं उभर रही हैं, जिनसे श्री अशोक सिंघल जी के विराट व्यक्तित्व को समझा जा सकता है। पहली घटना 1993 की है। विश्व हिंदू परिषद ने स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो संबोधन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अमेरिका में एक सम्मेलन आयोजित किया था। विदेश में ऐसे भव्य सम्मेलन का विजन, उसकी प्लानिंग और विभिन्न समूहों को एक मंच पर लाने का भगीरथ प्रयास श्री अशोक जी के अद्वितीय संगठनात्मक कौशल का परिचायक था।

दूसरी घटना वर्ष 2000 की है, जब त्रिनिदाद और टोबैगो के पोर्ट ऑफ स्पेन में विश्व हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ था। उस समय मैं भी वहीं था। मैंने प्रत्यक्ष देखा कि अशोक सिंघल जी की उपस्थिति ने अन्य प्रतिनिधियों में कितना उत्साह भर दिया था। मेरे संबोधन के बाद उन्होंने जिस तरह मेरी सराहना की, वो मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला अनुभव था। मैंने एक बार फिर अनुभव किया कि उनका प्रोत्साहन किस तरह हर कार्यकर्ता को नई ऊर्जा से भर देता था।

राम जन्मभूमि आंदोलन में श्री अशोक सिंघल जी की ऐतिहासिक भूमिका का स्मरण किए बिना उनका कोई भी उल्लेख अधूरा है। वर्ष 1991 की बोट क्लब रैली में दिए गए उनके ओजस्वी संबोधन को कौन भूल सकता है? या आंदोलन के चरम पर लहूलुहान और घायल अवस्था में अशोक जी की वह ऐतिहासिक तस्वीर भला किसकी स्मृति से मिट सकती है? आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर है, तो इसके पीछे अशोक जी जैसी विभूतियों का निस्वार्थ समर्पण है, जिन्होंने इसे संभव बनाने के प्रयास में स्वयं को पूरी तरह खपा दिया। आज यदि अशोक जी हमारे बीच होते तो अयोध्या में राम मंदिर को देखकर वो सबसे अधिक भावुक एवं प्रसन्न होते।

स्वर्गीय अशोक सिंघल जी के विचार बहुत सुलझे हुए थे। वे स्पष्ट रूप से मानते थे कि समाज में समरसता के साथ ही भाईचारे का संदेश मजबूत होना चाहिए। उन्होंने सामाजिक एकता और समानता के लिए निरंतर कार्य किया। उनका साफ मत था कि समाज में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति समान गरिमा व सम्मान का अधिकारी है। यही वजह थी कि उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर की पहली ईंट रखने को लेकर अपने विचार को स्पष्ट रूप से रखा। उन्होंने ही कहा था कि यह पुनीत कार्य बिहार के वीएचपी कार्यकर्ता और वंचित वर्ग से आने वाले श्री कामेश्वर चौपाल जी के हाथों से हो। काशी में एक धर्म संसद के दौरान उन्होंने डोम राजा को सम्मानित करने का फैसला किया और कई सामुदायिक अभियानों में उनके साथ मिलकर काम किया।

राष्ट्र-निर्माण के साथ ही श्री अशोक सिंघल जी के दो ऐसे प्रिय क्षेत्र थे, जो उनके हृदय के अत्यंत निकट थे। शिक्षा (विशेषकर वैदिक शिक्षा) और संगीत, इन दोनों से उनका गहरा लगाव था। वाराणसी के सांसद के रूप में मुझे इस बात पर अत्यंत गर्व की अनुभूति होती है कि जहां का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, उस शाश्वत काशी ने श्री अशोक सिंघल जी के जीवन में एक अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बीएचयू से शिक्षा प्राप्त की थी और वे एक मेधावी छात्र के रूप में जाने जाते थे। वे एकल विद्यालय की पहल से भी गहराई से जुड़े थे, जिसने दूर-दराज के गांवों, खासकर जनजातीय समुदायों तक बुनियादी शिक्षा पहुंचाने का कार्य किया। वे जितने गहरे अध्येता और उत्साही पाठक थे, उतने ही अच्छे श्रोता भी थे। वे युवा कार्यकर्ताओं को सदैव पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते थे।

आदरणीय अशोक जी को निकट से जानने वालों को पता है कि वे कितना सुंदर गाते थे। मुझे नागपुर की उन बैठकों की याद आती है, जिसमें वे %एकल गीत% गाया करते थे। उनका गायन सभी को मंत्रमुग्ध कर देता था और पूरी बैठक में नई ऊर्जा भर जाती थी। वर्ष 2015 में उनके 90वें जन्मदिवस समारोह का एक वीडियो खूब वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने 'हे मातृभूमि मेरी, हे पितृभूमि मेरी' गाकर सभी को चौंका दिया था।

स्वर्गीय अशोक सिंघल जी ने अपने जीवन में हर क्षण इस महान राष्ट्र के उत्कर्ष का ही स्वप्न देखा था। उनके आदर्शों से आज भी हमें ये प्रेरणा मिलती है। उनकी जन्मशती के इस पावन अवसर पर हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक युवा उनके विराट व्यक्तित्व और महानता से परिचित हों। आइए, हम अपने राष्ट्र और देशवासियों के लिए अशोक सिंघल जी के सपनों को साकार करने के संकल्प को एक बार फिर दोहराएं।

# अमेरिका-चीन संबंधों का नया दौर

> **असल बदलाव शक्ति की परिभाषा में दिखाई दे रहा है। आज वैश्विक शक्ति केवल इस बात से तय नहीं होती कि कौन कितना माल बेचता है, बल्कि इस बात से भी कि किसके पास वह तकनीक और सामग्री है जिसके बिना आधुनिक उद्योग चलना कठिन है। अर्धचालक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, दुर्लभ-पृथ्वी तत्व और उनसे बनने वाले शक्तिशाली चुंबक इसी नई शक्ति के आधार हैं। चीन की दुर्लभ-पृथ्वी आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थिति ने दिखाया है कि कच्चा माल होना पर्याप्त नहीं, उसके प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की क्षमता भी शक्ति का स्रोत है। अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा केवल बाजार हासिल करने की नहीं, बल्कि आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित रखने की भी है। किसी एक स्रोत पर अत्यधिक निर्भरता संकट के समय विकल्प सीमित कर देती है। इसलिए अनेक देश वैकल्पिक स्रोत और विश्वसनीय साझेदार तलाश रहे हैं।**

24सितंबर को वॉशिंगटन में डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात ने संकेत दिया है कि दुनिया की दो बड़ी शक्तियां अपने टकराव को अनियंत्रित बढ़ाने के बजाय उसे सीमित रखने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि व्यापार और रणनीतिक मतभेदों का समाधान अभी दूर है। व्यापार-विराम को जनवरी 2027 तक बढ़ाने की कोशिश के बावजूद शुल्क, दुर्लभ-पृथ्वी तत्वों की आपूर्ति और तकनीकी प्रतिबंध जैसे मुद्दे बने हुए हैं।

असल बदलाव शक्ति की परिभाषा में दिखाई दे रहा है। आज वैश्विक शक्ति केवल इस बात से तय नहीं होती कि कौन कितना माल बेचता है, बल्कि इस बात से भी कि किसके पास वह तकनीक और सामग्री है जिसके बिना आधुनिक उद्योग चलना कठिन है। अर्धचालक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, दुर्लभ-पृथ्वी तत्व और उनसे बनने वाले शक्तिशाली चुंबक इसी नई शक्ति के आधार हैं। चीन की दुर्लभ-पृथ्वी आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थिति ने दिखाया है कि कच्चा माल होना पर्याप्त नहीं, उसके प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की क्षमता भी शक्ति का स्रोत है।

अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा केवल बाजार हासिल करने की नहीं, बल्कि आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित रखने की भी है।



किसी एक स्रोत पर अत्यधिक निर्भरता संकट के समय विकल्प सीमित कर देती है। इसलिए अनेक देश वैकल्पिक स्रोत और विश्वसनीय साझेदार तलाश रहे हैं। भारत के लिए इसका अर्थ केवल इतना नहीं कि चीन से बाहर निकलने वाली कंपनियां यहां आएंगी तो लाभ होगा। बड़ा सवाल यह है कि क्या भारत केवल एक बड़ा बाजार बनेगा या अपनी उत्पादन क्षमता, तकनीक और कौशल के आधार पर विश्वसनीय उत्पादन केंद्र भी बनेगा? अमेरिका-चीन संबंधों में स्थिरता भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों ला सकती है। वैश्विक व्यापार में स्थिरता से भारत को लाभ होगा, लेकिन यदि दोनों देशों के बीच तनाव घटता है तो चीन से बाहर उत्पादन स्थानांतरित करने का दबाव भी कम हो सकता है। इसलिए भारत की औद्योगिक प्रगति किसी दूसरे देश के तनाव पर आधारित नहीं होनी चाहिए। अवसर हमें अपनी क्षमता से तैयार करने होंगे।

दुर्लभ-पृथ्वी तत्वों का उदाहरण सामने है। भारत के पास संसाधन हैं, लेकिन संसाधन होना और पूरी औद्योगिक क्षमता होना एक ही बात नहीं। खनन से लेकर प्रसंस्करण, धातु और मिश्रधातु बनाने तथा उच्च गुणवत्ता के तैयार उत्पाद तक पूरी श्रृंखला विकसित करनी होगी। यही सोच अर्धचालक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा तकनीक में भी जरूरी है। केवल कारखाने लगाना पर्याप्त नहीं, अनुसंधान, कुशल मानव संसाधन, घरेलू आपूर्तिकर्ता और अपनी बौद्धिक संपदा भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

इस बदलती दुनिया में भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण शब्द है—विकल्प। किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता घटाना और अनेक विश्वसनीय साझेदार बनाना अब केवल विदेश नीति का विषय नहीं, आर्थिक सुरक्षा का प्रश्न भी है। अमेरिका के साथ तकनीक और महत्वपूर्ण खनिजों में, यूरोप के साथ व्यापार और हरित प्रौद्योगिकी में तथा जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग भारत के विकल्पों को व्यापक बना सकता है। वैश्विक दक्षिण के साथ आर्थिक रिश्ते मजबूत करना भी इसी रणनीति का हिस्सा है। रणनीतिक स्वायत्तता का अर्थ दुनिया से अलग रहना नहीं है। इसका अर्थ है कि हमारे पास इतने विकल्प हों कि किसी एक शक्ति के फैसले से हमारी विकास-यात्रा बाधित न हो। अमेरिका और चीन दोनों के साथ अपने हितों के अनुरूप संबंध बनाए रखना इसी स्वायत्तता का हिस्सा है। ताइवान का प्रश्न इस तस्वीर को और जटिल बनाता है। चीन ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है, जबकि अमेरिका के लिए उससे जुड़ा सुरक्षा प्रश्न संवेदनशील है। इसलिए व्यापार में नरमी को व्यापक रणनीतिक मतभेदों के अंत की तरह देखना जल्दबाजी होगी।

आने वाली दुनिया न तो पूरी तरह अमेरिका-केंद्रित होगी और न चीन-केंद्रित। आर्थिक शक्ति, तकनीकी क्षमता, महत्वपूर्ण संसाधन और विश्वसनीय साझेदारियां मिलकर देशों की भूमिका तय करेंगी। भारत के सामने प्रश्न यह है कि वह बदलती आपूर्ति श्रृंखलाओं में केवल एक वैकल्पिक बाजार बनेगा या अपनी तकनीक, उत्पादन क्षमता और कौशल के बल पर एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

दूसरे देशों के तनाव से मिलने वाला अवसर अस्थायी हो सकता है, लेकिन अपनी क्षमता से निर्मित शक्ति अधिक टिकाऊ होती है। अमेरिका और चीन के संबंध कल किस दिशा में जाएंगे, यह निश्चित नहीं है। भारत की रणनीति इसलिए किसी दूसरे देश के तनाव या समझौते की प्रतिक्रिया भर नहीं हो सकती। उसे बदलती वैश्विक व्यवस्था का दर्शक नहीं, बल्कि अपनी क्षमता के बल पर उसका सक्रिय भागीदार
बनना होगा।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज सुख साधनों से दिन आनंदित होगा। आकस्मिक धन लाभ प्रदान करने वाला रहेगा। आप किसी गैर पारंपरिक तरीके से लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**वृषभ**
आज प्रभाव और सम्मान बढ़ेगा ।पर दिन थोड़ा खर्चीला रहेगा। आपको शुभ कार्यों के साथ ही साथ किसी पारिवारिक कार्य पर भी धन खर्च करना होगा।

**मिथुन**
आज बहुत दिनों से अटकी,प्रसन्नतादायक खबर मिलेगी ।आपको सामाजिक जीवन में लाभ और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। किसी धार्मिक अथवा सामाजिक काम में भाग लेने का संयोग बन सकता है।

**कर्क**
आज विरोधियों से सतर्क रहें ।आज संयम और प्रबंधन इन दो सूत्रों को पर ध्यान देना होगा इसके सहारे आप स्थिति को अपने पक्ष में रख पाएंगे।

**सिंह**
आज का दिन नए अवसर प्राप्त करने वाला एवं मान प्रतिष्ठा में वृद्धि करने वाला रहेगा। करियर और काम में परिश्रम का पूरा प्रतिफल मिलेगा।

**कन्या**
आज बुद्धि कुशलता का फायदा मिलेगा। बुध की कृपा आप पर बनी रहेगी जिससे आप कठिन काम को भी बुद्धि कुशलता से पूरा कर पाएंगे।

**तुला**
आज सगे संबंधियों से सहयोग मिलेगा । दिन सुखद बीतेगा। दिन भर काम की व्यस्तता के बाद रात के समय आप मनोरंजक कार्यक्रम का आनंद लेंगे।

**वृश्चिक**
आज मित्रों साझेदारों से फायदा मिलेगा ।मन में कुछ नकारात्मक भाव भी आएगा जिससे आपको बचना होगा। आर्थिक मामलों में आपको साहसिक फैसलों से लाभ मिलेगा।

**धनु**
आज कोई पुण्य कार्य कर सकते हैं। दिन मिलाजुला रहेगा। मन आपका किसी न किसी बात को लेकर दुविधा में रहेगा और मन में अनेक तरह के विचार कुलबुलाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी व्यवहारिक सोच का लाभ मिलेगा।

**मकर**
आज कमाई में वृद्धि से आपको प्रसन्नता होगी ।दिन उन्नतिदायक है। चंद्रमा भले ही तीसरे भाव राहु के साथ होकर आंख दिखाएंगे लेकिन गुरु और मंगल की नजर आपको संभालने के लिए काफी है।

**कुंभ**
आज विवाद की स्थिति से आपको बचना चाहिए। आज आपको सोच समझकर कोई भी फैसला लेने की जरूरत है। कुछ अनचाहे और अप्रत्याशित खर्च का भी आपको सामना करना पड़ सकता है।

**मीन**
आज पूर्व में किए काम का फायदा मिलेगा। दिन सामान्य रूप से अनुकूल रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में अपने पूर्व में किए गए काम का फायदा मिल सकता है।

# बाहापर में पानी गिराने के विवाद में खूनी संघर्ष, महिला की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचमहला थाना क्षेत्र के बाहापर गांव में शनिवार देर रात रास्ते पर पानी गिराने के मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। आरोप है कि पड़ोसी पक्ष के लोगों ने एक घर पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। मारपीट में 65 वर्षीय शांति देवी की मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य घायल हो गए। घटना के बाद रविवार को परिजनों ने मोकामा-लखीसराय मुख्य मार्ग एनएच-80 को दोबारा जाम कर दिया।मृतका की पहचान रामरूप शर्मा की पत्नी शांति देवी के रूप में हुई है। घायलों में महेश मिस्त्री, उनकी पत्नी फूलो देवी, दीपुल मिस्त्री और उनकी पत्नी आरती देवी शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बड़हिया ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने शांति देवी को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, रास्ते और नाले में पानी बहाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर दीपुल मिस्त्री और पड़ोसी सोनू उर्फ मुखिया के बीच कहासुनी हुई। आरोप है कि इसके बाद सोनू उर्फ मुखिया के परिवार के कई लोग एकजुट होकर रामरूप शर्मा के घर पहुंचे और हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में शांति देवी समेत पांच लोग घायल हो गए।महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और एनएच-80 को जाम कर दिया। देर रात करीब 11 बजे पुलिस और प्रशासन के समझाने के बाद जाम हटाया गया। हालांकि रविवार सुबह परिजन फिर सड़क पर उतर आए। परिजनों का आरोप था कि गंभीर रूप से घायल आरती देवी के पेट में चार माह का गर्भ था, जो घटना के बाद खराब हो गया। इस मामले को लेकर भी परिजन कार्रवाई और सहायता की मांग कर रहे थे।जाम के कारण एनएच-80 पर करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की पहल तथा प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता के आश्वासन के बाद करीब तीन घंटे बाद जाम हटाया गया और यातायात बहाल हुआ।घटना की सूचना पर हाथीदह सर्किल इंस्पेक्टर राजीव कुमार, पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार, सहायक थानाध्यक्ष सुजीत कुमार, मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार, हाथीदह थाना के एसआई मनोज कुमार और एसआई नीतू कुमारी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।सर्किल इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि घटना में शांति देवी की मौत हुई है, जबकि चार लोग घायल हैं। परिजनों के बयान के आधार पर चार आरोपियों को तत्काल हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मामले की जांच के लिए एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। वहीं, एसडीपीओ बाढ़ आयुष श्रीवास्तव ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।





## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ में दुकानदार पर चलाई गोली, मची भगदड़

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुकीमपुर गांव में डेयरी दुकान पर आपसी विवाद में दुकानदार पर फायरिंग की गई।हालांकि दुकानदार बाल बाल बचा गया। गांव में जितेंद्र कुमार की डेयरी प्रोडक्ट की दुकान है। शनिवार की दोपहर को जितेंद्र अपनी दुकान में था। इसी दौरान गांव के कुछ लोग सामान खरीदने के लिए पहुंचे। खरीदारी के दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया।इसके बाद आरोपियों ने वर्चस्व दिखाने को लेकर फायरिंग शुरू कर दिया। इस संबंध में दुकानदार जितेंद्र कुमार के द्वारा बेढ़ना पुलिस पोस्ट में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है। वहीं बाढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।फिलहाल फायरिंग के आरोप को लेकर मौके पर कोई खोखा बरामद नहीं किया गया है।

### डीएसपी ने कंधे पर लगाया सितारा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वर्दी पर सितारा लगते ही पुलिस पदाधिकारियों के चेहरे खिल उठे। यह नजारा पुनपुन थाना और केवड़ा ओपी में देखने को मिला, जहां 16 एएसआई से एसआई के पद पर प्रोन्नत हुए पुलिस पदाधिकारियों को स्टार लगाया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल ने पुनपुन और केवड़ा ओपी के 16 पुलिस पदाधिकारियों को सब-इंस्पेक्टर में प्रमोशन होने पर उनके कंधे पर स्टार लगाया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान डीएसपी ने सभी को ईमानदारी और निष्ठा के साथ बेहतर पुलिसिंग करने की नसीहत दी। डीएसपी ने कहा कि प्रमोशन के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ती है। जनता के प्रति और अधिक संवेदनशील होकर कार्य करें और अपराध नियंत्रण में अपनी अहम भूमिका निभाएं। प्रमोशन पाने वाले पुलिस पदाधिकारियों ने भी बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर पुनपुन थानाध्यक्ष, केवड़ा ओपी अध्यक्ष सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे। थानों में खुशी का माहौल देखा गया।



### भगवानगंज थाने का वार्षिक निरीक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना पूर्वी की नगर पुलिस अधीक्षक शैलजा ने भगवानगंज थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, सीसीटीएनएस प्रणाली, सिरिस्ता कार्यो सहित थाना के विभिन्न अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इस दौरान लंबित कांडों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अनुसंधान की गुणवत्ता एवं अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण एवं लंबित मामलों के निष्पादन की भी बारीकी से समीक्षा की गई निरीक्षण के क्रम में सिटी एसपी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समयसीमा के भीतर अनुसंधान पूर्ण करने, पारदर्शिता बनाए रखने तथा जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार समेत सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। संवेदनशील जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाने, नाइट गश्ती पर नजर रखने एवं लंबित कांडु को तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया।



### जातिसूचक गाली देकर मारपीट करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पुलिस ने मारपीट और जातिसूचक गाली देने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोलू यादव पिता अखिलेश यादव ग्राम खरांट थाना मसौढ़ी निवासी के रूप में हुई है। बता दें कि 30 जुलाई 2024 की रात करीब 8 बजे बिजेन्द्र पासवान पिता स्व. भोला पासवान अपने घर पर बैठे थे। तभी गांव के ही गोलू यादव और भरथरी यादव पिता मिथलेश यादव उसे घर से बुलाकर ले गए और जातिसूचक गाली देने लगे। मना करने पर दोनों ने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की और लाठी-डंडे से पिटाई कर दी, जिससे बिजेन्द्र बेहोश होकर गिर पड़ा और दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई। धमकी भी दी कि केस करेगा तो फिर मारेंगे। इस संबंध में पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में शिकायत दी थी, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था।मसौढ़ी थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गोलू यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### दो कांडों में फरार 9 आरोपियों के घर चिपकाया इश्तेहार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे कुल 9 आरोपियों के घर पर इश्तेहार चिपकाकर सरेंडर करने की चेतावनी दी है।पहला मामला दहेज हत्याकांड से जुड़ा है। धनरूआ थाना कांड संख्या 455/26 के तहत 12 जुलाई 2026 को गुलरिया बिगहा गांव में नवविवाहिता पूजा कुमारी की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। मृतका के पिता रामध्यान यादव पिता स्व. रामप्यारे यादव, निवासी नरपुर, घोषी ने ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में फरार चल रहे तीन आरोपी अरविंद प्रसाद, फुलवा देवी और प्रीति कुमारी के घर पर पुलिस ने इश्तेहार साटा है।दूसरा मामला मारपीट और जानलेवा हमले का है। धनरूआ थाना कांड संख्या 299/25 के तहत 14 मई 2025 को चकसाई निवासी रंजीत कुमार पिता विजेंद्र प्रसाद ने आपसी विवाद में हथियार के बल पर हमला करने का केस दर्ज कराया था। इस कांड में फरार 6 आरोपियों काशी पासवान पिता स्व. रामचंद्र पासवान, अमित कुमार, रोशन कुमार दोनों पिता काशी पासवान, रंजीत कुमार पिता राजनाथ पासवान, कुंदन पासवान पिता स्व. जलेंद्र पासवान और बेबी देवी पति पारीख पासवान, सभी ग्राम भगवानपुर के घरों पर भी इश्तेहार चिपकाया गया है।पुलिस ने चेतावनी दी है कि तय समय पर सरेंडर नहीं करने पर आरोपियों की संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।






### 635 आवास लाभुकों की सूची का ग्राम सभा में अनुमोदन

**दावा-आपत्ति का मिला मौका, छूटे पात्र परिवारों के पुनः सत्यापन की मांग**

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिंगरियावां पंचायत के श्री रोहित मध्य विद्यालय परिसर में रविवार को मुखिया रुबी कुमारी की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के आवास प्लस-2024 के तहत एआई आधारित सर्वेक्षण से चिन्हित 635 लाभुकों की सूची प्रस्तुत की गई। इनमें अनुसूचित जाति के 255 और अन्य वर्ग के 380 लाभुक शामिल हैं। आवास सहायक राजन गांधी ने सूची ग्रामीणों के समक्ष रखी। पारदर्शिता के उद्देश्य से समाजसेवी दिलीप कुमार ने लाभुकों के नाम क्रमवार पढ़कर सुनाए। ग्राम सभा में ग्रामीणों को दावा-आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया गया तथा अपात्र लाभुकों के नाम हटाने का प्रस्ताव लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि कई पात्र एवं जरूरतमंद परिवार सूची से छूट गए हैं। उन्होंने ऐसे परिवारों का नियमानुसार पुनः सत्यापन कर पात्र पाए जाने पर सूची में शामिल करने की मांग की। सूची पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर भी सार्वजनिक की गई।समाजसेवी दिलीप कुमार,मुखिया प्रतिनिधि राजीव कुमार(शिक्षक),सुशील पटेल,ममता रानी घोष(कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, संपतचक),मौके पर उपमुखिया रिम्पी देवी, तोप-सरथुआ के सामाजिक कार्यकर्ता श्री अखिलेश कुमार उर्फ विमलेश जी,डॉ0 राजीव कुमार नयन,अम्बर पटेल, रणधीर कुमार,राजकमल,अरुण कुमार पटेल, संजय कुमार, बीस सूत्री सदस्य सियाराम शर्मा, पंचायत सचिव सुमन कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## एसबीआई सुपरवाइजिंग स्टाफ कोऑपरेटिव सोसाइटी की मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव के रूप में पहली बैठक आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशाखा होटल पाटलिपुत्र कॉलोनी में एसबीआई सुपरवाइजिंग स्टाफ कोऑपरेटिव सोसाइटी की मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव के रूप में पहली बैठक आयोजित की गई। इस कोऑपरेटिव का चुनाव 19 जुलाई को संपन्न हुआ था। चेयरमैन के किए शिवाधार लाल एवं वाइस-चेयरमैन के लिए निकेश नंदन का निर्विरोध चुनाव हुआ था। पहली बैठक में भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ के पूर्व महासचिव अजीत कुमार मिश्रा को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ, पटना सर्किल के अध्यक्ष रंजन सिंह एवं महासचिव अमरेश विक्रमादित्य की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिवाधार लाल, चेयरमैन ने अपना पहला त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने अगले पांच साल में इस कोऑपरेटिव को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बात दोहराई। निर्णय हुआ कि सचिव के तौर पर मुकेश कुमार और संयुक्त सचिव के तौर पर रजनीश कुमार श्रीवास्तव कार्य करेंगे, विजय शंकर राय को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। 8 संगठन सचिव बनाए गए। तीन उप समितियां बनाई गई जिससे कोऑपरेटिव का कार्य अगले पांच साल तक सुचारू ढंग से हो सके। प्रस्ताव लिया गया की बनारस और राजगीर में गेस्ट हाउस खुलेंगे जिसके लिए एक उप समिति बनाई गई. सस्ते दर पर अपने सदस्यों को आवासीय योजनाओं का लाभ दिये जाने का भी प्रस्ताव आया, जिसको संपादित करने के लिए भी एक उप समिति बनाई गई। यह भी निर्णय लिया गया की जो भी भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ पटना मंडल के सदस्य रहेंगे उन्हीं को समिति की सदस्यता दी जाएगी। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के कल्याण संगठन के महासचिव लक्ष्मी नारायण पासवान एवं पिछली कार्यकारिणी के अध्यक्ष अरिजीत बोस भी बैठक में उपस्थित थे.



## पिंडदानियों से दूसरी बार फिर 12 हजार रुपये और मोबाइल की चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले में पुनपुन पिंडदान स्थल पर उमड़ रही भारी भीड़ के बीच पिंडदानियों के पैसे चोरी होने की घटनाएं सामने आने लगी हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। रविवार को भी विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में पिंडदानी पुनपुन पहुंचे थे। जाहिदपुर पार्क पिंडदान स्थल पर इसी भीड़ का फायदा उठाकर चोरों ने दो श्रद्धालुओं को निशाना बनाया। सीतामढ़ी से आए पिंडदानी अजय कुमार शाह पिता गुडडी शाह के झोले से 12 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़ित ने स्थानीय थाने में इसकी लिखित शिकायत दी है। वहीं एक अन्य पिंडदानी से 23 हजार रुपये चोरी होने की भी चर्चा है, हालांकि उसने थाने में रिपोर्ट नहीं दी है। लगातार दूसरी बार चोरी की घटना होने से पिंडदानियों में दहशत है। सवाल उठ रहा है कि जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के दावे कहां गए?

## चक्रवाती तूफान ने तोड़ी किसानों की कमर

## पकी धान की फसल जमीन पर बिछी

**शशि तुलस्यान**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले तीन दिनों से लगातार चल रहे चक्रवाती तूफान और बारिश ने पटना जिले के मसौढ़ी प्रखंड के किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खून-पसीने से लगाई गई धान की फसल जब पककर कटनी के कगार पर थी, तभी तेज हवा और बारिश ने खड़ी फसल को जमीन पर गिरा दिया।खेतों में पानी भर जाने से फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई है। किसान एक बार फिर आहत और परेशान हैं। अब उन्हें सरकारी मुआवजे की आस है। मसौढ़ी के ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा नुकसान सगुनी गांव में देखा गया है। यहां करीब दो दर्जन से अधिक गांवों के सैकड़ों बीघा में लगी धान की फसल आड़ी-तिरछी गिर गई है। तेज हवा के कारण फसल जमीन से चिपक गई है।किसानों का कहना है कि जो फसल गिर गई है, वह अब दोबारा खड़ी नहीं हो पाएगी। पक चुकी धान अब खेत में ही सड़ने और अंकुरित होने लगेगी। इससे भारी नुकसान तय है। स्थानीय किसानों में जगपुरा के सीताराम शर्मा, सुमन शर्मा, सगुनी गांव के कारू प्रसाद, शिवनारायण प्रसाद, भैसवां के सुरेश महतो, कृष्णा महतो, कैलाश महतो,एवं सगुनी के पप्पू शर्मा अजय शर्मा, संजय शर्मा, अखिलेश सिंह, शिव शंकर सिंह समेत कई किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर खाद, बीज और मजदूरी पर पैसा लगाया था। फसल अच्छी हुई थी, उम्मीद थी कि इस बार कर्ज चुक जाएगा, लेकिन तूफान ने सब बर्बाद कर दिया। खेतों में अभी भी घुटने भर पानी लगा है, जिससे हार्वेस्टर भी नहीं उतर पा रहा। किसानों ने प्रशासन से सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

**खेत बने तालाब - मसौढ़ी के सगुनी में सबसे ज्यादा तबाही का मंजर**





## मसौढ़ी में दिनदहाड़े लूटपाट: युवक से 25 हजार, मोबाइल और सोने की चेन लूटी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। दिनदहाड़े एक युवक से मारपीट कर 25 हजार रुपये नकद, मोबाइल और गले से सोने की चेन लूट ली गई। इतना ही नहीं, जब पीड़ित भागकर घर जा रहा था तो आरोपियों ने दूसरी जगह घेरकर फिर से उसकी पिटाई कर दी। घटना से इलाके में दहशत है।बताया जा रहा है की पीड़ित अरविंद कुमार उम्र 17 वर्ष पिता बखारा राम, गांव दाउदपुर शिवशंकर नगर मसौढ़ी का रहने वाला है। उसने थाने में दिए आवेदन में बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपने घर से जहानाबाद के लिए निकला था।जैसे ही वह मलिकाना देवी स्थान के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे 4-5 अपराधियों ने उसे अचानक घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और जेब में रखे 25 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और गले से सोने की चेन छीन ली। मारपीट में उसके पैर में भी गंभीर चोट आई। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर पीड़ित जान बचाकर अपने घर शिवशंकर नगर की ओर भागा, लेकिन पुरानी बाजार के पास आरोपियों ने उसे फिर से पकड़ लिया और मारपीट करने लगे। पीड़ित के हल्ला करने पर आसपास के लोग दौड़कर आए और उसी समय पुलिस की गाड़ी को आते देख सभी आरोपी इधर-उधर भाग निकले। पीड़ित ने एक आरोपी की पहचान पुरानी बाजार निवासी सुधीर कुमार उम्र 21 वर्ष पिता प्रदीप चौहान के रूप में की है। अन्य आरोपियों को वह सामने आने पर पहचान लेगा।घटना के बाद पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बाढ़ एसडीओ ने अस्पताल का किया निरीक्षण रोगी कल्याण समिति की बैठक में भी शामिल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसडीओ कृष्ण जोशी ने बाढ़ अनुमंडल अस्पताल का निरीक्षण किया इस दौरान अस्पताल के कई चिकित्सक बिना सूचना के गायक मिले साथ ही अस्पताल परिषद के कई कमियां भी सामने आई जिस पर एसडीओ ने उपाधीक्षक डॉक्टर विनय कुमार चौधरी को यथाशीघ्र हालत में सुधार करने को कहा एसडीओ ने मरीज से मुलाकात करते हुए उसके हाल-चाल भी पूछे और किस तरह की इलाज चल रही है इससे भी अवगत हुआ। अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ में अनुमंडल स्तरीय रोगी कल्याण समिति बाढ़ के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रोगी कल्याण समिति के उपाधीक्षक सह सदस्य सचिव, रोगी कल्याण समिति, बाढ़, अस्पताल प्रबंधक, बाढ़ एवं रोगी कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में अनुमण्डलीय अस्पताल, बाढ़ में सरकार/स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाएं, रोगियों को दी जा रही सुविधा एवं दवा की उपलब्धता इत्यादि से संबंधित बिंदुओं पर विमर्श किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़ द्वारा उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक को अनुमंडल अस्पताल बाढ़ में रोगियों के सुलभ चिकित्सा सेवाएं, अस्पताल में उपलब्ध दवा, गुणवत्तापूर्ण पथ्य (भोजन) इत्यादि ससमय उपलब्ध कराने तथा अस्पताल में पर्याप्त साफ सफाई रखने का निर्देश दिया गया। रोगी कल्याण समिति की बैठक समाप्ति के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अस्पताल का सामान्य निरीक्षण भी किया गया, निरीक्षण के क्रम में रोस्टर के अनुसार दो चिकित्सक डॉ शामी अहमद, डॉ चंदन कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडल अस्पताल बाढ़ जिनका रोस्टर के अनुसार अप. 02 बजे से रात्रि के 08 बजे तक ड्यूटी थी, वो अपने कर्तव्य से बिना किसी सूचना अथवा सक्षम प्राधिकार के बिना पूवार्नुमति के अनुपस्थित पाए गए हैं। अनुपस्थित दोनों चिकित्सक से स्पष्टीकरण पूछते हुए संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त होने तक उनका एक दिन का वेतन/मानदेय स्थगित रखने के अनुशंसा जिलाधिकारी, पटना को किया गया है।

## नाबालिग को भगाने का आरोप, दो युवकों पर केस दर्ज करने की मांग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के केवडा गांव से एक नाबालिग लड़की के रहस्यमय तरीके से गायब होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने दो युवकों पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दी है। पीड़ित पिता अरुण कुमार उम्र 40 वर्ष पिता सुजिंद्र प्रसाद साकिन केवडा थाना धनरुआ ने बताया कि रात करीब 1 बजे उनकी 17 वर्षीय पुत्री घर से अचानक गायब हो गई। खोजबीन करने पर पता चला कि उसे गांव के ही दो युवक बहला-फुसलाकर ले गए हैं। पिता ने मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नउआवां गांव निवासी रितिक कुमार उम्र 20 वर्ष पिता मनोज यादव और केवडा निवासी धीरज कुमार उम्र 21 वर्ष पिता सुदेश कुमार उर्फ

## धनरुआ में हथियारबंद दबंगों का कहर: युवक को घेरकर पीटा, सिर फोड़ा, 5 हजार लूटे

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर टाड़पर में दिनदहाड़े हथियार से लैस आधा दर्जन दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पिस्टल के बट से सिर फोड़ दिया, लाठी-रॉड से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया और जेब से 5 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव है। इस मामले में पीड़ित अशोक कुमार उम्र 32 वर्ष पिता राम रतन प्रसाद गांव कैवाली पोस्ट नदवां के निवासी हैं। उन्होंने थाने में दिए आवेदन में बताया कि दिन के करीब 11 बजे वह पटना से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह रघुनाथपुर टाड़पर पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे 6 लोगों ने हथियार के साथ उसे घेर लिया। आवेदन के अनुसार, मनोज कुमार उम्र 36 वर्ष पिता नागेश्वर रविदास ने हाथ में लिए पिस्टल के बट से उसके माथे पर जोरदार प्रहार किया, जिससे माथा फट गया और वह खून से लथपथ हो गया। इसके बाद अमित कुमार उम्र 20 वर्ष पिता अखिलेश रविदास और गौतम चतुर्वेदी उर्फ बिट्टू उम्र 25 वर्ष पिता रामाश्रय रविदास ने लोहे के रॉड से हमला किया, जबकि विवेक कुमार उम्र 21 वर्ष, अखिलेश रविदास उम्र 35 वर्ष पिता राम आशीष रविदास और श्रवण कुमार उम्र 42 वर्ष पिता स्व. नन्हक रविदास ने लाठी से पीट-पीटकर घायल कर दिया। हमले में नाक और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसकी जेब से 5 हजार रुपये भी निकाल लिए।घटना को लेकर पीड़ित ने धनरुआ थानाध्यक्ष से प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मसौढ़ी में सीपीएम का जिला स्तरीय शिक्षण शिविर, जनसंघर्ष तेज करने का संकल्प

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआईएम की पटना जिला कमेटी का एक दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षण शिविर शनिवार को मसौढ़ी में आयोजित किया गया। शिविर में पार्टी विस्तार और जनसंघर्षों को तेज करने का संकल्प लिया गया। शिविर में पार्टी के वैचारिक लक्ष्यों, आगामी कार्ययोजनाओं तथा संगठन के राजनीतिक एवं सांगठनिक विस्तार पर विस्तार से चर्चा हुई। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में सीपीएम केंद्रीय कमेटी सदस्य अवधेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों में जनहित के मुद्दों को लेकर पार्टी को और अधिक मुखर होना पड़ेगा। जनसमस्याओं के खिलाफ लगातार आंदोलन खड़ा करना और आम जनता से जुड़ाव बढ़ाना ही पार्टी के राजनीतिक विस्तार का सबसे सशक्त माध्यम है।सह-प्रशिक्षक एवं सीपीएम बिहार राज्य सचिव मंडल सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।



## यूपीआई, कार्ड या नेट बैंकिंग से अब डायरेक्ट टैक्स भरना हुआ आसान

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डायरेक्ट टैक्स भरने के लिए टैक्सपेयर्स को अब एक ही पेमेंट तरीके पर निर्भर नहीं रहना होगा। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस (सीबीडीटी) के लिए अपने पेमेंट गेटवे का इंटीग्रेशन पूरा कर लिया है। इसके बाद देशभर के टैक्सपेयर्स यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के जरिए डायरेक्ट टैक्स का भुगतान कर सकेंगे। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड-रिटेल लायबिलिटीज, कार्ड्स एंड पेमेंट्स, शिरीष भंडारी ने कहा, इस सुविधा के जरिए टैक्सपेयर्स अपनी पसंद के पेमेंट मोड से आसानी और सुरक्षित तरीके से टैक्स भर सकेंगे। टैक्सपेयर्स आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिटेल और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के साथ-साथ यूपीआई और कार्ड से पेमेंट कर सकते हैं। ऑफलाइन भुगतान के लिए ग्राहक बैंक की किसी भी ब्रांच में जाकर चेक, डिमांड ड्राफ्ट या कैश के जरिए टैक्स जमा कर सकते हैं। दूसरे बैंकों के ग्राहक भी अपने बैंक की इंटरनेट बैंकिंग से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पेमेंट गेटवे के जरिए भुगतान कर सकेंगे। पेमेंट के बाद ग्राहक चालान और पेमेंट कन्फर्मेशन डाउनलोड कर सकते हैं।

## 'गौरवशाली बिहार-विरासत से विकास' विषय पर कार्यशाला आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत विकास परिषद, दक्षिण बिहार प्रांत की ओर से रविवार को जे.एन. सिन्हा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज, गांधी मैदान, पटना में 'गौरवशाली बिहार - विरासत से विकास, विकसित बिहार - विकसित भारत @ 2047 में युवाओं की भूमिका' विषय पर कार्यशाला, संवाद एवं विचार-विमर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल थे। कार्यक्रम में न्याय, शिक्षा, प्रशासन, पुलिस, इंजीनियरिंग, सामाजिक सेवा, उद्योग-व्यवसाय और स्वयंसेवी संगठनों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 70 प्रबुद्ध नागरिकों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल ने बिहार की प्राचीन ज्ञान-परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिहार के पास नालंदा और विक्रमशिला जैसी विश्वप्रसिद्ध ज्ञान परंपराओं, आर्यभट्ट जैसे महान विद्वानों, लोकतांत्रिक और आध्यात्मिक परंपराओं तथा सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना की मजबूत नींव है। अतिथियों का स्वागत भारत विकास परिषद, क्षेत्रीय अध्यक्ष की क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमन सिंह ने किया। प्रो. अनिल कुमार ने विकसित भारत @ 2047 के संदर्भ में बिहार की भूमिका और आगे की कार्ययोजना पर भी अपने विचार रखे। क्षेत्रीय महासचिव डॉ. वाल्मीकि प्रसाद ने मुख्य अतिथि, विभिन्न क्षेत्रों के सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजन एवं समन्वय में डॉ. वाल्मीकि कुमार, उमेश कुमार विद्यार्थी, डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी, मुकेश कुमार, तोषण मैतिन, अमित बैद्य, जे.के. सिन्हा, डॉली सिंह, इंदु सिंघानिया, मीनाक्षी स्वराज, संजय, राजेश, डॉ. मनोज, डॉ. बालकृष्ण सहाय, सत्य,गार्गी और अन्य पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने सहयोग दिया।



## संक्षिप्त समाचार

### अक्टूबर में सघन सदस्यता अभियान चलाएगा रसोईया संघ, 6 अक्टूबर को गर्दनीबाग में प्रदर्शन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ (ऐक्टू) सितंबर-अक्टूबर महीने में सघन सदस्यता अभियान चलाएगा। साथ ही 3 माह के बकाया मानदेय भुगतान, एनजीओ को मध्याह्न भोजन योजना से बाहर करने और न्यूनतम मजदूरी की गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर 6 अक्टूबर को पटना के गर्दनीबाग में मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन करेगा।



इसको लेकर शनिवार को धनरुआ के जलालपुर सामुदायिक भवन में संघ की एक दिवसीय बैठक हुई। बैठक में वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, सदस्यता भर्ती, प्रखंड व जिला सम्मेलन और हस्ताक्षर अभियान पर चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए संघ नेत्री रिंकू देवी ने कहा कि केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार रसोइयों के खिलाफ नीति पर काम कर रही है। 3 महीने से मानदेय नहीं मिला है, जिससे रसोइयों में बेचैनी है। एनजीओ के माध्यम से खाना भेजने से रसोइयों की छंटनी की साजिश हो रही है।उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी, सरकारी कर्मचारी का दर्जा, 12 माह मानदेय, रिटायरमेंट बेनिफिट, मृत रसोइयों को 4 लाख मुआवजा, दो जोड़ी साड़ी, ईपीएफ-ईएसआई सहित मांगों को लेकर आंदोलन होगा। बैठक में शकुंतला देवी, सुनीता देवी, भाकपा माले नेता वीरेंद्र प्रसाद, प्रखंड सचिव अक्लू पासवान सहित कई मौजूद थे।

### पितृपक्ष मेले में उमड़ा जनसैलाब, 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले के तीसरे दिन रविवार को पुनपुन पिंडदान स्थल जाहिदपुर पार्क और पकड़ी घाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही पिंडदानियों की लंबी कतारें लगी रहीं। इस दौरान तकरीबन 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण किया। पुनपुन पांडा समिति के सचिव रिंकू पांडे ने बताया कि पितृपक्ष के तीसरे दिन पिंडदान का विशेष महत्व होता है। अकाल मृत्यु वाले के लिए या खास दिन होता है,आज के दिन पंच तीर्थ ब्रह्मकुंड में चरण पिंडदान का विशेष महत्व शास्त्रों में बताया गया है। इसी कारण आज उत्तरी बिहार के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में पिंडदानी पुनपुन पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पुनपुन में पिंडदान के बिना गया का पिंडदान अधूरा माना जाता है। मान्यता है कि यहां पिंडदान करने से पितरों







को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि गया जाने से पहले श्रद्धालु पुनपुन में पिंडदान करना नहीं भूलते। मेले को लेकर जिला प्रशासन और पांडा समिति की ओर से व्यापक व्यवस्था की गई है। घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ स्वयंसेवक भी श्रद्धालुओं की मदद में लगे हुए हैं।श्रद्धालुओं में भी पितृपक्ष को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। कई श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे थे। पिंडदान के बाद श्रद्धालुओं ने पुनपुन नदी में स्नान कर दान-पुण्य भी किया। समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में भीड़ और बढ़ने की संभावना है। सप्तमी और अष्टमी तिथि पर पुनपुन में और अधिक भीड़ उमड़ने का अनुमान है।

### सामूहिक संवाद में पूर्व मंत्री आरसीपी सिंह ने कहा- आत्मविश्वास मजबूत रखें, असंभव शब्द शब्दकोश में नहीं

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटेल समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती व समाज के उज्ज्वल भविष्य को लेकर रविवार को पुनपुन के टड़वा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में सामूहिक संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ.एकजुट समाज, समृद्ध समाज पर आयोजित कार्यक्रम में समाज की शिक्षा, जागरूकता, प्रगति, राजनीतिक भागीदारी व संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई.कार्यक्रम में बिहार के 38 जिलों से समाज के लोगों की भागीदारी का आह्वान किया गया था.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने कहा कि समाज के लोगों के त्याग व




दृढ़संकल्प की बदौलत ही नीतीश कुमार बिहार में लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे. उन्होंने समाज के लोगों से आत्मविश्वास मजबूत रखने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मंत्री बेनी बाबू के कहने पर उन्होंने नीतीश कुमार का पीए बनना स्वीकार किया था व 24 वर्षों तक निःस्वार्थ भाव से उनके साथ रहे.आरसीपी सिंह ने नीतीश कुमार के केंद्रीय कृषि मंत्री रहते बनायी गयी कृषि नीति की सराहना करते हुए कहा कि इसकी पूरे देश में प्रशंसा हुई थी. उन्होंने कहा कि पटेल समाज के शब्दकोश में असंभव व हताशा जैसे शब्द नहीं हैं.समाज की आबादी को लेकर उठ रहे सवालों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पटेल समाज बिहार में जनसंख्या की दृष्टि से चौथे स्थान पर है व इसकी आबादी करीब 67 लाख है. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री वृषण पटेल, पूर्व विधायक पूनम देवी, प्रेम रंजन पटेल एवं पूर्व विधान पार्षद बाल्मीकि सिंह, समेत अन्य वक्ताओं ने भी समाज की एकजुटता व संगठन को मजबूत करने पर अपने विचार रखे. मौके पर पंकज कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, ओम सिंह, मनीष कुमार, संजय सिंह, वेद प्रकाश, पवन कुमार,श्याम किशोर सिन्हा, असीम कुमार , पालटन सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

# सेवा संकल्प अभियान के तहत कोटवा हाईस्कूल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**मोतिहारी/ कोटवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' की भावना के साथ कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के कोटवा हाईस्कूल परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया।इस अवसर पर सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा का अर्थ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि यह शिविर केवल स्वास्थ्य जांच का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जागरूकता, जनभागीदारी और जनसेवा का सार्थक प्रयास है।श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष ₹5 लाख तक का स्वास्थ्य कवर उपलब्ध है। उन्होंने 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से भी योजना का लाभ लेने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से गांवों तक



प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर भी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने क्षेत्र की माताओं और बहनों से गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा चिकित्सकों की सलाह का पालन करने का आग्रह किया।सांसद ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में हमारा दायित्व विकास कार्यों के साथ-साथ सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना भी है। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से जुड़े चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, कार्यकर्ताओं एवं सभी सहयोगियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में कल्याणपुर विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह, हिमांशु सिंह उर्फ गप्पू सिंह, बसंत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, शशिरंजन सहनी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ सांसद राधामोहन सिंह ने सुनी 'मन की बात'



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कल्याणपुर विधानसभा अंतर्गत कोटवा के बूथ संख्या-99 पर पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक उद्बोधन कार्यक्रम 'मन की बात' के 138वें संस्करण को सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से संवाद करते हुए सर्जिकल स्ट्राइक की 10 वीं वर्षगांठ के संदर्भ में भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम को याद किया। उन्होंने 28-29 सितंबर 2016 को नियंत्रण रेखा के पार जाकर आतंकवादी ठिकानों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ नीति को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ देश की सुरक्षा व्यवस्था और सशस्त्र बलों के योगदान को भी स्मरण किया। 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने आगामी जनगणना में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने जनगणना को देश के विकास और भविष्य की योजनाओं के लिए आवश्यक प्रक्रिया बताते हुए नागरिकों से इसमें सहयोग करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का भी उल्लेख किया और खिलाड़ियों के परिश्रम एवं उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने खेलों के माध्यम से देश के युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना मजबूत होने की बात कही। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भारत की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का भी उल्लेख किया तथा देशवासियों से अपनी विरासत को जानने, समझने और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। मोढेरा सूर्य मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने भारत की गौरवशाली परंपरा से नई पीढ़ी को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि 'मन की बात' देशवासियों के साथ प्रधानमंत्री जी के आत्मीय संवाद का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है, जिसके माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल, नवाचार और जनभागीदारी से जुड़े प्रयासों को व्यापक पहचान मिलती है। मौके पर कल्याणपुर विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह, हिमांशु सिंह उर्फ गप्पू सिंह, बसंत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, शशिरंजन सहनी, अन्य पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## साइबर सुरक्षा आज की आवश्यकता, सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार : राधामोहन सिंह

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी के राधाकृष्णन भवन में आयोजित साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने आम नागरिकों, युवाओं एवं विद्यार्थियों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया। श्री सिंह ने कहा कि डिजिटल तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराध की चुनौतियां भी बढ़ी हैं। साइबर अपराधी ङउ अपडेट, बैंक अधिकारी, नौकरी, इनाम, निवेश तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी अनजान व्यक्ति के दबाव में आकर पैसे




ट्रांसफर न करें और उसकी पहचान स्वतंत्र रूप से सत्यापित करें। उन्होंने नागरिकों से ओटीपी, यूपीआई पिन और पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूपीआई पिन पैसा प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि भुगतान करने के लिए दर्ज किया जाता है। सांसद ने कहा कि साइबर ठगी होने पर घबराने या चुप रहने के बजाय तत्काल 1930 पर संपर्क करें और शिकायत दर्ज करें। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट और सोशल मीडिया उपयोग के प्रति जागरूक करने का भी आग्रह किया।

### ड्यूटी पर तैनात बिजली कर्मी से मारपीट, सोने की चेन छीनने का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन में ड्यूटी के दौरान पेड़ की टहनियां छंटवा रहे बिजली विभाग के तकनीशियन के साथ मारपीट, जातिसूचक गाली-गलौज और सोने की चेन छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुनपुन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र के रौना गांव निवासी मिथिलेश कुमार पुनपुन विद्युत आपूर्ति प्रशाखा में तकनीशियन के पद पर कार्यरत हैं। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार शनिवार शाम 11 केवी पोठही ओल्ड फीडर में बार-बार ब्रेकडाउन की सूचना पर वह सहकर्मी सिद्धनाथ कुमार के साथ पेट्रोलिंग पर निकले थे।लखनपार गांव में टावर के पास एनके स्कॉट संस्था के समीप शीशम के पेड़ की टहनियां तार से टकरा रही थीं। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर टीम छंटाई करा रही थी।

## संसदीय चुनाव के पहले शिक्षकों के सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा को लागू कराएगा जनसुराज : प्रशांत किशोर

### विधान परिषद की आठ मे से सात सीटों पर उम्मीदवार घोषित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज पार्टी ने बिहार मे आठ सीटों पर हो रहे शिक्षक व स्नातक क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के चुनाव के लिए सात उम्मीदवार घोषित कर दिए है। एक सीट पर शीघ्र ही उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और चंपारण परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने आज यहां जारी एक बयान में दी। श्री ठाकुर ने बताया है कि पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार में बदलाव के लिए शिक्षक व स्नातक मतदाताओं से जन सुराज के उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि सातवीं वेतन आयोग की अनुशंसा को संसदीय चुनाव के पहले लागू करवाने, गैर शैक्षणिक कार्य से शिक्षकों को मुक्ति दिलाने , सभी विधान परिषद क्षेत्र के दस हजार बेरोजगारों को रोजगार दिलाने तथा वर्षों से अपनी अनेक समस्याओं से जूझ रहे वित्त रहित शिक्षकों की समस्याओं का बेहतर समाधान निकालने के लिए सभी आवश्यक कार्य किए जाएंगे। श्री ठाकुर ने बताया कि पार्टी के अध्यक्ष मनोज भारती के हस्ताक्षर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से दुबारा अफाक अहमद को उम्मीदवार बनाया गया है। कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से : श्री रजनीश रंजन ,पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से : डॉ दिव्या ज्योति, पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से : डॉ अनुज सिंह, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से : डॉ. सुरेश प्रसाद राय ,तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से : डॉ विमोहन कुमार तथा तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से : श्यामनन्दन कुमार यादव जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी बनाए गए है।

**निवर्तमान एमएलसी अफाक अहमद दुबारा बनाए गए सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार**

### राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में डॉ. राजीव कुमार सिंह ने हासिल की अखिल भारतीय 760 वीं रैंक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के अरेराज अनुमंडल क्षेत्र के झखरा गांव निवासी बृज किशोर सिंह के पुत्र डॉ. राजीव कुमार सिंह ने स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2026 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने 720 में से 574 अंक प्राप्त करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर 760वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे अरेराज क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सफलता की जानकारी मिलने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। डॉ. राजीव कुमार सिंह ने मुजफ्फरपुर स्थित कच्ची - पक्की के आईओएन डिजिटल जोन परीक्षा केंद्र पर नीट - पीजी की परीक्षा दी थी। सामान्य वर्ग में अखिल भारतीय स्तर पर शीर्ष एक हजार अभ्यर्थियों में स्थान प्राप्त करना उनकी प्रतिभा और मेहनत को दशार्ता है। उनकी सफलता से झखरा गांव सहित पूरे क्षेत्र के लोगों में उत्साह है।

## रोइंग क्लब में साइबर एवं ट्रैफिक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोइंग क्लब परिसर में साइबर अपराध एवं यातायात सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार सहित साइबर एवं ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आम लोगों को साइबर अपराध से बचाव, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा यातायात नियमों के पालन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक नागरिक को जागरूक और सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध कॉल या मैसेज पर अपनी बैंकिंग एवं व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचना चाहिए। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल संबंधित एजेंसी को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।विधायक कुमार ने कहा



कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। यातायात नियमों का पालन करके हम स्वयं के साथ-साथ दूसरे लोगों के जीवन की भी रक्षा कर सकते हैं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए। तेज गति, लापरवाही और नशे में वाहन चलाने से बचना चाहिए। कार्यक्रम में साइबर एवं ट्रैफिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों, ऑनलाइन लेन-देन में बरती जाने वाली सावधानियों, यातायात नियमों, सड़क संकेतों तथा सुरक्षित वाहन परिचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक रहें और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी साइबर अपराध तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जागरूक करें। कार्यक्रम में एएसपी प्रीतिश कुमार, साइबर इंस्पेक्टर मनीष कुमार एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर के साथ प्रकाश अस्थाना, सुधांशु रंजन के साथ बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पंकज कुमार सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विवेक गौरव ने किया।

## सिकरहना विधिज्ञ संघ चुनावः 8 अक्टूबर को मतदान, शाम तक आएगा परिणाम

**19 पदों के लिए 38 प्रत्याशी मैदान में, एक पद के लिए एक मतपत्र से होगा मतदान**

**घोड़ासहन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बार एसोसिएशन सिकरहना, ढाका के द्विवार्षिक चुनाव 2026-28 को लेकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। संघ के विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। निर्वाचन पदाधिकारी राजेश्वर प्रसाद ने बताया कि नामांकन पत्रों की छंटनी 28 सितंबर को होगी। प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 30 सितंबर को किया जाएगा।अध्यक्ष पदः रामबालक साह, सुरेशचंद्र यादव, मणिभूषण प्रसाद सिंह और गिरधारी उपाध्याय। उपाध्यक्ष पदः राधाकृष्ण कुमार, चंद्रशेखर पाण्डेय, जितेंद्र कुमार सिंह और राजा राम।महासचिव पदः अखिलेश्वर कुमार तिवारी, उमाकांत प्रसाद, सूर्य प्रकाश, सुधीर कुमार सिंह, सिकंदर कुमार यादव, बीरेंद्र कुमार और राकेश कुमार।संयुक्त सचिव पदः रविन्द्र कुमार सिंह, नंद कुमार, मुश्ताक अहमद, रामबालक प्रसाद यादव और राजेश कुमार। सहायक सचिव पदः कमलेश कुमार गौतम, सुशील कुमार, रविंद्र कुमार वर्मा, सतीश कुमार, विनोद कुमार, राजकिशोर बैठा और महेश प्रसाद।कोषाध्यक्ष पदः शिवजी कुमार तिवारी, मुरारी कुंजन और अखिलेश कुमार राम। कार्यकारिणी सदस्यः दिनेश कुमार, अवधेश कुमार रंजन, ओमप्रकाश कुमार, सुमन कुमारी, श्यामबाबू कुमार, अमित कुमार उपाध्याय, रामविनय सिंह और राजकिशोर प्रसाद यादव। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा।

## आमसभा में उठा प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा

**बनकटवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बनकटवा पंचायत भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर आमसभा आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार ने की। सभा में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित कर्मियों की मौजूदगी में आवास योजना की सूची और पात्र लाभुकों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। ग्रामीणों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही रहा कि जिन जरूरतमंद परिवारों का नाम किसी कारण से सूची से बाहर हो गया, उन्हें दोबारा योजना के दायरे में कैसे लाया जाएगा।आमसभा में ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक 1689496 तथा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के ज्ञापांक 2361 के आलोक में आवास प्लस सर्वे-2024 के तहत तैयार ड्राफ्ट सूची पर चर्चा की गई। बैठक में योजना से जुड़े दिशा-निदेर्शों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। सूची की समीक्षा के दौरान पात्रता और वंचित परिवारों से जुड़े सवाल भी सामने आए। बैठक में ग्रामीणों ने उन परिवारों की समस्या रखी, जिन्हें पात्र होने के बावजूद पूर्व सूची से बाहर किए जाने की बात कही गई। आमसभा में ऐसे योग्य एवं वंचित परिवारों के नाम पुनः सूची में शामिल कराने के लिए प्रस्ताव संख्या-3 के तहत प्रस्ताव पारित करने की बात सामने आई। अब वास्तविक चुनौती प्रस्ताव को कागज से निकालकर विभागीय प्रक्रिया में लागू कराने की है। बताया गया कि आमसभा से पारित प्रस्ताव और संशोधित सूची को आगे विभागीय प्रक्रिया के तहत भेजा जाएगा तथा आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड कराया जाएगा। आमसभा के निर्णय से उन परिवारों में उम्मीद जगी है जो आवास योजना के लाभ से वंचित होने का दावा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गरीब परिवार के लिए पक्का मकान केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जीवन की बड़ी जरूरत है। इसलिए सूची तैयार करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही, भेदभाव या अपात्र व्यक्ति के चयन की शिकायत सामने आती है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। आमसभा में प्रस्ताव पारित होने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब निगाहें प्रशासन और संबंधित विभाग पर हैं। सवाल यह है कि संशोधित सूची कब पोर्टल पर अपलोड होगी, कितने पात्र परिवारों के नाम जुड़ेंगे और कितने परिवार वास्तव में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पा सकेंगे। आमसभा में उठी मांगों का समयबद्ध निष्पादन ही इस पूरी प्रक्रिया की वास्तविक सफलता तय करेगा।

## नेपाल में भारी वर्षा एवं गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

### जिलाधिकारी ने सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल में भारी वर्षा तथा गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव ने संग्रामपुर अंचल के गांवों सहित गंडक नदी के किनारे वाले अधिकतर गांव का वाटर वोट से पेट्रोलिंग कर जायजा लिया। उनके साथ अपर समाहर्ता और बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल मोतिहारी के अभियंता भी थे। सभी तटबंध सुरक्षित हैं लेकिन नदी में पानी का ट्रेंड अभी भी बढ़ रहा है जिसको लेकर जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने तथा अगले कुछ घंटे में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने नदी तटीय क्षेत्रों में तत्काल माइकिंग कराने तथा सभी नदी किनारे के टोलों को निकटवर्ती आश्रय स्थल एवं सामुदायिक रसोई से टैग करने का निर्देश दिया है, ताकि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में लोगों को समय पर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके।

बाढ़ से संभावित प्रभावित क्षेत्रों में नावों की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नावों पर




लाल झंडा एवं आवश्यक बैनर/फ्लेक लगाने का निर्देश दिया गया है। सभी अंचलों में पर्याप्त मात्रा में पॉलिथीन शीट का स्टॉक रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला मुख्यालय से उपलब्ध कराने को कहा गया है। तटबंधों की निरंतर निगरानी एवं नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। अनुमंडल पदाधिकारियों को कमांडेंट से जवानों के संपर्क नंबर प्राप्त कर नियमित निगरानी में उनका उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया है।आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए एसडीआरएफ कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। आवश्यक समन्वय हेतु एडीएमओ को निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी ने मुखिया एवं अन्य पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें अद्यतन स्थिति से अवगत कराने तथा उनके माध्यम से आम लोगों तक आवश्यक सूचना पहुंचाने एवं स्थानीय फीडबैक प्राप्त करने का भी निर्देश दिया है। विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से एसडीपीओ एवं थानाध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर आकस्मिक परिस्थितियों में आवश्यक पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को आवश्यकतानुसार मेडिकल कैंप एवं एंबुलेंस को तैयार अवस्था में रखने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को संभावित स्थिति को देखते हुए पूर्व तैयारी, सतत निगरानी एवं त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### सिकरिया फार्मेसी कॉलेज में फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का समापन एवं विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिकरिया फार्मेसी कॉलेज में फामाकोविजिलेंस सप्ताह के सफल आयोजन के उपरांत भव्य समापन एवं विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु मरीन ड्राइव से अटल पथ, मोतिहारी तक एक जागरूकता रैली निकाली गई। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनता के वजन, ऊंचाई, बीएमआई, रक्तचाप एवं रक्त शर्करा की जांच की गई। मुख्य अतिथि सदर एस.डी.पी.ओ. दिलीप कुमार,संस्था सचिव यमुना सिकरिया, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. हीना चंद्रा, दरोगा मनीष कुमार, राधना कुमारी, प्राचार्या डॉ. प्रीति कुमारी दुबे द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया एवं आये हुए अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं शॉल देकर किया गया।

# जिलास्तरीय विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता आज से शुरू

## प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी शामिल होंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के अंतर्गत जिला स्तरीय विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है। खेल विभाग, बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता 28 सितंबर से 02 अक्टूबर 2026 तक जिले के विभिन्न निर्धारित खेल स्थलों पर आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 28 सितंबर को पूर्वाह्न




11:00 बजे गेट स्कूल खेल मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम की उद्घाटनकर्ता-सह-मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा होंगी। जिलास्तरीय विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी शामिल होंगे। संबंधित खेल विधाओं में निर्धारित संख्या के अनुरूप विद्यालय स्तर से चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, हॉकी, हैंडबॉल, रग्बी, खो-खो, भारोत्तोलन, ताइक्वांडो, कुश्ती (फ्री स्टाइल), कुश्ती (ग्रीको रोमन), कबड्डी, तीरंदाजी, बॉक्सिंग, योग, शतरंज, टेबल टेनिस, सेपक टकरा सहित विभिन्न खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता के प्रमुख आयोजन स्थलों में अनुग्रह इंटर विद्यालय खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम खेल परिसर तथा खेल भवन-सह-व्यायामशाला, गांधी मैदान, औरंगाबाद शामिल हैं। जिला स्तरीय विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के उभरते हुए खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा एवं क्षमता के प्रदर्शन का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं प्रोत्साहन के साथ-साथ विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिले के युवा खिलाड़ियों को बेहतर खेल अवसर उपलब्ध कराने तथा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण पहल है।

# अमझरशरीफ में पीएम आवास योजना की आम सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के अमझरशरीफ, अहियापुर, हसपुरा, डुमरा सहित विभिन्न पंचायतों में पीएम आवास योजना की सर्वेक्षित सूची को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। अमझरशरीफ में मुखिया पम्मी कुमारी, अहियापुर में अजित कुमार उर्फ चुनू शर्मा, डुमरा में सत्यभामा देवी ने आम सभा की अध्यक्षता की। अमझरशरीफ मुखिया पम्मी कुमारी ने बताया पंचायत के निर्धन , असहाय व भूमिहीन लोगों का पीए आवास योजना के लिए सर्वेक्षण कर सूची तैयार किया गया था। पंचायत सचिव अविनाश कुमार व आवास सहायक सुमन कुमारी ने बताया पंचायत में 262 अनुसूचित जाति व समान्य तथा अल्पसंख्यक वर्ग से 742 लोगों का सर्वेक्षित सूची में नाम दर्ज है। वहीं अहियापुर पंचायत सचिव अमित कुमार, आवास सहायक धीरज कुमार ने बताया की कुल 960 लोगों का सर्वेक्षित सूची में नाम दर्ज है। अमझरशरीफ के आम सभा में पैक्स अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रकाश चौधरी, उपमुखिया ताहिर कुरैशी, वार्ड सुमंगला यादव, पप्पू सिंह, हर्ष कुमार ने आम सभा को सुचारू रूप से सहयोग किया।

# बक्सी बिगहा में सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम, चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी की ओर से रफीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत बघौरा स्थित बक्सी बिगहा पंचायत सरकार भवन के समीप चिकित्सा जांच शिविर, लाभार्थी संवाद एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रफीगंज विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी सह जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। चिकित्सा शिविर में करीब 250 मरीजों का निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई। मरीजों की रक्त जांच, रक्तचाप, एक्स-रे, आंखों की जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन की जांच तथा दांत एवं मुख संबंधी समस्याओं का चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया। जरूरत के अनुसार मरीजों को दवाएं



भी उपलब्ध कराई गईं। आयोजकों के अनुसार शिविर में 100 मरीजों का एक्स-रे, 50 मरीजों का ब्लड शुगर तथा 85 मरीजों की मोतियाबिंद जांच रोमस्का आई हॉस्पिटल के सहयोग से की गई। शिविर में मगध के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार सिंह, शल्य चिकित्सक डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. संगम कुमार वर्मा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. जावेद, डॉ. वर्षा राय, डॉ. लालजी यादव सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह का योगदान रहा। कार्यक्रम में जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया, मुखिया गुड़िया देवी, मुखिया प्रतिनिधि अनुज कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, सुमन सिंह, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव एवं पंचायत अध्यक्ष सुधीर यादव सहित कई लोगों ने सहयोग किया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, विनय कुमार सिंह, पूर्व जिला पार्षद प्रफुल्ल सिंह, शुभम सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी संवाद और पौधारोपण के माध्यम से सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

# इमलीतल में सबसे अंत मे रखी जाती है ओखली

## दाउदनगर का नामी जिउतिया लोकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । अनंत चतुर्दशी के समापन के साथ ही दाउदनगर में नौ दिवसीय जिउतिया लोक उत्सव आरंभ हो गया है। शुक्रवार की रात कसेरा टोली चौक, पुरानी शहर चौक और बाजार चौक पर बने भगवान जीमूतवाहन के मंदिर में ओखली रखकर इस लोक उत्सव का आरंभ किया गया। पटवा टोली इमली तल सबसे अंत में ओखली रखी जाती है। यहां की देखरेख करने वाली कमेटी से जुड़े प्रशांत तांती ने बताया कि फिलहाल यह तय नहीं हुआ है कि किस दिन ओखली रखी



जाएगी। कसेरा टोली स्थित मंदिर में कांस्यकार पंचायत समिति द्वारा जिितिया लोकउत्सव शनिवार की रात्रि में मटकोर नकल के प्रदर्शन किया गया। कृष्णा प्रसाद कांस्यकार के घर से यह नकल निकलकर कसेरा टोली होते हुए चौक बाजार में मटकोर कर चौक पर जिितिया मंदिर में झूमर गाया गया। इसके बाद थाना होते हुए कसेरा टोली मंदिर में ओखली रख कर झूमर गा कर नकल प्रदर्शन किया गया। इस प्रस्तुति में महिला के रूप में स्वांग रचते हुए लकड़ी की ओखली रखी गयी। महिला के रूप में राकेश कांस्यकार, मुकेश कांस्यकार, राजा कांस्यकार, उमेश कांस्यकार, अनिल कांस्यकार, कृष्णा कांस्यकार शामिल रहे। पुरानी शहर चौक पर अध्यक्ष राम जी सोनी, आलोक शर्मा, सपना शर्मा, गोलू, संतोष अमन, गुड्डू सोनी, प्रभु के नेतृत्व में ओखली रखी गयी। चौक बाजार में पुजारी अमित पाठक ने पूजा अर्चना कराया। यजमान के रूप में प्रदीप प्रसाद व पवन कुमार रहे। आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पप्पू गुप्ता, वार्ड पार्षद सोनी देवी, उमेश कुमार, सतीश कुमार, मुन्ना प्रसाद, बन्नू कुमार, लव कुमार, कपिल प्रसाद, शालू कुमार, गुड्डू प्रसाद उपस्थित रहे।

# भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ की बैठक

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के तहत "सेवा मेरा योगदान" कार्यक्रम को लेकर हसपुरा निजी शिक्षण संस्थान में भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला वाणिज्य प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज परमार ने की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने और जनसेवा के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

इस दौरान रिशु कुमार को भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ का हसपुरा प्रखंड संयोजक नियुक्त किया गया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।

# विद्यालय में 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । प्रखंड के अभ्यास मध्य विद्यालय तरार में प्रधानाध्यापक मो. ऐनुल हक की अध्यक्षता में व मध्य विद्यालय तरारी में मो. परवेज आलम की अध्यक्षता में 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डॉ दिनेश वर्मा, शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक मो. ऐनुल हक ने पौधा एवं शॉल भेंट कर किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में नंदनी कुमारी ने प्रथम, प्रिय कुमारी ने द्वितीय और खुशबू कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों




के साथ प्रतियोगिता में शामिल अन्य प्रतिभागियों को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अश्विनी तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों के सपनों और कल्पनाओं में देश के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर दिखाई देती है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मकता, देश के प्रति जागरूकता और अपनी कल्पनाओं को अभिव्यक्त करने की क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया।

# साहित्यकार समागम में कवियों ने सामाजिक विसंगतियों पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद इकाई के तत्वावधान में साहित्यकार समागम के तहत इटवां रोड स्थित आईटीआई, हसपुरा के सभागार में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्रीनिवास मंडल ने की। गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भ्रष्टाचार, सामाजिक कुरीतियों, विसंगतियों और आम आदमी की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कविताओं के जरिए व्यवस्था की खामियों पर सवाल खड़े करने के साथ सामाजिक बदलाव की जरूरत और बेहतर समाज की आकांक्षा को भी स्वर दिया गया। इस अवसर पर प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल, सन्ना उल्लाह अहमद रिनवी, अम्बुज कुमार, गोपेन्द्र कुमार गौतम, शशिभूषण कश्यप, रविनन्दन, शमशाद आलम शम्स, सुधीर कुमार, मुमताज दानिश, राजेश कुमार विचारक एवं शम्भू शरण सत्यार्थी ने अपनी-अपनी कविताओं का पाठ किया। रचनाओं में जनजीवन की वास्तविक परिस्थितियों और आम आदमी की पीड़ा की प्रभावी अभिव्यक्ति देखने को मिली। कविता पाठ के दौरान सभागार में साहित्यप्रेमियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि साहित्य केवल मनोरंजन का माध्यम



नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने और बदलाव की चेतना जगाने का सशक्त माध्यम भी है। अंत में सत्यदेव सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए रचनाकारों, साहित्यप्रेमियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में साहित्यिक चेतना को मजबूत करने और नई पीढ़ी को रचनात्मक संवाद से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# किसी मुकदमे के गवाह न्याय के होते हैं आंख और कान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में युवा अधिवक्ताओं के पहल पर एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसका विषय था' विटनेस प्रोटेक्शन लिगल क्रेसिस ऑफ इंडिया" इस क्रार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने किया और संचालन कुणाल रंजन तथा प्रभात बांधुल्य ने किया। इस अवसर मुख्य अतिथि जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व सचिव नागेन्द्र सिंह, एपीपी महेन्द्र प्रसाद सिंह, वरीय अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद योगी, अकमल हसन, एपीपी कामता प्रसाद सिंह, चंद्रशेखर सिंह देव मौजूद थे। एपीपी देवी नंदन सिंह, राजनंदन प्रसाद, पूर्व लोक अभियोजक प्रमोद कुमार सिंह, विधि परामर्शी शेखर कुमार, निरज कुमार सिंह, क्षीतिज रंजन, अभिनंदन कुमार, रोशन कुमार, प्रयाग सिंह, अधिवक्ता



सतीश कुमार स्नेही सहित अन्य अधिवक्ताओं और अतिथिओ ने सर्वप्रथम दिवंगत वरीय अधिवक्ता प्रभात कुमार राय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा दो मिनट के मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सेमिनार के विषय पर चर्चा परिचर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी केस के गवाह न्याय के आंख और कान होते हैं। गवाहों के प्रभावित होते ही केस प्रभावित हो जाते हैं। गवाहों के सुरक्षा और उनके मुकर जाने समस्या को ध्यान रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय और नये कानूनों में महत्वपूर्ण पहल हुई है। गवाह सरंक्षण योजना -2018, नये अपराधिक कानुन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा -398 में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हर राज्य गवाहों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे। स्वंतत्र रूप से गवाही देना संविधान के अनुच्छेद 21 जीने के अधिकार का अनुपालन माना जाएगा। बाल गवाह, अशिक्षित, कमजोर, महिला और संवेदनशील गवाहों का संरक्षण कई विशेष कानून निहित है।

# जदयू विधि प्रकोष्ठ ने सम्मान समारोह आयोजित कर नेताओं व अधिवक्ता को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। विधि प्रकोष्ठ जनता दल (यू) नवादा की ओर से रविवार, 27 सितंबर को ग्राम बसगंडा, पोस्ट अकबरपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला जदयू अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद दांगी एवं पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रमोद कुमार को सम्मानित किया गया।



समारोह में उपस्थित जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों को सम्मानित करते हुए उनके सामाजिक एवं संगठनात्मक योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की गतिविधियों को समाज के बीच प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश जदयू के सचिव डॉ. सतीश कुशवाहा, हरि कृपाल, मंजूर आलम, प्रमोद सिंह, मोहन सिंह चंद्रवंशी, अधिवक्ता आदित्य राज मेहता, अधिवक्ता विनोद कुमार, नरहट प्रखंड अध्यक्ष गुलशन कुमार, जिला प्रवक्ता मनोज दांगी, कार्यालय सचिव लड्डू कुमार एवं अनुरोध प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन विधि प्रकोष्ठ से जुड़े कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया।

# विद्यालय अध्यापकों के सातवें वेतनमान की मांग, मंत्री रमा निषाद को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बिहार विद्यालय अध्यापक महासंघ की जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अतिथि गृह में बिहार सरकार की पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद से मुलाकात कर विद्यालय अध्यापकों को सातवें वेतनमान के अनुरूप पूर्ण वेतनमान एवं सेवा-सुविधाएं देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।



प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता, कार्य की प्रकृति, दायित्व और जिम्मेदारियों के अनुरूप पे लेवल-6 से लेवल-9 तक वेतन संरचना निर्धारित करने की मांग रखी। संघ ने कहा कि शिक्षक बच्चों के शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास के साथ ग्रामीण, पिछड़े और वंचित क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसटीएफबी ने कहा कि महासंघ अपनी मांगों को संवाद, तथ्य और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रख रहा है। मंत्री रमा निषाद ने प्रतिनिधिमंडल की बातें सुनीं और ज्ञापन स्वीकार करते हुए सरकार के स्तर पर विचार एवं आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रशान्त कुमार, जिला सचिव अभिमन्यु कुमार पाठक, जिला संगठन मंत्री मंतोष कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार पाण्डेय, जिला सह-संगठन मंत्री निभा कुमारी, जिला प्रवक्ता श्वेता सिंह, मो. सरफराज आलम, जितेंद्र कुमार सिंह, मुन्ना कुमार, विश्वविजय चतुर्वेदी, विद्या सिंह, आशा मल्होत्रा, पूजा कुमारी, मृत्युंजय कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।


बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

# बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान





प्राकृतिक आपदा एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित स्थानीय आपदाओं में पशुपालकों के पशुओं की मृत्यु की स्थिति में सरकार द्वारा सहाय्य अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। सहाय्य अनुदान के दावा एवं भुगतान की प्रक्रिया तथा दर निम्नवत है :

## आवेदन एवं भुगतान की प्रक्रिया

1 **पशु मृत्यु के पश्चात् अगर शव प्राप्त हो :**

(क) पशुपालक निकटतम पशु चिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दें तथा विहित प्रपत्र (प्रपत्र–क) में आवेदन दें।

(ख) आवेदन मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् सदस्य/सरपंच/पंच/वार्ड सदस्य द्वारा अग्रसारित होना चाहिये (प्रपत्र–क)। पशु चिकित्सा पदाधिकारी आवेदन अंचलाधिकारी को प्रेषित करेंगे।

(ग) अंचलाधिकारी प्रतिवेदन के अनुसार स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

2. **पशु शव प्राप्ति नहीं होने की स्थिति में :**

(क) पशुपालक स्थानीय थाना में पशु क्षति के संबंध में सनहा/प्राथमिकी दर्ज कराऐं।

(ख) पशुपालक सनहा/प्राथमिकी की प्रति संलग्न कर आवेदन अंचलाधिकारी को देंगे। अंचलाधिकारी राजस्व कर्मचारी/अन्य कर्मी से वास्तविक रूप से पशु क्षति संबंधी जाँचोंपरान्त स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई करेंगे (प्रपत्र–ग)।

(ग) अंचलाधिकारी पशु क्षति संबंधी सूचना को ससमय जिला पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे (प्रपत्र–ख/प्रपत्र–ग)। जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक जाँचोपरान्त अभिलेख स्वीकृत कराकर घटना के एक सप्ताह के अन्दर सहाय्य अनुदान का भुगतान किया जायेगा।

3. **अन्य आपदाओं यथा सुखाड़/वज्रपात/अग्निकाण्ड आदि की स्थिति में यथासंभव अन्त्य परीक्षण कराना आवश्यक होगा। बड़ी संख्या में एक ही स्थान में एक ही तरह की परिस्थिति में पशुओं की मृत्यु होने पर रैण्डम रूप से यथासंभव पाँच से दस प्रतिशत पशुओं/मुर्गियों का अन्त्य परीक्षण करते हुए मृत्यु का कारण निर्धारित किया जाएगा।**

टिप्पणी :

1. विहित प्रपत्र–क, ख एवं ग तथा विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया विभागीय वेबसाईट (https://state.bihar.gov.in/ahd), जिला पशुपालन कार्यालय एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है।
2. आवेदन में वांछित विवरण यथा नाम, पता, मोबाईल नं., आधार नं., मृत पशु से संबंधित विवरण, मृत्यु का कारण तथा बैंक खाता का ब्योरा इत्यादि अंकित रहना आवश्यक है।

## बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान की दर

| क्रं. | पशु का प्रकार | राशि प्रति इकाई | अधिकतम अनुमान्य (प्रति परिवार) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **दुग्धकारी पशु** क) गाय/भैंस/ऊँट/याक/मिथुन आदि | 37,500/– | 3 पशु तक सीमित | 1. आर्थिक रूप से उत्पादक पशुओं की वास्तविक क्षति के अनुसार सीमित होगी। 2. किसी अन्य सरकारी योजना से प्राप्त होने वाली सहायता (यथा एवियन इन्फ्लूएन्जा से पक्षियों की मृत्यु या अन्य बीमारियों से मृत्यु) की स्थिति में यह सहाय्य अनुदान देय नहीं होगा। |
| | ख) बकरी/भेंड़/सुकर | 4,000/– | 30 पशु तक सीमित | |
| 2 | **भारवाही पशु** क) बैल/ऊँट/घोड़ा आदि | 32,000/– | 3 पशु तक सीमित | |
| | ख) बछड़ा/खच्चड़/गदहा/टट्टु | 20,000/– | 6 पशु तक सीमित | |
| 3 | **पॉल्ट्री** | 100/– | अधिकतम सीमा 5000/– रूपये | |
| 4 | **घर के साथ संलग्न पशु शेड अग्निकांड हेतु** | 3,000/– | प्रति पशु शेड | |

विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612–2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612–2226049) से प्राप्त की जा सकती है।

@BiharDFARD

PR No.- 012670 (Animal)D. 2026-27

# जिलास्तरीय विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता शुरू, डीएम ने किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** राज्य सरकार के खेल विभाग, राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता रविवार से शुरु हुई। भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम की तुलना में कुछ पहले आयोजित की जा रही है। विक्रमशिला सेतु के 30 सितंबर से बंद रहने के निर्देश को देखते हुए प्रतियोगिता की तिथि 27 से 30 सितंबर निर्धारित की गई है, ताकि नवगछिया सहित जिले के सुदूर क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने में कठिनाई न हो। श्रीमती पांडेय ने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' जैसी पहल की गई है। जिला प्रशासन भी खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि भागलपुर जिले में उपलब्ध बेहतर खेल आधारभूत संरचनाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने तथा बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिले के प्रखंडों एवं गांवों में मनरेगा एवं बी.बी.जी.राम योजना के अंतर्गत खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली बच्चों में खेल प्रतिभाओं का विकास हो पाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि विद्यालयों के बच्चों को इन खेल मैदानों एवं उपलब्ध खेल संसाधनों से जोड़ते हुए नियमित रूप से खेल गतिविधियां आयोजित कराई जाएं, ताकि ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। इसके पहले जिला खेल पदाधिकारी शमीम अंसारी ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में तीस से अधिक विधाओं के खेल आयोजित किए जा रहे हैं। अभी तक करीब पच्चीस सौ खिलाड़ियों का निबंधन हो चुका है। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल, बॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो आदि टीमों के सभी खिलाड़ियों का पहुंचना शुरु हो गया है।




## तीन वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने रविवार को दो अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार वारंटियों में नावकोठी निवासी मो. मुख्तार, मो. इसामुल तथा समसा निवासी ललित कुमार पासवान शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मो. मुख्तार एवं मो. इसामुल नावकोठी थाना कांड संख्या 176/24 में प्राथमिकी नामजद हैं, जबकि ललित कुमार पासवान नावकोठी थाना कांड संख्या 113/15 में नामजद आरोपित है। तीनों लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। इस पर न्यायालय द्वारा उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वारंट के आलोक में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष मो. फिरदौस, एसआई मिथिलेश कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### श्रवण कुमार के नेतृत्व...

उद्देश्य स्पष्ट रहा है-महिलाओं को सहायता देकर उन्हें स्वरोजगार और आय के स्थायी साधनों से जोड़ना। आगे पांच किस्तों में दो लाख रुपये तक की सहायता तथा स्वरोजगार के विस्तार के लिए 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता के प्रावधान की घोषणा की गई है। श्रवण कुमार ने मंत्री पद संभालने के बाद दूसरी किस्त शीघ्र भेजे जाने की बात भी कही। इससे जीविका मॉडल को केवल सहायता वितरण से आगे बढ़ाकर उद्यम और आय सृजन से जोड़ने की कोशिश दिखाई देती है।

### हजारों करोड़ की मदद और बैंकिंग से जुड़ाव

जीविका के माध्यम से महिलाओं को सरकारी सहायता के साथ बैंक ऋण से जोड़ने पर भी जोर रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जीविका समूहों और परिवारों को 15 हजार से 17,300 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता तथा 62 हजार से 74,100 करोड़ रुपये तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया। ऋण की लगभग 99 प्रतिशत वापसी दर को जीविका मॉडल की वित्तीय अनुशासन की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। श्रवण कुमार का जोर इस बात पर रहा है कि महिलाएं साहूकारों और ऊंची ब्याज दर वाले कर्ज से निकलकर संस्थागत बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ें। यही कारण है कि जीविका के विस्तार के साथ बैंक सखी,बीमा और क्रेडिट लिंकेज को भी अभियान का हिस्सा बनाया गया।

### खेत-खलिहान से बाजार तक पहुंच

जीविका की भूमिका अब केवल बचत और ऋण तक सीमित नहीं है। गांवों में उत्पाद तैयार करने वाली महिलाओं को बाजार उपलब्ध कराने के लिए हाट-बाजार, सिलाई घर, प्रशिक्षण केंद्र और विभिन्न उद्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जीविका दीदियां अब दूसरे राज्यों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी प्रशिक्षण दे रही हैं। उत्तर प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, असम और राजस्थान में बिहार की जीविका दीदियों द्वारा प्रशिक्षण देना इस मॉडल के विस्तार को दर्शाता है। यानी बिहार की ग्रामीण महिलाएं अब केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों के लिए प्रशिक्षक की भूमिका में भी दिखाई दे रही हैं।

### हरियाली अभियान में महिलाओं की नई भूमिका

ग्रामीण विकास के इस मॉडल को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की कोशिश भी हुई है। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत 1.40 लाख से अधिक जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, 73 हजार से अधिक नई जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण, 13 हजार से अधिक चेक डैम और 14 हजार से अधिक सरकारी भवनों पर वर्षा जल संचयन संरचनाओं का उल्लेख किया गया है। वन विभाग के सहयोग से 21 करोड़ पौधों के पौधरोपण में भी जीविका दीदियों की भूमिका रही है। जीविका से जुड़ी महिलाओं द्वारा संचालित नर्सरियों ने पौध तैयार करने और रोजगार उपलब्ध कराने, दोनों स्तरों पर काम किया। इस तरह महिला सशक्तिकरण को पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया गया।

### आवास और मनरेगा के साथ ग्रामीण विकास का विस्तार

श्रवण कुमार के ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में कार्यकाल में आवास योजनाएं भी विभाग के प्रमुख एजेंडे में रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लाखों पक्के घरों के निर्माण के साथ प्रतीक्षा सूची और नए लक्ष्यों पर काम जारी है। पीएम आवास योजना से छूटे परिवारों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से सहायता देने की व्यवस्था की गई है। मनरेगा में रोजगार उपलब्ध कराने, मजदूरी भुगतान और योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने और योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। सामुदायिक भवन, शौचालय और ग्रामीण आधारभूत संरचना से जुड़े कार्य भी ग्रामीण विकास की इसी व्यापक तस्वीर का हिस्सा हैं।

### तटबंधों की निगरानी ...

प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि वैसे प्रकृति की स्थिति का शत-प्रतिशत पूर्वानुमान करना कठिन है लेकिन वर्तमान में स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बिल्कुल घबराएं नहीं, केवल सतर्क और सजग रहने की जरूरत है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण को ...

गई है। उन्होंने विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को तथ्यहीन बताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचन आयोग और न्यायालय महत्वपूर्ण संस्थाएं हैं। श्री चौधरी ने कहा कि मतदाता सूची एक गतिशील प्रक्रिया है जिसमें समय-समय पर नए पात्र मतदाताओं को जोड़ा जाता है तथा मृत्यु, स्थानांतरण और अन्य कारणों से आवश्यक संशोधन किए जाते हैं। निर्वाचन आयोग भी मतदाता सूची के नियमित पुनरीक्षण को इसी प्रक्रिया का हिस्सा बताता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की गति तेज हुई है। एक गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना, यह विपक्ष को नहीं पच रहा है। देश अच्छे से चल रहा है, विपक्ष को यह बात पसंद नहीं है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिये वे भ्रम फैलाने में लगे हैं। मुख्यमंत्री ने बिहार में आवास निर्माण सहित विभिन्न विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि गरीब एवं वंचित परिवारों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता मालिक है और जनता अपने मताधिकार के माध्यम से प्रतिनिधियों का चयन करती है। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे जनहित के मुद्दों के साथ जनता के बीच जाएं और तथ्यपरक तरीके से अपनी बात रखें।

## पुलिस अधीक्षक ने किया महादलित बच्चों से संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोइलवर (भोजपुर)।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने आज गीधा सामुदायिक भवन में बच्चे-बच्चियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। श्री दीक्षित ने नई आशा के सेतु केंद्र के बच्चे-बच्चियों एवं अलका सिलाई सह पढ़ाई केंद्र की बच्चियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अच्छे काम और बुरे काम की पहचान कीजिए। फिर अच्छी बातें और बुरी बातों को समझिए। ये समझ, आपके जीवन को बेहतर बनाकर पूरे परिवार को खुशहाल कर देंगे। श्री दीक्षित ने कहा कि आप लोग नियमित रूप से पढ़ाई कीजिए। पढ़ाई के बदौलत सबकुछ संभव है। आज पढ़ाई के कारण जिस जगह पर हम हैं, वहां आप भी आ सकते हैं। आप प्रयास कीजिए। व्यक्तिगत एवं प्रशासनिक रूप से आप सबों का भरपूर सहयोग करेंगे। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए पूछा कि ब्रश करने, स्नान करने, घर की सफाई करने और पढ़ाई करने से क्या लाभ है। जो व्यक्ति साफ-सफाई के साथ नहीं रहता या स्नान नहीं करता, उससे क्या हानि है। श्री दीक्षित ने बच्चों को समझाया कि आपके घरों में जो लोग गुटका, जर्दा या दारू का सेवन करके आते हैं, उनको समझाइए। उन्हें बताइए कि जो पैसे आप शराब में खर्च करते हैं, उससे घर के पैसे और आपके शरीर की बर्बादि होती है। समाज में आपकी और पूरे परिवार की बदनामी होती है। उन्होंने कहा कि इस टोला के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन खाता खोलने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने तत्काल जिलाधिकारी से वार्तालाप कर बताया कि इस टोले के सभी बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड शीघ्र बनेगा। श्री दीक्षित ने विकास मित्र धरमु राम को बताया कि यहां आधार कार्ड कैंप लगेगा। आप विशेष रूचि लेकर सभी बच्चों का आधार कार्ड बनवा दीजिए।

## चित्रगुप्त पूजन के साथ कायस्थ महासम्मेलन का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद चित्रांश महासभा के तत्वाधान में रविवार को महाराजा अग्रसेन भवन, लोहिया नगर में कायस्थ महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त के पूजन, गणेश वंदना एवं चित्रगुप्त वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. सक्सेना ने कायस्थ समाज के लोगों से नौकरी की तलाश तक सीमित न रहने और व्यवसाय के क्षेत्र में आगे बढ़कर दूसरों को रोजगार देने वाला बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी भागीदारी बढ़ानी चाहिए, ताकि वे स्वयं आत्मनिर्भर बनने के साथ अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर सकें। इस अवसर पर मंत्री ने 'कायस्थ शादी-विवाह डॉट कॉम' नामक वैवाहिक वेबसाइट का भी शुभारंभ किया। महर्षि यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सह अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कायस्थ समाज को शिक्षा के क्षेत्र में नई अलख जगाने की आवश्यकता है। शिक्षा ही समाज की प्रगति, जागरूकता और सशक्तिकरण का प्रमुख आधार है। उन्होंने समाज के लोगों से शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की अपील की। लोनी, गाजियाबाद के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि कायस्थ समाज के बिना समाज की परिकल्पना अधूरी है। कायस्थ परिवार केवल अपने परिवार की चिंता नहीं करता, बल्कि देश और समाज के विकास के लिए भी चिंतन करता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में चित्रगुप्त परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नंदग्राम, गाजियाबाद के नगर पार्षद वीरेंद्र त्यागी ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने में चित्रगुप्त परिवार का योगदान आज भी महत्वपूर्ण है। ऐसे महासम्मेलन सामाजिक समरसता, आपसी सहयोग और संगठनात्मक मजबूती को बढ़ावा देते हैं। महासम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से कायस्थ संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, तेलंगाना, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के कई शहरों से समाज के प्रतिनिधियों का आगमन हुआ। सम्मेलन में सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार, वैवाहिक संबंधों और समाज के सर्वांगीण विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का गाजियाबाद चित्रांश महासभा के अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव ने सम्मान एवं अभिनंदन किया। सम्मेलन के सफल आयोजन में महासभा के सदस्यों एवं महिला प्रकोष्ठ की सक्रिय भूमिका रही। अंत में महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नूपुर श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।




## 2047 तक ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** समाहरणालय के सभा कक्ष में विकसित ग्राम पंचायत योजना विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम श्री नवीन, डीडीसी शिप्रा विजय कुमार चौधरी आदि ओहदेदारों ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण शिविर का आगाज किया। एनईपी के निदेशक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, विभिन्न प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी तथा प्रखंड कर्मियों ने शिविर में हिस्सा लेकर अपना क्षमतावर्धन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत-जी राम जी के तहत 375 प्रकार की योजनाओं में से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं को चिन्हित कर विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करना है। तैयार प्लान को आगामी 02 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में पारित कराया जाएगा। इस पहल के तहत मुख्य रूप से जल सुरक्षा से संबंधित 128 योजनाएं, ग्रामीण आधारभूत संरचना से संबंधित 111 योजनाएं, आजीविका से संबंधित 98 योजनाएं तथा मौसम अनुकूलन से संबंधित 38 प्रकार की योजनाओं पर कार्य किया जाना है। डीएम ने कहा कि कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता और पंचायत तकनीकी सहायक स्थानीय आवश्यकताओं के अनुकूल योजनाओं का चयन करें। उन्होंने अधिक से अधिक मानव दिवसों के सृजन के साथ-साथ परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष बल दिया। पेयजल समस्या के समाधान हेतु विशेष रूप से कार्यक्रम पदाधिकारी अलीगंज एवं चकाई को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन एवं क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। श्री नवीन ने वर्ष 2047 तक ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीणों की आजीविका में सुधार लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डीडीसी ने विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में सभी तकनीकी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण के उपरांत अब प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंडस्तरीय कर्मियों को योजनाओं के उद्देश्यों तथा तकनीकी जानकारियों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही विकसित भारत-जी राम जी के तहत ली जाने वाली योजनाओं के संदर्भ में ग्रामीणों को जागरूक भी किया जाएगा। शिप्रा विजय कुमार चौधरी ने 2047 तक ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाये जाने के लिए यथोचित प्रयास किए जाने की बात कही। शिविर को कई जानकारों ने संबोधित कर नामित जनों का क्षमता वर्धन किए जाने के साथ उनका ज्ञानवर्धन किया।

## यात्री सुविधाओं की मांग को लेकर धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहिया/बिहार।** बनाही स्टेशन के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार और चार प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर रविवार को रेल यात्री कल्याण समिति, शाखा बनाही मंडल की ओर से धरना दिया गया। धरना की अध्यक्षता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर सिंह ने की और संचालन मोहम्मद साजिद खान ने किया। धरना में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए। सभी ने रेलवे प्रशासन और सरकार से मांगों पर जल्द पहल करने की मांग की। समिति की प्रमुख मांगों में पटना-बक्सर फास्ट पैसेंजर 53201/53202, टाटा-बक्सर एक्सप्रेस 18183/18184, मगध एक्सप्रेस 20801/20802 और विभूति एक्सप्रेस 13047/13048 का बनाही स्टेशन पर ठहराव शामिल है। इसके अलावा दोनों प्लेटफॉर्म का ऊंचीकरण और विस्तारीकरण, प्लेटफॉर्म पर पीसीसी ढलाई तथा स्टेशन परिसर में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने की मांग की गई। समिति ने पूर्व में भी नई मांगों पर भी कार्रवाई करने की मांग उठाई। धरना के बाद स्थानीय स्टेशन प्रबंधन के माध्यम से डीआरएम दानापुर को मांग पत्र सौंपा गया। इसके अलावा दानापुर विजिलेंस के माध्यम से दानापुर-हाजीपुर जोन और रेलवे बोर्ड, आरा जीआरपी तथा आरपीएफ को भी मांग पत्र दिया गया। धरना में शामिल जनप्रतिनिधियों को भी मांग पत्र सौंपकर अपने-अपने दल के माध्यम से रेलवे की मांगों को लागू कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया गया।

## जिलास्तरीय विद्यालय खेल महाकुंभ आज से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** जिला पदाधिकारी सह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री नवीन के निर्देश पर श्री कृष्णा सिंह स्टेडियम में चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिस्पर्धा की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला खेल पदाधिकारी परिमल ने बताया कि 28 सितंबर से 01 अक्टूबर तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ में जिले के वर्ग 06 से 12 तक के बालक एवं बालिका खिलाड़ी अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में 15 विभिन्न खेल विधाओं में अपना जौहर दिखाएंगे। प्रतियोगिता की अनिवार्यता के अनुसार बिना निबंधन जमा किए खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पहले दिन यानी 28 सितंबर को एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, शतरंज, योग और वुशू के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। दूसरे दिन यानी 29 सितंबर को फुटबॉल, कराटे, कुश्ती, कबड्डी (बालक वर्ग) तथा क्रिकेट के मैच होंगे। तीसरे दिन अर्थात 30 सितंबर को कबड्डी (बालिका वर्ग), ताइक्वांडो (बालक वर्ग), खो-खो और क्रिकेट अंडर-17 की स्पर्धाएं होंगी। प्रतियोगिता के अंतिम दिन यानी 01 अक्टूबर को रग्बी, ताइक्वांडो (बालिका वर्ग) और क्रिकेट अंडर-14 के मैच खेले जाएंगे। इस जिला स्तरीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो आगे चलकर प्रमंडल स्तर पर जमुई जिले की आधिकारिक टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले के खिलाड़ियों को प्रमंडल स्तर पर श्रेष्ठ परिणाम दिलाने के उद्देश्य से सभी खेल प्रेमी, शारीरिक शिक्षा शिक्षक और खेल प्रशिक्षक पूरी लगन के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिला स्तर पर विजयी एवं चयनित होने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप मेडल, शील्ड, प्रमाण पत्र और जर्सी प्रदान की जाएगी।

## खेत से महिला का शव बरामद

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज पुलिस ने दनई गाँव के पास धान के खेत से महिला का शव बरामद किया। शव की पहचान दनई गाँव के आशुतोष सोलंकी उर्फ सोनू सिंह की पत्नी वर्षा कुमारी के रूप में की गई। इस मामले में मुफस्सिल थाना अंतर्गत राभान बिगहा गांव निवासी मृतिका के भाई नर्वदा कुमार ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बहन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पति आशुतोष कुमार सोलंकी उर्फ सोनू सिंह, सास शारदा देवी, भैंसुर अमित कुमार सिंह, देवर किमन कुमार एवं अमित कुमार सिंह की पत्नी को नामजद आरोपित बनाया है। प्राथमिकी में उल्लेख किया है कि अपनी बहन वर्षा कुमारी की शादी छः वर्ष पूर्व किया था। शादी के एक वर्ष बाद से ही उक्त आरोपित कई बार मारपीट किए थे। जिसे लेकर हमलोगों के बीच समझौता हुआ था। इधर पांच दिनों से उसे बहुत ज्यादा परेशान किया जा रहा था। हमलोग पूछे तो वह बोली कि ये रोज का मामला है आपलोग कितना समझौता करवाएंगे। इनके दाम्पत्य जीवन से एक पुत्री एवं एक पुत्र हैं।

## नशा मुक्त युवा अभियान के तहत आरा में स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'नशा मुक्त युवा अभियान' के अंतर्गत रविवार को 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा गर्व' स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 100 सप्ताह के नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखते हुए उन्हें स्वास्थ्य, खेल, अनुशासन और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत, भोजपुर (बिहार) द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सदर अस्पताल, आरा के सहयोग से किया गया। शिविर के दौरान युवाओं एवं आमजन को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा स्वस्थ जीवनशैली, नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य तथा नशे से दूर रहने के महत्व पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर युवाओं को प्रेरित करते हुए जिला युवा अधिकारी माय भारत संजना वत्स ने कहा कि स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। यदि युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, कौशल विकास, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में लगाएंगे, तो भारत के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। इसलिए नशे के खिलाफ जागरूकता को जनआंदोलन का स्वरूप देना आवश्यक है। सिविल सर्जन भोजपुर डॉ शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि 'नशा मुक्त युवा अभियान' केवल जागरूकता का कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को स्वस्थ, जिम्मेदार और सकारात्मक जीवन की ओर ले जाने का निरंतर प्रयास है। युवाओं की भागीदारी से ही नशामुक्त, स्वस्थ और सशक्त भारत के संकल्प को मजबूत किया जा सकता है।

## विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** स्थानीय पुलिस केन्द्र में पुलिस प्रशासन की ओर से रविवार को जिले में दंगा नियंत्रण और विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा की उपस्थिति में आयोजित इस मॉक ड्रिल के दौरान दंगा अथवा किसी आकस्मिक विधि-व्यवस्था की स्थिति में पुलिस बल द्वारा की जाने वाली त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई, भीड़ नियंत्रण, उपद्रव की स्थिति से निपटने, संवेदनशील परिस्थितियों में बल के समुचित उपयोग तथा क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप विभिन्न परिस्थितियों में समन्वित कार्रवाई का प्रदर्शन किया। वरीय पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा मॉक ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में तत्परता, अनुशासन, आपसी समन्वय एवं प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य जिले की पुलिस बल की तत्परता, दक्षता एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करना है।

## 'स्वच्छता ही सेवा' अभिमान के तहत स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल की ओर से'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियां तेज कर दी गई है। इस अभियान के तहत मालदा मंडल के रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आज विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन एवं विरासत स्थलों को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाए रखने के महत्व को भी रेखांकित किया गया और ऐसे पर्यटन एवं विरासत स्थलों से जुड़े रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियों पर विशेष जोर दिया गया। ऐसे पर्यटन स्थलों से जुड़े विक्रमशिला, मंदार हिल, सुल्तानगंज सहित अन्य स्टेशनों पर स्वच्छता एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान स्वच्छ परिवेश बनाए रखने, जिम्मेदारीपूर्वक कचरा प्रबंधन, चार-बिन के माध्यम से कचरे के पृथक्करण तथा जनभागीदारी पर जोर दिया गया। इन पहलों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जिस प्रकार पर्यटन एवं विरासत स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना उनके आकर्षण एवं संरक्षण के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार इन स्थलों से जुड़े रेलवे स्टेशनों को भी स्वच्छ रखना यात्रियों एवं पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ऐतिहासिक स्थलों पर चला स्वच्छता अभियान

## विरासत संरक्षण का दिया गया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** समाहरणालय बेगूसराय के जिला जन-संपर्क कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत जिले में सार्वजनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करने और आमजन में स्वच्छता तथा विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गढ़पुरा स्थित नमक सत्याग्रह स्थल पर स्वच्छता एवं सामूहिक श्रमदान किया गया। स्वच्छता कर्मियों एवं संबंधित कर्मियों ने स्थल की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। गढ़पुरा का नमक सत्याग्रह स्थल बेगूसराय ही नहीं बल्कि बिहार के स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत इस ऐतिहासिक स्थल की साफ-सफाई के माध्यम से स्वच्छता के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इसी क्रम में वीरपुर प्रखंड अंतर्गत नौला गढ़ स्थित पाल कालीन ऐतिहासिक कुएं के परिसर में भी सामूहिक श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं कर्मियों द्वारा स्थल की सफाई करते हुए आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए ऐतिहासिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा इनके संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के माध्यम से जिले के सार्वजनिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों एवं महत्वपूर्ण परिसरों की स्वच्छता के साथ नागरिकों को स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# चार पंचायतों में 5079 आवास लाभुकों की सूची का सत्यापन

## ग्राम सभा में सार्वजनिक की गई संभावित लाभुकों की सूची, आपत्ति दर्ज कराने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत प्रखंड की चार पंचायतों में रविवार को ग्राम सभा आयोजित कर 5,079 संभावित आवास लाभुकों की सूची का सत्यापन एवं अनुमोदन किया गया। ग्राम सभा के दौरान लाभुकों के नाम सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाए गए। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत भवन एवं सूचना पट्ट पर भी सूची चस्पा की गई है। ग्रामीणों से अपील की गई कि सूची में किसी अपात्र व्यक्ति का नाम होने अथवा पात्र व्यक्ति का नाम छूट जाने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आपत्ति एवं शिकायत दर्ज कराएं। महेशवाड़ा पंचायत में मुखिया अजय सहनी, पहसारा पश्चिम में मुखिया नीवा देवी, रजाकपुर में मुखिया श्वेता भारती तथा नावकोठी पंचायत में मुखिया राष्ट्रपति कुमार की अध्यक्षता में ग्राम सभा हुई। महेशवाड़ा में 1,212, पहसारा पश्चिम में 1,211, रजाकपुर में 1,600 तथा नावकोठी पंचायत में 1,056 संभावित लाभुकों की सूची ग्राम सभा में रखी गई। नावकोठी पंचायत के मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। विधवा, दिव्यांग, निःसहाय तथा फूस की झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन परिवारों के पास पहले से पक्का मकान है, वे योजना के लाभ के पात्र नहीं होंगे।बताया गया कि पात्र लाभुकों के चयन के लिए वर्ष 2024 में पंचायत स्तर पर सर्वे कराया गया था। इसी आधार पर तैयार संभावित लाभुकों की सूची को ग्राम सभा में सार्वजनिक कर सत्यापन एवं अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी की गई।ग्राम सभा में पंचायत सचिव प्रवीर कुमार, चंदन कुमार, आवास सहायक ललन कुमार, पासवान, आलोक कुमार, सौरभ कुमार एवं प्रवीण कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## चौकीदार का निधन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के हलका संख्या-8 के चौकीदार राजेन्द्र पोद्दार के निधन से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक चौकीदार छतौना गांव निवासी 57 वर्षीय राजेन्द्र पोद्दार थे। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बीमारी के दौरान उनका निधन हो गया। राजेन्द्र पोद्दार के निधन की खबर मिलते ही नावकोठी थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों एवं चौकीदारों ने शोक व्यक्त किया। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राजेन्द्र पोद्दार अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और जिम्मेदार थे।

# रविवार को खुलीं बैंक शाखाएं, ग्राहकों की संख्या रही कम

## बैंकों में सामान्य दिनों की तरह हुआ कामकाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** सरकार के निर्देश पर रविवार को नावकोठी प्रखंड क्षेत्र की कई बैंक शाखाएं आम दिनों की तरह खुली रहीं। पंजाब नेशनल बैंक नावकोठी, यूको बैंक नावकोठी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया छतौना, बैंक ऑफ बड़ौदा तथा बिहार ग्रामीण बैंक पहसारा शाखा में निर्धारित समय पर बैंकिंग कार्य शुरू हुआ। अधिकारी और कर्मचारी समय पर शाखाओं में पहुंचे और ग्राहकों के जमा-निकासी, खाता संबंधी कार्य सहित अन्य बैंकिंग सेवाओं का निष्पादन किया। हालांकि, रविवार को बैंक खुलने की जानकारी का पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण अधिकांश शाखाओं में ग्राहकों की संख्या काफी कम रही। सामान्य दिनों में रविवार को बैंक बंद रहने की वजह से कई लोगों को शाखाएं खुले होने की जानकारी नहीं थी। इसके चलते इक्का-दुक्का ग्राहक ही बैंकिंग कार्य कराने पहुंचे। कई शाखाओं में कर्मी ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहे।

इस दौरान यूको बैंक नावकोठी का एटीएम भी चालू रहा। ग्राहकों को एटीएम से नकद निकासी सहित अन्य सुविधाएं मिलती रहीं। बैंककर्मियों ने बताया कि रविवार को शाखाएं खुलने की सूचना यदि पहले से लोगों तक पहुंचती तो बैंकिंग कार्य कराने वाले ग्राहकों की संख्या अधिक हो सकती थी।

# दो खोए मोबाइल धारकों को लौटाए

**लौटी मुस्कान**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** भगवानपुर थाना पुलिस ने सीइआईआर पोर्टल की मदद से दो खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किया। पुलिस ने बताया कि ग्राम रसलपुर निवासी अमरजीत पासवान और भगवानपुर निवासी अजय कुमार का मोबाइल फोन कुछ दिन पूर्व खो गया था। दोनों ने सीइआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा तकनीकी अनुसंधान कर दोनों मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया गया। शनिवार को थाना परिसर में सत्यापन के बाद मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिए गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर दोनों ने भगवानपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सीइआईआर पोर्टल आम लोगों के लिए काफी मददगार है। उन्होंने अपील की कि मोबाइल खोने या चोरी होने पर तुरंत सीइआईआर पोर्टल http: // www. ceir. gov.in पर शिकायत दर्ज करें।

# मूसलाधार बारिश से जलजमाव, फसलों पर संकट

## जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर जमा पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों की सड़कें और गलियां जलमग्न हो गई हैं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई जगहों पर सड़कों पर पानी जमा है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के नावकोठी, हसनपुर बागर, छतौना, वृंदावन, डफरपुर, पहसारा, महेशवाड़ा, रमौली, सैदपुर विष्णुपुर, देवपुरा, ररिऔना, समसा, करैयटार सहित विभिन्न गांवों में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। कई मोहल्लों की गलियों में भी पानी जमा रहने से ग्रामीणों को घरों से निकलने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों की सबसे बड़ी समस्या जल निकासी की है। नालियों एवं जल निकासी के स्थायी इंतजाम नहीं होने के कारण थोड़ी सी बारिश में भी सड़कें पानी से भर जाती हैं। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि बारिश के मौसम में जलजमाव की समस्या से निजात मिल सके।

**बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान**

लगातार हो रही बारिश का असर किसानों पर भी पड़ा है। खेतों में लगी फसलों पर बारिश का पानी जमा हो गया है। कई जगहों पर फसलें गिर गई हैं, जबकि निचले इलाकों के खेतों में पानी भर जाने से फसल खराब होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसान अरुण सिंह, तरुण सिंह, कुमोद सिंह, पृथ्वीराज सिंह, धुपेश्वर सिंह, अजय कुमार, चितरंजन सिंह, मुक्ति नारायण सिंह, सच्चिदानंद राय, मिथिलेश कुमार, रणवीर कुमार, अशोक सिंह, राम नंदन सिंह और शिवराज रजक ने बताया कि लगातार बारिश से खेतों में लगी फसल को काफी नुकसान पहुंच रहा है। किसानों ने कहा कि यदि बारिश का सिलसिला नहीं थमा तो इस बार किसानों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है और उनकी मेहनत की पैदावार बर्बाद होने की आशंका है।

# पिकअप-बाइक की टक्कर में महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनीगाछी (दरभंगा)।** खाली सिलेंडर लदी पिकअप से बाइक की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई. घटना 26 सितंबर शनिवार देर शाम की है. मृतक महिला की पहचान भालपट्टी निवासी गुल्लू पासवान की पत्नी अनीता देवी उम्र लगभग 36 वर्ष के रूप में हुई.घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मृतक महिला अपने किसी ग्रामीण के साथ सकरी से अपने घर भालपट्टी जा रही थी। इसी बीच बेहटा लालू चौक के नजदीक विपरीत दिशा से आ रही खाली गैस सिलेंडर लदी पिकअप की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक चालक सड़क किनारे दूर फेंका गया. वहीं महिला सड़क पर ही गिर पड़ी जिसे पिकअप ने रौंद दिया. घटना के बाद लोगों ने महिला को इलाज के लिए सकरी स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां बताया जाता है कि महिला की मौत हो गई. थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने इंकार करते हुए किसी तरह का कोई लिखित आवेदन नहीं दिया. लिखित आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हेतु 20 सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवकों का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के आदेश से राष्ट्रीय सेवा योजना कोषांग द्वारा पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2026 हेतु दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय के विभिन्न कॉलेजों के 110 से अधिक स्वयंसेवकों का विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रतियोगिता स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग में आयोजित किया गया, जिसमें हाइट माप, परेड, दौड़, सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण एवं साक्षात्कार आदि के आधार पर सर्वश्रेष्ठ 20 स्वयंसेवकों का चयन किया गया जो 29 सितंबर, 2026 को एएन कॉलेज, पटना में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ आर एन चौरसिया, वीएसजे कॉलेज, राजनगर की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बिभा कुमारी, के एस कॉलेज, दरभंगा के डॉ अमित कुमार सिन्हा, आरसीएस कॉलेज, मंझौल के डॉ कृष्ण कुमार पासवान, 8 बिहार बटालियन, एनसीसी, दरभंगा के सूबेदार जगत एवं हवलदार संदीप सिंह, लूटन झा कॉलेज, ननौर, मधुबनी के डॉ दिलीप कुमार झा, एलएनजे कॉलेज, झंझारपुर की डॉ रश्मि दत्ता, यू आर कॉलेज, रोसरा के डॉ श्याम सुन्दर शर्मा एवं डॉ अरुण कुमार राय, वरीय स्वयंसेवक मुकेश कुमार झा, सहायक अमित कुमार झा, कर्मी रवीन्द्र कुमार सिंह एवं सुमित कुमार आदि ने सक्रिय सहयोग किया। चयनित छात्रा स्वयंसेवकों में यू आर कॉलेज, रोसरा की कल्पना कुमारी एवं संजना रानी, जीकेपीडी कॉलेज, कर्पूरीग्राम की स्वाति कुमारी एवं श्रुति सिन्हा, के एस कॉलेज, दरभंगा से माधवी कुमारी एवं चांदनी कुमारी, एमएलएसएम कॉलेज, दरभंगा से श्रुति सानिया, आरसीएस कॉलेज, मंझौल से कौशकी कुमारी, एल एन जे कॉलेज, झंझारपुर से सलोनी कुमारी एवं एएनडी कॉलेज, शाहपुर पटोरी से गीतांजलि शर्मा तथा छात्र स्वयंसेवकों में के एस कॉलेज, दरभंगा के जनार्दन कुमार, केवीएस कॉलेज, उच्चैठ के रवि कुमार प्रधान, ए एन डी कॉलेज, शाहपुर पटोरी के आदित्य कुमार सिंह, बीआरबी कॉलेज, समस्तीपुर के आयुष्मान कुमार एलएनजे कॉलेज, झंझारपुर के सुमन कुमार पूर्वे, सीएम साइंस कॉलेज, दरभंगा के अर्णव राज, आरसीएस कॉलेज, मंझौल के सोनू, एपीएसएम कॉलेज, बरौनी के आशीष कुमार, आरबीएस कॉलेज, अंदौर के अमन कुमार एवं अजय नागराज के नाम शामिल हैं। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ आर एन चौरसिया ने बताया कि इन सभी स्वयंसेवकों को आगे के शिविरों में सफलता पूर्वक भाग लेने हेतु जरुरी जानकारी एवं प्रशिक्षण दे दी गई है। कहा कि प्रतियोगिता में चारों जिलों के बीस से अधिक महाविद्यालयों के 110 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिनका 10 दिनों का पूर्व गणतंत्र दिवस आवासीय परेड शिविर- 2026 नवंबर माह में डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 200 स्वयंसेवक भाग लेंगे। जहां से चयनित हुए स्वयंसेवक पूरे जनवरी माह में गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु दिल्ली में रहेंगे तथा 26 जनवरी, 2027 को कर्तव्य पथ पर सेना के साथ परेड में भाग ले लेंगे। चयन समिति के सदस्यों में विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक- प्रथम डॉ आर एन चौरसिया, 8 बिहार बटालियन, एनसीसी, दरभंगा के सूबेदार जगत, विश्वविद्यालय के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गीतेन्द्र ठाकुर, सीएम कॉलेज, दरभंगा के एनसीसी पदाधिकारी डॉ शैलेन्द्र श्रीवास्तव तथा एनजेएम, कॉलेज, दरभंगा की पूर्व एनसीसी पदाधिकारी डॉ रश्मि शिखा के नाम शामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत एवं दीप प्रज्वलन से, जबकि समापन राष्ट्रगान से हुआ। डॉ आर एन चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र को डॉ रश्मि दत्ता, डॉ कृष्ण कुमार पासवान, डॉ दिलीप कुमार झा, स्वयंसेवक शिवम ठाकुर आदि ने संबोधित किया। स्वागत संबोधन एवं संचालन मुकेश कुमार झा ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमित कुमार झा ने किया।

# एम्बुलेंस से 373 लीटर विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र से शनिवार के देर रात में निकलकर सामने आया। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक उजला रंग के मारुति सुजुकी कम्पनी का एम्बुलेंस पर शराब ढोने की सूचना मिली जिसकी सत्यापन के लिए छापेमारी के दौरान पुलिस की गाड़ी देखकर कारोबारी एम्बुलेंस छोड़कर फरार हो गया। सहयोगी पुलिस कर्मी के द्वारा पीछे करने के बावजूद भी कारोबारी भागने में सफल हो गया। हालांकि भागने वाले कारोबारी की पहचान वीरपुर गांव निवासी संजय सिंह के पुत्र जीवन गौतम उर्फ फूलना एवं संजीवन कुमार उर्फ सोनू बड़हरा गांव निवासी अशर्फी महतों के पुत्र बिनोद कुमार के रूप में की गई है। एम्बुलेंस से 37 कार्टून से 1776 एवं अलग से 300 बोतल सहित कुल 2076 बोतल से 373.680 लीटर विदेशी बरामद हुआ है जिस पर सेल इन चंडीगढ़ ओनली लिखा हुआ है। उपरोक्त कारोबारी गोपालगंज जिले के उचायकोट थाना कांड संख्या 366/26 में भी जीवन गौतम उर्फ फूलना आरोपी है जिसमें उसके एक साथी बबलू राय के पुत्र विक्कू कुमार पकड़ा गया था। वहीं इस मामले में भी मामला दर्ज कर संदिग्ध ठिकानों पर कारोबारियों की गिरफ्तारी के लिए जगह जगह छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल में पुअनि प्रभुनाथ शुक्ला, एवं सशस्त्र बल मौजूद थे।

# बिजली चोरी के आरोप में तीन पर प्राथमिकी

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत ऊर्जा चोरी की रोकथाम को लेकर विद्युत विभाग की टीम ने बुधवार को बलिया थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान तीन उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया। मामले में विभाग के कनीय विद्युत अभियंता सुनील कुमार ने बलिया थानाध्यक्ष को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। विभागीय पत्र के अनुसार तुलसी टोला, वार्ड संख्या-4 निवासी धनराज यादव पर मीटर का सील क्षतिग्रस्त कर विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने का आरोप है। उन पर कुल 59,335 रुपये की दंडात्मक राशि निर्धारित की गई है। वहीं भगतपुर, वार्ड संख्या-4 निवासी अनिल चौधरी तथा भगतपुर वार्ड संख्या-8 निवासी दिनेश ठाकुर पर एलटी पोल से अनधिकृत रूप से तार जोड़कर घरेलू परिसर में बिजली का उपयोग करने का आरोप है। दोनों पर 5,886-5,886 रुपये की दंडात्मक राशि निर्धारित की गई है।विभागीय टीम ने 23 सितंबर को छापेमारी कर कार्रवाई की। आवेदन के साथ तीनों मामलों का विवरण बलिया थाना को सौंपते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# छापेमारी के दौरान पुलिस पर हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में टेंट हाउस की आड़ में शराब की बिक्री और भंडारण की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर 187.02 लीटर विदेशी शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। इसी दौरान शराब के धंधे से जुड़े लोगों को छुड़ाने के प्रयास में कुछ लोगों ने पुलिस टीम पर डंडे, चप्पल और मुक्के से हमला कर दिया। घटना में एक पुलिस पदाधिकारी के साथ मारपीट करने और उनका पिस्टल छीनने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस के अनुसार, की सुबह गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि शुभम टेंट हाउस का संचालक धर्मेंद्र कुमार, जो अपने ससुर भागवत महतो के घर कमालपुर में रह रहा है, टेंट की दुकान की आड़ में शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान फूस की झोपड़ी में कपड़े से ढंके कई कार्टन में ऑफिसर्स च्वाइस एलीट व्हिस्की बरामद हुई। पुलिस के अनुसार शराब की कुल मात्रा 187.02 लीटर थी। मौके से धर्मेंद्र कुमार को हिरासत में लिया गया। पुलिस के आवेदन के अनुसार, पूछताछ में उसने टेंट हाउस की आड़ में शराब का कारोबार करने की बात बताई। शराब के साथ दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। पुलिस का आरोप है कि जब जब्त शराब और आरोपी को लेकर टीम थाना लौटने लगी, तभी कुछ पुरुषों और महिलाओं ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। आरोप है कि रविन कुमार ने पुलिस पदाधिकारी राहुल पासवान का पिस्टल छीनने का प्रयास किया, जबकि चुनचुन महतो ने चप्पल से हमला किया। अन्य लोगों पर डंडे से मारपीट करने का आरोप है। घटना के संबंध में पुलिस पदाधिकारी पल्लवी कुमारी के आवेदन पर धर्मेंद्र कुमार, रविन कुमार, चुनचुन महतो, मोती महतो की पत्नी, कुमोद कुमार सहित करीब 15 अज्ञात लोगों के विरुद्ध शराब रखने, बेचने व भंडारण करने तथा छापेमारी के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सदर अस्पताल गंगवाड़ा में चिकित्सा सुविधाओं का डीएम ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में आज सदर अस्पताल, गंगवाड़ा में मरीजों को बेहतर, सुलभ एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा विभिन्न चिकित्सा विभागों के संचालन को लेकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में उपलब्ध आधारभूत संरचना, चिकित्सा सेवाओं के संचालन हेतु तैयार किए जा रहे विभिन्न स्थानों तथा मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। बताया गया कि सदर अस्पताल, गंगवाड़ा में संस्थागत प्रसव, सिजेरियन प्रसव, शिशु चिकित्सा, हड्डी रोग, दंत चिकित्सक एवं सामान्य सर्जरी से संबंधित चिकित्सा सेवाओं के संचालन की दिशा में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इन चिकित्सा सेवाओं के प्रारंभ होने से



गंगवाड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में सामान्य उपचार के साथ-साथ आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध कराने की दिशा में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाएं, ताकि मरीजों को उपचार के लिए अनावश्यक रूप से दूर न जाना पड़े। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुविधा तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले सप्ताह तक अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं के संचालन से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं, ताकि निर्धारित सेवाओं को सुचारू एवं प्रभावी तरीके से प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने चिकित्सा उपकरणों, आवश्यक संसाधनों, मानव संसाधन तथा अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, स्वच्छता एवं बेहतर रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए आवश्यक साइनेज, बैठने की व्यवस्था, आवागमन की सुविधा तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर उपलब्ध आधारभूत संरचना एवं चिकित्सा सेवाओं के लिए तैयार किए जा रहे स्थानों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूरी करें। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार, प्रभारी उपाधीक्षक सदर अस्पताल गंगवाड़ा-सह-स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया नारायण, डीपीएम स्वास्थ्य प्रभात कुमार राजू, डीसीएम रवि कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# बिक्रम में राष्ट्रकवि दिनकर जयंती समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रम।** आधुनिक हिंदी साहित्य के महान कवि, चिंतक और सामाजिक चेतना के अग्रदूत राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती समारोह का आयोजन रविवार को बिक्रम के पाटलिपुत्र रिसॉर्ट में किया गया। इसके बाद राष्ट्रकवि दिनकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जगदीश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर कवि के साथ वे भारतीय जनमानस के स्वाभिमान, संघर्ष और राष्ट्रचेतना के सशक्त स्वर थे। उनकी रचनाओं में राष्ट्रप्रेम के साथ सामाजिक जिम्मेदारी, अन्याय के विरुद्ध प्रतिरोध और मानवीय मूल्यों की गहरी चिंता दिखाई देती है। समारोह में उपस्थित वक्ताओं द्वारा साहित्य, संस्कृति, राष्ट्रचेतना और सामाजिक सरोकारों पर गंभीर मंथन हुआ। अन्य वक्ताओं ने कहा कि समय बदल गया, परिस्थितियां बदल गईं, लेकिन दिनकर के विचारों की प्रासंगिकता कम नहीं हुई। उनकी रचनाएं आज भी युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों, संस्कृति और सामाजिक दायित्वों से जोड़ने का काम कर रही हैं। समारोह में साहित्य और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए चार विभूतियों को 'दिनकर सम्मान' प्रदान किया गया। प्रो. उदयराज 'उदय' को हिन्दी साहित्य, डॉ. कुमार मंगलम 'रणवीर' को हिन्दी कविता, आनंद प्रकाश विद्यार्थी को समाजसेवा तथा अजय कुमार को कुशल अध्यापन के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व मंत्री कार्तिकेय सिंह, पूर्व विधायक रीगा अमित कुमार टुन्ना, पूर्व विधायक राजापाकर प्रतिमा कुमारी दास, पत्रकार कौशलेंद्र प्रियदर्शी, धीरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक डॉ. संजीव कुमार तथा विकास सिंह सहित कई सहत्यप्रेमी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन चंदन कुमार ने किया।

# विकास को लेकर सरकार गंभीर : भगवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार में विकास योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने का काम चल रहा है। सरकार विकास को लेकर पूरी तरह गंभीर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहल के बाद विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में इन योजनाओं का व्यापक असर दिखाई देगा। यह बात बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने रविवार को जिला अतिथि गृह में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। मंत्री ने दावा किया कि वर्ष 2028 तक विकास योजनाओं के परिणाम बड़े स्तर पर दिखाई देने लगेंगे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कहीं-कहीं व्यावहारिक कठिनाइयां आती हैं लेकिन उन्हें दूर करने के लिए संबंधित विभाग लगातार काम कर रहे हैं। मंत्री ने राज्य सरकार के खजाने को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि यदि राज्य का खजाना खाली होता तो अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर वेतन और अन्य भुगतान कैसे किए जाते। सरकार निर्धारित प्रक्रिया के तहत वित्तीय कार्यों को संचालित कर रही है। जिले में विकास की काफी संभावनाएं हैं। सरकार यहां की जरूरतों और लोगों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है। बिहार के विकास की जो यात्रा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में आगे बढ़ी, उसी दिशा में सरकार विकास कार्यों को आगे ले जाने का प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को लेकर पूछे गए सवाल पर भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि वे अपने विभाग में बेहतर काम कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग पर उन्होंने कहा कि किसी को हटाकर किसी को बनाने की बात नहीं है। यदि किसी नेता के समर्थक या कार्यकर्ता ऐसी मांग करते हैं तो यह उनकी इच्छा है और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को भी महत्व दिया जाता है। प्रेस वार्ता के दौरान जदयू के जिला प्रवक्ता रवि सिंह, धर्मेंद्र वर्मा, रालोमो जिलाध्यक्ष अरुण मेहता सहित कई जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दुष्कर्म और पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 52 गिरफ्तार, देसी कट्टा और कारतूस बरामद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों द्यप 52 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 20 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार दुष्कर्म मामले में एक, आर्म्स एक्ट में एक, पॉक्सो में एक, हत्या के प्रयास में 15, मद्य निषेध अधिनियम के तहत चार तथा अन्य मामलों में 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 141.80 लीटर देसी शराब, एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1103 वाहनों से 96500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा छह वारंटों का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

# औरंगाबाद को मिलेगा नगर निगम का दर्जा : मंत्री

### नगर निगम का दर्जा मिलने से प्रशासनिक और शहरी पहचान होगी मजबूत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद नगर परिषद को नगर निगम का दर्जा देने की प्रशासनिक कवायद शुरू हो गयी है। यह बात बिहार सरकार की पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री सह प्रभारी मंत्री रमा निषाद की शनिवार को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक के बाद कहीं। मंत्री ने बताया कि नगर निगम गठन से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। प्रस्ताव सरकार के पास भेजने की दिशा में कार्रवाई की जायेगी। नगर निगम का दर्जा मिलने से औरंगाबाद की प्रशासनिक और शहरी पहचान मजबूत हो सकती है। मंत्री ने कहा कि नगर निगम बनने के बाद बड़े स्तर पर शहरी विकास योजनाओं और राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने की संभावना बढ़ सकती है। बड़े बजट के माध्यम से प्रमुख सड़कों के साथ-साथ गली-मोहल्लों में नाली, ड्रेनेज और सड़क निर्माण की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सकता है। हर घर तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने, जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने और नये जल स्रोत विकसित करने के लिए बड़े स्तर पर योजनाएं बन सकती हैं। घर-घर कचरा उठाव, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, सफाई व्यवस्था और कचरा प्रोसेसिंग की बेहतर व्यवस्था विकसित की जा सकती है। नये इलाकों में स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय, पार्क, सामुदायिक भवन और अन्य नागरिक सुविधाओं के विकास की क्षमता बढ़ सकती है। नगर निगम बनने से शहर के आसपास तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों को योजनाबद्ध शहरी ढांचे में लाने में मदद मिल सकती है। सड़क, आवास, बाजार और दूसरी सुविधाओं का विकास भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जा सकता है।शहर का विस्तार होने के साथ बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठान, सर्विस सेक्टर और निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद औरंगाबाद को नगर निगम बनने के साथ जिले के गोह, हसपुरा, ओबरा और अम्बा को नगर परिषद बनाने का प्रस्ताव भेजा जायेगा।

# सामूहिक दुष्कर्म और 50 हज़ार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सामूहिक दुष्कर्म और 50 हज़ार के इनामी बदमाश को नवीनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान थाना क्षेत्र के कुशा गांव निवासी बादल कुमार के रूप में की गई है। इसके खिलाफ 25 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें पीड़िता के परिजनों ने बताया था कि बादल कुमार और इसके मित्र शुभम पांडे ने नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के दूसरे दिन ही चिरैली गांव निवासी शुभम पांडे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि बादल फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार संबधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में रविवार की शाम पकड़ा गया। नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि बादल कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। यह शराब और हथियार के साथ अलग-अलग अपराधिक मामलों में पहले भी जेल जा चुका हैं। इसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज है। इधर, कई दिनों से नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म में फरार चल रहा था। इसी के मद्देनजर इसके खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा 50 हज़ार इनाम की घोषणा की गई थी। रविवार को यह पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

# हिंदी पखवाड़ा के तहत बीआरबीसीएल में रंगमंचीय प्रस्तुति

### हिंदी के प्रति सक्रिय भागीदारी राजभाषा के प्रति सकारात्मक वातावरण को मजबूत करती है : ए.जे. राजकुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भारतीय रेल एवं एनटीपीसी का संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लि. (बीआरबीसीएल) में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत रंगमंचीय प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.जे. राजकुमार रहे। इस अवसर पर शैडो ग्रुप द्वारा विविध रंगमंचीय प्रस्तुतियां दी गईं जिसमें कविताओं, कहानियों एवं नाटक का रंगमंच शामिल रहा। प्रस्तुतियों ने अपनी प्रभावशाली अभिव्यक्ति और जीवंत मंचन से दर्शकों का मन मोह लिया। शैडो ग्रुप द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम की सभी प्रस्तुतियों का निर्देशन निर्देशक मनोज नायर ने किया। कलाकारों ने अपनी अभिनय प्रतिभा और प्रभावी मंच प्रस्तुति के माध्यम से हिंदी साहित्य की विविध विधाओं को रंगमंच पर जीवंत किया। मुख्य अतिथि ए.जे. राजकुमार ने कलाकारों की सराहना करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बीआरबीसीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हिंदी के प्रति इस प्रकार की सक्रिय भागीदारी संस्थान में राजभाषा के प्रति सकारात्मक वातावरण को और मजबूत करती है। रंगमंचीय प्रस्तुति के दौरान उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों के प्रदर्शन का उत्साहपूर्वक आनंद लिया और तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम ने हिंदी पखवाड़ा के आयोजन को रचनात्मकता, साहित्य और कला से जोड़ते हुए एक यादगार रूप प्रदान किया।

# सीएसपी संचालक को गोली मारकर लूटने वाला आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** फ़ेसर थाना क्षेत्र के बद्री बिगहा और पिरौटा गांव के बीच में सीएसपी संचालक को गोली मारकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को पुलिस ने मोहनिया से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रोहतास जिले के अकोढ़ी थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने उसके पास से लूट की बाइक भी बरामद की है। घटना के बाद औरंगाबाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि लूट की वारदात में शामिल एक आरोपी बाइक से मोहनिया पहुंचा हुआ है। सूचना मिलने के बाद कैमूर एसपी के निर्देश पर मोहनिया, कुदरा थाना और डीआईयू की संयुक्तढ टीम गठित की गयी। संयुक्त पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर मोहनिया के पटना मोड़ के पास घेराबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से लूट की बाइक बरामद की गयी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद इसकी सूचना औरंगाबाद पुलिस को दी। इसके बाद औरंगाबाद पुलिस मोहनिया पहुंची और गिरफ्तार आरोपी को अपने साथ ले आयी। अब औरंगाबाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर लूटकांड में शामिल अन्य लोगों और घटना से जुड़े पहलुओं की जानकारी जुटा रही है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार इसकी गिरफ्तारी से लूट की अन्य घटनाओं का खुलासा होने की संभावना है।

## अंबा के पूर्व थानाध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी

**अंबा (नबिटा संवाददाता)।** जिले में खाकी पर लगे दाग और पदीय शक्ति के दुरुपयोग का मामला प्रकाश में आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रस्तुत परिवाद पत्र के आधार पर अंबा के पूर्व थानाध्यक्ष राहुल राज के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस कानूनी कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मच गया है। यह पूरा मामला अंबा थाना क्षेत्र के परता गांव निवासी श्याम किशोर मिश्र से जुड़ा है। परिवादी का आरोप है कि ठगी और गबन के खिलाफ शिकायत दर्ज करने से तत्कालीन थानाध्यक्ष राहुल राज ने प्राथमिकी दर्ज करने से साफ इनकार कर दिया था।

# सीएचसी-पीएचसी में निःशुल्क इसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। अब जिले के अनुमंडलीय अस्पताल एवं प्रखंडों के अस्पतालों में भी मरीजों को निःशुल्क ईसीजी जांच की सुविधा मिलेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को हृदय संबंधी शुरुआती जांच के लिए सदर अस्पताल या अन्य बड़े स्वास्थ्य संस्थानों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्थानीय स्तर पर जांच उपलब्ध होने से समय और यात्रा पर होने वाले खर्च की बचत होगी। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए भी यह सुविधा विशेष रूप से लाभकारी होगी। इस संबंध में जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम ने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में ईसीजी की सुविधा उपलब्ध होने से हृदय रोगों की समय पर पहचान और आवश्यक उपचार की दिशा तय करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभाग लगातार सुविधाओं का विस्तार कर रहा है। सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि ईसीजी हृदय की गतिविधि और धड़कन की स्थिति का पता लगाने वाली सरल एवं दर्दरहित जांच है। सीने में दर्द, धड़कन तेज या अनियमित होने जैसी शिकायतों में चिकित्सक ईसीजी की सलाह दे सकते हैं। जांच में किसी तरह की असामान्यता पाए जाने पर मरीज की स्थिति के अनुसार आगे की जांच और उपचार का निर्णय लिया जाता है। विदित हो कि जिले के सदर अस्पताल में इस जांच की सुविधा पहले से ही उपलब्ध थी। अब सभी प्रखंड मुख्यालय में स्थित अनुमंडल अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। हृदय संबंधी शिकायत वाले मरीज चिकित्सकीय परामर्श के बाद अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में यह जांच निःशुल्क करा सकते हैं। यह सुविधा पीपीपी माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है।

## अपहृत दो बहनों संग धराया आरोपित

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फ्री फायर गेम के माध्यम से अनजान युवक से दोस्ती करना दो बहनों को भारी पड़ गया। उत्तर प्रदेश के युवक ने दोनों बहनों को अपने चंगुल में फंसाया और उसका अपहरण कर लिया। अब शिकायत मिलने पर नरारी कलां थाना की पुलिस ने आरोपी को बनारस से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के नगर बाज़ार थाना क्षेत्र के देवापर गांव निवासी बालचंद चौधरी के पुत्र दीपक कुमार चौधरी के रूप में की गई है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि फ्री फायर गेम के माध्यम से ही दोनों बहनों भगाकर ले गया था।

# अभियुक्तों के घर पर चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के देवजरा थाना पुलिस ने दधपी गांव में एक मामले के नामजद अभियुक्तों के घर पर न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार चिपकाया। पुलिस के अनुसार गया जिले के अनुमंडलीय न्यायालय शेरघाटी द्वारा निर्गत आदेश पर नामजद अभियुक्त सुमित पाठक, सुशील पाठक एवं मीना देवी के घर पर यह कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष कुशो कुमार नेतृत्व में पुलिस टीम ने की। पुलिस टीम दधपी गांव स्थित अभियुक्त के घर पहुंची और न्यायालय से जारी इश्तेहार को नियमानुसार चस्पा किया। इस दौरान पुलिस ने आसपास के लोगों को न्यायालय के आदेश तथा अभियुक्तों के विरुद्ध चल रही कानूनी प्रक्रिया की जानकारी भी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी, शेरघाटी द्वारा जारी वारंट के आधार पर अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें अभियुक्तों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना होगा। यदि वह जल्द न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो न्यायालय के आदेशानुसार उसके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## गोलीबारी में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

**बारून(नबिटा संवाददाता)।** बारून थाना क्षेत्र के काजीचक नहर मार्ग के समीप हुई गोलीबारी मामले में घायल रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के पवनी गांव निवासी युवक रितिक कुमार के बयान पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी की है। रितिक ने पुलिस को दिए बयान में दो युवकों पर गाली-गलौज करने, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने तथा जानलेवा हमला कर गोली चलाने का आरोप लगाया है। वहीं दो अन्य युवकों पर पीछा करने का आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस घटना के कारणों और नामजद आरोपितों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# जीविका के 20 वर्ष पूरा होने पर आयोजित होगा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला अतिथि गृह में जदयू की दक्षिण बिहार महिला प्रभारी सुप्रिया रानी की उपस्थिति में जीविका के 20 साल बेमिसाल नीतीश संवाद कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक का संचालन महिला प्रकोष्ठ की निवर्तमान जिलाध्यक्ष मंजरी सिंह ने किया। इस क्रम में कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारियों, आयोजन की रूपरेखा तथा जीविका के बीच समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी सुप्रिया रानी ने कहा कि जीविका के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने जीविका से जुड़ी दीदियों के अनुभवों, उपलब्धियों और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को कार्यक्रम में प्रमुखता से प्रस्तुत करने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं के विकास के लिए जीविका का गठन, महिला सशक्तीकरण, स्वरोजगार, आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर भी प्रमुखता से बात रखी तथा कार्यक्रम स्थल, मंच व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत, सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीविका ने पिछले दो दशकों में ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम इस यात्रा की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम में संगीता प्रसाद, नीतू सिंह, ममता गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

